05 अप्रैल 2025 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार | वर्ष-31, अंक- 168, पृष्ठ-12 | चैत्र शुक्ल पक्ष 08, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते ₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

## वासंतिक नवरात्र

### अष्टमी : महागौरी



**मां दुर्गा** की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। नवरात्र के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कलुष धुल जाते हैं, पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप-संताप, दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। महागौरी की चार भुजाएं हैं। इनका वाहन वृषभ है। इनके ऊपर के दाहिने हाथ में अभय मुद्रा और नीचे वाले दाहिने हाथ में त्रिशूल है। ऊपरवाले बाएं हाथ में डमरू और नीचे के बाएं हाथ में वर-मुद्रा हैं। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है।

श्वेत वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बर धरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेव प्रमोददा॥

**मां** महागौरी ने देवी पार्वती रूप में भगवान शिव को पति-रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। एक बार भगवान भोलेनाथ पार्वती जी को देख कर कुछ ऐसी बात कह देते हैं जिससे देवी का मन आहत होता है और पार्वती जी तपस्या में लीन हो जाती हैं। इस प्रकार वर्षों तक कठोर तपस्यारत पार्वती जब वापस नहीं आयीं तो पार्वती को खोजते हुए भगवान शिव उनके पास पहुंचते हैं। शिव वहां पहुंचे तो पार्वती को देखकर आश्चर्य चकित रह जाते हैं। पार्वती जी का रंग अत्यंत ओजपूर्ण होता है, उनकी छटा चांदनी के समान श्वेत और कुन्द के फूल के समान धवल दिखाई पड़ती है, उनके वस्त्र और आभूषण से प्रसन्न होकर देवी उमा को गौर वर्ण का वरदान देते हैं। अष्टमी के दिन महिलाएं अपने सुहाग के लिए देवी मां को चुनरी भेंट करती हैं।

# पलामू सांसद आईपीयू के 150वें अधिवेशन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ ताशकंद रवाना

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में करेंगे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व

- पलामू के लिए गर्व का क्षण
- पलामू से ताशकंद तक प्रतिनिधित्व
- दुनियाभर के सांसद होंगे शामिल
- लोकतांत्रिक संवाद को मिलेगा बल
- सांसद ने जताया पीएम को धन्यवाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ उज्बेकिस्तान के ताशकंद के लिए रवाना हुए। वे वहां 5 से 9 अप्रैल 2025 तक आयोजित अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के 150वें अधिवेशन में भाग लेंगे।

इस अधिवेशन में भाग लेने के लिए सांसद विष्णु दयाल को पुनः भारत की ओर से नामित किया गया है, जो पलामू और गढ़वा के लिए गर्व की बात है। सांसद ने इस अवसर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रति आभार प्रकट किया।



अंतर-संसदीय संघ एक वैश्विक संसदीय संगठन है जिसकी स्थापना 1889 में हुई थी। यह मंच दुनियाभर के सांसदों के बीच संवाद, सहयोग, शांति और प्रतिनिधिक लोकतंत्र को सशक्त करने का कार्य करता है। वर्तमान में इसमें लगभग 180 देशों के संसद सदस्य शामिल हैं। सांसद विष्णु दयाल इससे पूर्व भी 142वें से लेकर 149वें अधिवेशनों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। कोविड-19 के दौरान 142वां अधिवेशन वर्चुअल रूप में हुआ था, जबकि अन्य अधिवेशनों में उन्होंने स्पेन, इंडोनेशिया, रवांडा, बहरीन, लुआंडा और जिनेवा में भाग लिया।

सांसद ने कहा कि यह मेरे लिए अत्यंत सम्मान की बात है कि मुझे एक बार फिर भारत और अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। यह अवसर पलामू के हर नागरिक का सम्मान है।

उन्होंने विश्वास जताया कि इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की आवाज मजबूती से गूंजेगी और लोकतंत्र के वैश्विक विमर्श में भारत की भूमिका और अधिक सशक्त होगी।

# रामनवमी को लेकर प्रशासन सतर्क

- पलामू डीसी ने दंडाधिकारियों की तैनाती कर दिए सख्त निर्देश
- बिना लाइसेंस जुलूस व मानकों से अधिक डीजे साउंड पर होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पलामू जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। जिलाधिकारी शशि रंजन ने जिले भर में दंडाधिकारियों की तैनाती करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

डीसी ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को विभिन्न प्रखंडों में फ्लैग मार्च के लिए भेजा गया है।





इन मार्चों के माध्यम से आमजन से अपील की जा रही है कि वे पर्व को शांतिपूर्वक मनाएं और प्रशासन को सहयोग करें। डीसी शशि रंजन ने कहा कि पर्व के दौरान किसी प्रकार की अराजकता या अशांति फैलाने की कोशिश करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति या लाइसेंस के निकाले गए जुलूसों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही डीजे साउंड के लिए भी पूर्व निर्धारित मानकों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

जिलाधिकारी ने सभी अखाड़ा समितियों को विशेष निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे अपने-अपने सदस्यों पर नजर रखें और किसी भी संदिग्ध या गैरकानूनी गतिविधि की सूचना तुरंत दंडाधिकारी या पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि सभी अखाड़ा समितियों को अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करना होगा। प्रशासन द्वारा जिले के संवेदनशील इलाकों में ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की तकनीकी टीम निगरानी बनाए हुए है, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या भड़काऊ सामग्री को समय रहते रोका जा सके।

डीसी ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करते हुए रामनवमी को मिलजुल कर, प्रेम और शांति के साथ मनाएं।

## स्थापना दिवस समारोह के बहाने झामुमो ने दिखाई ताकत, सीएम ने कहा -

# मुझे जेल भेजकर भाजपा लोकसभा चुनाव लड़ी, बाहर रहता तो कुछ और बात होती

- अब हर गांव में मुख्यमंत्री आपके द्वार शिविर किया जाएगा आयोजित
- प्रखंड से लेकर जिला के नेताओं को मिला मंच

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि जिला और प्रखंड के बाद अब हर गांव में मुख्यमंत्री आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला से लेकर पंचायत स्तर के पदाधिकारी शिविर में जाएंगे। भाजपा पर हमला बोलते हुए सीएम ने कहा कि अगर लोकसभा चुनाव के दौरान उसे जेल नहीं भेजते तो विधानसभा की तरह भाजपा को लोकसभा में भी सीटें खोजनी पड़ती। वे शुक्रवार को हजारीबाग में झामुमो के 46 वें स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर झामुमो ने शक्ति प्रदर्शन भी किया। 17 साल के भाजपा के शासन पर सीएम ने तंज कसते हुए कहा कि राज्य में लोग भूख, बेरोजगारी, पलायन तथा भ्रष्टाचार से परेशान थे। 2019 में और 2024 ने भाजपा सरकार को लोगों ने उखाड़ फेंका, आने वाले दिनों में भी उन्हें राज्य में सत्ता नसीब नहीं होगी। झारखंड आंदोलनकारियों को स्मरण करते हुए सीएम ने अपने पिता शिबू सोरेन, स्व. बिनोद बिहारी महतो, स्व. निर्मल महतो के योगदान को याद किया। कहा कि अलग राज्य के लिए 40 से अधिक वर्षो तक संघर्ष किया। इस दौरान सैकड़ों महिलाओं का सिंदूर उजड़ गया, सैकड़ों शहीद हुए। राज्य अलग हुआ और झारखंड के लोगों में खुशी की लहर दौड़ी। अब विकास होगा।



### 17 सालों में केवल विनाश हुआ

भाजपा के शासनकाल के 17 सालों में केवल विनाश हुआ, लोग लूटने में लगे रहे। केंद्र पर तंज करते हुए कहा कि 40 प्रतिशत खनिज संपदा है। परंतु यहां के मूलवासी रोजगार के लिए देश के बाहर जा रहे हैं और बाहरी राज कर रहे हैं।

### साइबर ठगी पर भी दी नसीहत

साइबर ठगी पर भी सीएम ने नसीहत दी। कहा कि बेईमान लोग आपको पैसे डबल करने के नाम पर फोन करेंगे, परंतु उनके चाल में फंसना नहीं है। जो पैसे दिए जा रहे हैं, उसका उपयोग आदिवासी-मूलवासी को अपने परिवार को चलाने, खेती बारी करने और आर्थिक स्थिति को ठीक करने में लगाएं। वृद्धा पेंशन पर कहा कि जो भी सरकारी सेवक लापरवाही बरतेगा, उसे अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा। सीएम ने आश्वस्त करते हुए कहा कि आपका राज्य सुरक्षित हाथों में है। मूलवासी, आदिवासी के हाथों में है। रांची के सिरमटोली में हुए मामले में बिना किसी का नाम लेते हुए सीएम ने कहा कि कुछ आदिवासी बाहरियों के एजेंट बन गए हैं, उनके झांसे में ना आएं। समारोह को मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, योगेंद्र महतो, महासचिव विनोद पांडेय, फागु बेसरा आदि ने भी संबोधित किया।

# डीआईजी वाईएस रमेश, इंद्रजीत महथा व गुमला एसपी शंभू सिंह को मिला आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक







**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू रेंज के डीआईजी वाईएस रमेश समेत झारखंड के 18 आईपीएस अधिकारी को उत्कृष्ट पुलिसिंग और आंतरिक सुरक्षा में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक' से सम्मानित किया गया है। वर्ष 2022 में उनके द्वारा निभाई गई अहम भूमिका को देखते हुए उन्हें यह राष्ट्रीय स्तर का सम्मान प्रदान किया गया है।

पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, झारखंड में तैनात कुल 18 आईपीएस अधिकारियों को यह पदक दिया जा रहा है। सूची में डीआईजी रमेश का नाम भी शामिल है, जिन्हें लोकसभा चुनाव के दौरान पलामू रेंज की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इससे पहले वे पलामू जिले में एसपी के पद पर भी कार्य कर चुके हैं।

इस सम्मान के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चयनित अधिकारियों में पलामू में सेवाएं दे चुके कई वरिष्ठ अफसर शामिल हैं। इनमें वर्तमान में डीआईजी (जगुआर) के पद पर कार्यरत इंद्रजीत महथा, गुमला के वर्तमान एसपी शंभु कुमार सिंह और सेंट्रल डेपुटेशन में तैनात के विजय शंकर भी शामिल हैं।

इसके अलावा, प्रशिक्षण काल में पलामू में रह चुके आईपीएस अधिकारी मोहम्मद अर्शी, प्रशांत आनंद और राजकुमार मेहता को भी यह पदक प्रदान किया जा रहा है।

यह सम्मान न केवल इन अधिकारियों की निष्ठा और समर्पण का प्रतीक है, बल्कि यह भी दशार्ता है कि पलामू जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में प्रभावशाली पुलिसिंग संभव है।

# बोकारो स्टील प्लांट के जीएम एचआर गिरफ्तार

**रांची/बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के सामने नौकरी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे विस्थापित अप्रेंटिस संघ के एक युवक की लाठीचार्ज में मौत के बाद से माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। बोकारो की डीसी विजया जाधव के आदेश पर बीएसएल के जीएम (एचआर) हरी मोहन झा को गिरफ्तार कर लिया गया है। दूसरी तरफ बीएसएल प्रबंधन ने भरोसा दिलाया है कि अप्रेंटिस प्रशिक्षण पूरा कर चुके अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं को 21 दिन के भीतर पद सृजित पर तीन माह के अंदर नियुक्त पत्र दे दिया जाएगा। साथ ही प्रबंधन ने मृतक 24 वर्षीय प्रेम महतो के परिजनों को 20 लाख का मुआवजा और एक सदस्य को नियोजन देने का वादा किया है। यह जानकारी बोकारो जिला प्रशासन ने प्रेस नोट के जरिए दी है। दरअसल, 3 अप्रैल को अपनी मांगो के लिए प्रदर्शन कर रहे विस्थापित अप्रेंटिस संघ के लोगों ने जनरल शिफ्ट में ड्यूटी कर बाहर **शेष पेज 11 पर**

# रामनवमी पर शांति व्यवस्था को लेकर आईजी व डीआईजी ने की समीक्षा बैठक

**मेदिनीनगर।** रामनवमी पर्व को लेकर पलामू प्रमंडल में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमंडलीय आईजी सुनील भास्कर व डीआईजी वाईएस रमेश ने संयुक्त रूप से की।

बैठक में प्रमंडल के तीनों जिलों पलामू, गढ़वा और लातेहार–के पुलिस अधीक्षक समेत अन्य वरीय पुलिस अधिकारियों ने वीसी के माध्यम से हिस्सा लिया। आईजी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पर्व के दौरान हर स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जाए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच, ड्रोन से निगरानी और संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। डीआईजी रमेश ने अधिकारियों को साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने और अफवाहों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जुलूस मार्गों की पहले से पहचान कर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। आईजी सुनील भास्कर ने बताया कि पुलिस अधीक्षकों तक निर्देश दिया गया है। सभी एसपी से कहा गया है कि किसी भी अस्थायी लाइसेंसधारी को जुलूस निकालने की अनुमति देने से पहले पूरी जांच कर ली जाए और उनसे लिखित बंधपत्र भी लिया जाए। किसी भी गतिविधि की जानकारी मुख्यालय को तत्काल देने का भी निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया की सतत निगरानी, रात्रि गश्त और पुलिस बल की सतर्क उपस्थिति अनिवार्य बताई गई है।



# झारखंड में 21 जगहों पर ईडी का छापा, मचा हड़कंप

- पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के आप्त सचिव के ठिकानों पर भी पड़ा छापा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार की सुबह झारखंड में कई जगहों पर अचानक ईडी की छापेमारी से हड़कंप मच गया। ईडी की अलग-अलग टीमें झारखंड में 21 जगहों पर छापेमारी कर रही हैं। प्रर्वतन निदेशालय ने पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के आप्त सचिव और राजधानी के दो ठिकानों समेत देश के कुल 21 इलाकों में छापा मारा है। ये कार्रवाई आयुष्मान भारत योजना घोटाले में की गयी है। रांची के बरयातू थाना क्षेत्र स्थित अरविंद मार्ग के रश्मि एनक्लेव और रामेश्वरम लेन के श्यामा एनक्लेव में थर्ड फ्लोर पर रहने वाले सुजीत यादव के ठिकानों पर यह रेड पड़ा है। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, ईडी ने यह छापेमारी आयुष्मान भारत योजना में हुई गड़बड़ी मामले में की गई है। ईडी की टीम सुबह से ही रांची के अशोक नगर, पीपी कंपाउंड, एदलहातू, बरियातू, लालपुर और चिरौंदी में छापेमारी कर रही है। आयुष्मान भारत योजना में हुई गड़बड़ी के मामले में भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट (सीएजी) संसद में पेश की गयी थी। इसके बाद ईडी ने इसीआईआर दर्ज की थी।

सीएजी की रिपोर्ट में झारखंड में आयुष्मान योजना में गड़बड़ी करने का उल्लेख किया गया था। सीएजी की रिपोर्ट **शेष पेज 11 पर**



## आज | कल





## इंडिया

# कालजयी फिल्मकार मनोज कुमार को अप्रासंगिक करने वाले बॉलीवुड में दक्षिण का जोर

**बॉ**लीवुड के दिग्गज एक्टर मनोज कुमार के 87 साल की उम्र में निधन से एक युग का अंत हो गया है। कुछ दिनों से वे फिल्म निर्माण में सक्रिय नहीं थे पर शोर, उपकार, पूरब-पश्चिम, क्रांति और रोटी-कपड़ा और मकान जैसी सुपरहिट कालजयी फिल्मों के माध्यम से उन्होने भारतीय जनमानस पर अमित छाप छोड़ी है और आज भी रेडियो,टीवी या यूट्यूब पर उनकी फिल्मों के गाने सुनकर लोग मंत्र मुग्ध हो जाते हैं। आज के व्यावसायिक दौर में जब बॉलीवुड सिर्फ पैसे बनाने के व्यवसाय के रूप में विकसित होता गया मनोज कुमार की फिल्मों के गाने मेरे देश की धरती सोना उगले(उपकार),एक प्यार का नग्मा है मौजों की रवानी है(शोर),भारत का रहने वाला हूँ भारत की बात सुनाता हूं(पूरब पश्चिम),महंगाई मार गई(रोटी-कपड़ा और मकान) एक सुखद और प्रेरक अनुभूति ही नहीं जगाते वरन भारत में सिनेमा के प्रारंभिक दौर में पत्रकारिता की तरह इसे एक जिम्मेदारी और समाज को दिशा देने का माध्यम समझा जाता था जिसमें विषय से लेकर सभी पात्र धार्मिक ग्रंथों की तरह आदर्श चरित्र उपस्थित करते थे न कि आज की तरह माफिया,डॉन और आपराधिक छवि के लोगों को हीरो बनाने की कोशिश करते थे। वर्ष 1967 में मनोज कुमार की एक फिल्म आई थी उपकार जो 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में प्रभावित किसानों के दर्द और संघर्ष की कहानी को दशार्ती थी। इस फिल्म को अपार सफलता मिली और एक्टिंग के अलावा निर्देशन में अपनी छाप छोड़ने वाले मनोज को इस मूवी से भारत कुमार की उपाधि मिली। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शोक जताया है। मनोज कुमार को फिल्मी करियर में 7 बार फिल्मफेयर पुरस्कार मिले। 1992 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। जबकि 2016 में उन्हें दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। फिल्म निमार्ता मनोज कुमार, जिन्हें देशभक्तिपूर्ण भारतीय सिनेमा के चेहरे के रूप में याद किया जाता है। भारतीय फिल्म उद्योग और दुनिया भर के प्रशंसक उन्हें याद कर उस चरित्र का शोक मना रहे हैं जिसके माध्यम से उन्होने फिल्मों को एक अलग पहचान दी और आज भी उनकी दशकों पुरानी कालजयी फिल्मों को देखकर अनेक उपेक्षित,गरीब और संघर्षशील लोग उस पात्र से अपने को जोड़ लेते हैं जो कभी क्लर्क के रूप में तो कभी आम आदमी की मजबूरी के साथ जीता है। उनका मनोज कुमार नाम फिल्मी था जो आम तौर पर फिल्मों में रखा जाता था और उन्हीं की तरह फिल्मी नाम वाले महान अभिनेता दिलीप कुमार से मिली प्रेरणा पर आधारित है। सिनेमा के प्रति उनका प्यार 11 साल की उम्र में फिल्म शबनम (1949) देखने के बाद जागा था, जिसमें दिलीप कुमार ने मनोज नाम का किरदार निभाया था। प्रदर्शन से गहराई से प्रभावित होकर, युवा हरिकिशन गिरी गोस्वामी इतने प्रेरित हुए कि उन्होंने तभी और वहीं फैसला कर लिया, 'अगर मैं कभी अभिनेता बना, तो मैं मनोज कुमार नाम अपनाऊंगा।' वह बचपन का फैसला भारतीय सिनेमा में एक महत्वपूर्ण मोड़ बन गया। हरिकिशन 1950 के दशक के अंत में मनोज कुमार में बदल गए, और दशकों से, यह नाम देशभक्तिपूर्ण कहानी कहने का पर्याय बन गया। दिलीप कुमार के प्रति उनकी प्रशंसा आखिरकार तब पूरी हुई जब उन्हें 1981 की एपिक फिल्म क्रांति में अपने आदर्श के साथ काम करने का अवसर मिला, जिसका निर्देशन भी उन्होंने किया था। कुमार ने एक बार इस अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा था, 'क्रांति के लिए हमारे दिमाग में केवल दिलीप कुमार थे। जब मैंने उन्हें कहानी सुनाई, तो वे दो मिनट के भीतर सहमत हो गए। यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा था।' उन्होंने आगे याद करते हुए कहा, 'मैं उन्हें सेट पर करीब से देखता था - उनकी सहज अभिनय, उनका अनुशासन और उनकी विनम्रता। वह ऐसे व्यक्ति नहीं थे जिन्हें चापलूसी पसंद थी; वे ईमानदारी और कड़ी मेहनत को महत्व देते थे।' मशहूर पटकथा लेखक जोड़ी सलीम-जावेद द्वारा लिखित क्रांति ने पांच साल के अंतराल के बाद दिलीप कुमार की सिल्वर स्क्रीन पर शानदार वापसी की। शशि कपूर, हेमा मालिनी, शत्रुघ्न सिन्हा और परवीन बाबी सहित कलाकारों की टुकड़ी के साथ, यह फिल्म एक बड़ी सफलता साबित हुई, जिसने पूरे भारत के सिनेमाघरों में गोल्डन जुबली चलाई।

मनोज कुमार वैसे लोगों के लिए भी प्रेरणा के स्रोत हैं जो हिंसा,अश्लीलता और फूहड़ता के बलबूते फिल्मों के माध्यम से पैसे तो कमा लेते हैं पर दर्शकों के दिलों पर राज नहीं कर पाते। मनोज कुमार जैसे लोग बॉलीवुड में इसलिए भी अप्रासंगिक हो गए थे क्योंकि कॉर्पोरेट की तरह बेहिसाब खर्च कर बनने वाली फिल्मों में भारत के गांवों की जगह नहीं थी और हॉलीवुड की नकल में बनने वाली हिंदी फिल्मों से गांव और गांव का आम आदमी गायब हो गया था जिसके कारण दक्षिण की हिंदी में डब की गई फिल्मों की लोकप्रियता आज सर पर चढ़ कर बोल रही है जिसमें मनोज कुमार जैसे चरित्र और भारतीय संस्कृति के इर्द गिर्द कहानियां घूमती हैं।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



चित्रकार मोहम्मद साबिर हुसैन

# बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या की, आरोपी गिरफ्तार

**बसिया (गुमला)।** बसिया में सगे भाई ने अपने छोटे भाई की हत्या कर दी। मामला बसिया के सुदूरवर्ती गांव बनतरिया का है। नशाखोरी में लिप्त छोटे भाई रंथु टेटे के साथ गुरुवार की रात उसके बड़े भाई के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। ग्रामीणों के अनुसार शराब का शौकीन मृतक रंथु पोस्ट ग्रेजुएट बेरोजगार था। घर में यह सब कुछ नियमित कलह का कारण बन चुका था। कुछ ऐसे ही माहौल में कल रात मृतक रंथु के साथ उसके बड़े भाई करमा टेटे की कहा सुनी हो गई। आवेश में आकर उसने लकड़ी की एक पीढ़ी से उसके सिर पर वार कर दिया। इस वार से मृतक बुरी तरह घायल हो गया। इस घटना के बाद आनन-फानन में रेफरल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद उसके परिजन उच्च चिकित्सा संस्थान ले जाने के बजाय उसे अपने घर लेकर चले गए। इस दौरान सुबह घर पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही हत्यारोपी बड़े भाई को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

# रामनवमी को लेकर प्रशासन मुस्तैद: पलामू के विभिन्न प्रखंडो में किया फ्लैग मार्च, ड्रोन से निगरानी



मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र में फ्लैग मार्च करते अधिकारीगण।

## शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पलामू जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। जिले के विभिन्न प्रखंडों में फ्लैग मार्च, ड्रोन निगरानी और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है। उपायुक्त शशि रंजन और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के निर्देश पर शुक्रवार को उंटारी रोड, मोहम्मदगंज, हैदरनगर, हुसैनाबाद, छतरपुर और हरिहरगंज में विस्तृत फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया, जिसमें जिला स्तरीय पदाधिकारी भी शामिल हुए।

**ड्रोन और सोशल मीडिया पर पैनी नजर :** उपायुक्त ने बताया कि जुलूस मार्गों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में ड्रोन से निगरानी की जा रही है। संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही सोशल मीडिया और इंटरनेट पर भी तकनीकी टीम द्वारा निगरानी की जा रही है। किसी भी भ्रामक या अफवाहपूर्ण पोस्ट के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला नियंत्रण कक्ष से हर गतिविधि की निगरानी की जा रही है।

**निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएं जुलूस: पुलिस अधीक्षक :** पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने श्रद्धालुओं और आयोजकों से आग्रह किया कि रामनवमी जुलूस निर्धारित मार्गों से ही निकाला जाए। उन्होंने कहा कि सभी जुलूसों की निगरानी ड्रोन से की जा रही है, ताकि किसी भी अराजक तत्व की गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### शांति बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी: प्रशासन

अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने लोगों से कहा कि वे किसी अफवाह पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया का जिम्मेदाराना उपयोग करें। उन्होंने आमजन से अपील की कि प्रशासन को सहयोग करते हुए पर्व को खुशहाली और भाईचारे के साथ मनाएं। फ्लैग मार्च में जिला, अनुमंडल, प्रखंड, अंचल और थाना स्तर के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी और जवान शामिल थे। सभी ने एकजुट होकर रामनवमी को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का संदेश दिया।

### प्रशासनिक दल ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

फ्लैग मार्च का नेतृत्व उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद एवं अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने किया। अधिकारियों ने संबंधित क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था की समीक्षा की और विसर्जन मार्गो का निरीक्षण किया। इस दौरान देवी धाम मंदिर एवं मेला परिसर का भी भ्रमण कर साफ-सफाई, पेयजल, बिजली और शौचालय की सुविधाओं का आकलन किया गया। देवी धाम मंदिर समिति की ओर से प्रशासन का स्वागत चुनरी ओढ़ाकर किया गया और मंदिर क्षेत्र की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग की गई। उप विकास आयुक्त ने सुविधाओं को बेहतर करने का आश्वासन दिया।



छतरपुर प्रखंड क्षेत्र में फ्लैग मार्च करते अधिकारीगण।



उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र में फ्लैग मार्च करते अधिकारीगण।

---

मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य पथ से कई पठारी गांवों का जुड़ेगा संपर्क

# पीएमजीएसवाई के तहत 10.13 किमी सड़कों के निर्माण का डीपीआर बना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदंज।** मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य पथ में इसमें जुड़ने वाले कई गांवों की इससे कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इसका मार्ग प्रशस्त हो गया है। मुख्य सड़क से अन्कनेक्टेड इन सड़कों के निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किए जाएंगे। इस संबंध में जारी प्रखंडवार सूची के हवाले से इससे संबंधित जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह और युवा क्रियाविद अंकू सिह राणा ने बताया कि इस योजना के तहत कुल 3 सड़कों की डीपीआर तैयार कर स्वीकृति के लिए सड़क परिवहन विभाग (नई दिल्ली) में भेजी गई हैं। इस दिशा में सांसद विष्णु दयाल राम की पहल सार्थक साबित हो गया है।



### कौन से गांवों की मुख्य सड़क से बढेगी कनेक्टिविटी

उन्होंने बताया कि जिन सड़कों की पीएमजीएसवाई के तहत निर्माण के लिए डीपीआर तैयार कर भेजा गया है, उनमें मोहम्मदगंज-महुडंड पीएमजीएसवाई रोड वाया माहुर-भरूही कुल लंबाई 6 किमी, मोहम्मदगंज-महुडंड पीएमजीएसवाई रोड वाया सलैयाटीकर-नईया कुल लंबाई 3.11 किमी और मोहम्मदगंज-महुडंड पीएमजीएसवाई रोड वाया नसोजमालपुर रोड कुल लंबाई 1.2 किमी के नाम शामिल बताए गए हैं। इन सभी सड़कों का पीएमजीएसवाई के प्रथम श्रेणी अंतर्गत निर्माण कार्य कराया जाना है। इसकी जानकारी प्राप्त होते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है। बुजुर्गो का कहना है कि उनके इसी जनम में गांवों में आवागमन की बेहतरी की उम्मीद हो गई है। जहां से अभी तक पथरीली और कंटकाकीर्ण पगडंडियों पर पांव पैदल ही चलने की विवशता थी।

# हैदरनगर के सुदूर गांवों में स्वच्छता का पाठ शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के विभिन्न सुदूर गांवों के ग्रामीणों के बीच स्वच्छता का पाठ की गहन पढ़ाई शुरू की गई है। इमामनगर बरेवा पंचायत के के सुदूर पहाड़ की तलहटी से सटे बहेरवाखांड़ में शुक्रवार को प्रखंड समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। जिसमें घर सहित गांव को स्वच्छ रखने के लिये जल जमाव नहीं होने बचे और आसपास के लोगों को बचाने का सुझाव दिया गया। उन्होंने कहा कि गांवों में पनपती कई बीमारियों को लेकर गंभीरता से लिया गया है। इसे लेकर संबधित ललिता देवी जलसहिया को भी नियमित भ्रमण कर गांव सहित सार्वजनिक स्थलों का भी स्वच्छता आकलन व जागरुकता बढ़ाने का निर्देश दिया है। उन्होंने ग्रामीण के साथ बैठक में स्वच्छता की जानकारी के साथ ही स्थानीय मदरसा में शौचालय व पेयजल की कमी का मुद्दा उठाया गया है। एसबीएम ने शौचालय से वंचित ग्रामीणों को आवेदन ऑनलाइन कराने का सुझाव दिया है। बैठक में जल सहिया ललिता देवी, वार्ड सदस्य कुदुस अंसारी, गौतम कुमार, रवीना बीबी, शकीला बीबी, साबीया खातून के अलावा विद्यालय के कई बच्चे व अभिवावक ने स्वच्छता की जानकारी ली।



### विदाई सह शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

**हुसैनाबाद।** राजकीय कृत मध्य विद्यालय बडेपुर के प्रांगण में शुक्रवार को विदाई सह शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय से वरीय विज्ञान शिक्षक शकील अहमद को सेवानिवृत होने के बाद भावभीनी विदाई दी गई। इस कार्यक्रम में बडेपुर पंचायत के समाजसेवी प्रशांत कुमार सिंह मौजूद थे। मौके पर समाज सेवी ने अपने संबोधन में कहा कि एक सच्चे और अच्छे शिक्षक की छाप हमेशा उनके छात्र-छात्राओं पर पड़ता है, जो यह दिख रहा है कि इस विद्यालय से पढ़कर निकल चुके छात्र-छात्राएं भी उनके सम्मान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए हैं।र सरकार ने उन्हें सेवानिवृत्ति दे दी है। लेकिन विद्यालय परिवार के मन: मस्तिष्क ,हृदय में हमेशा के लिए शिक्षक बने रहेंगे, और हमारे लिए प्रेरणा स्रोत रहेंगे। सेवानिवृत शिक्षक शकील अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय बगीचा है, इस बगीचे के माली (शिक्षक)और फूल (छात्र-छात्राएं) हैं,हम इन्हें जिस प्रकार से सिंचित (सिखाएंगे) करेंगे, खुशबू भी उसी प्रकार से बिखरेंगे। तब हमारे विद्यालय, समाज और देश का नाम रौशन करेंगे। हमने हमेशा विद्यालय में सीखने और सीखाने का माहौल बनाने का प्रयास किया है। ताकि छात्राएं उत्साह पूर्वक जिज्ञासु बनें।

# चैती छठ पूजा उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ हुसैनाबाद में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। चार दिवसीय छठ के मौके पर शुक्रवार को व्रतियों ने चौथे दिन उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। तीसरे दिन गुरुवार की शाम छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य अर्पित किया था। हुसैनाबाद के जपला छठपोखरा घाट में छठ व्रतियों ने इस बार काफी संख्या में छठपोखरा घाट पर स्थापित मंदिर में भगवान भास्कर की पूजा अर्चना की। हुसैनाबाद के शहरी क्षेत्रों में जपला जमुहारी माई छठ घाट,गईता पोखरा छठ घाट, देवरी सोन नदी, दंगवार आदि क्षेत्रों में छठ व्रतियों ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर चैती छठ महापर्व संपन्न हो गया। इस दौरान घाटों पर छठी मईया का गीत बजता रहा। साथ ही पुलिस प्रशासन की व्यवस्था सभी घाटों पर की गई थी। भाजपा नेता व समाजिक कार्यकर्ता अजय प्रसाद गुप्ता ने जमुहारी माई छठ घाट पर सूर्य मंदिर के निर्माण के लिए छठ व्रतियों से भीक्षाटन किया। इस मौके पर एसडीएम गौरांग महतो,सीओ पंकज कुमार, बीडीओ सुनील वर्मा, नगर प्रशासक तरनीश हंस, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, देवरी ओपी बबलू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता सहित पुलिस बल के जावान सक्रिय रहे। - फोटो- हुसैनाबाद जमुहारी माई छठ घाट पर भिक्षाटन करते समाजिक कार्यकर्ता व पुलिस कर्मी।

**सुंदरीकरण** आस्था का केन्द्र है मां भगवती का दरबार, भूत प्रेत बाधाओं से भी मिलती है मुक्ति

# शारदीय नवरात्र पर 1887 से मेला लगने का रहा है इतिहास



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिला के हैदरनगर स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र और शारदीय नवरात्र पर सन 1887 से मेला लगने का इतिहास विद्यमान है। जिसमें हजारोंकी संख्या में विभिन्न राज्यों से श्रद्धालुओं का समूह माता का दर्शन पूजन करने को आना जारी है। बताया जाता है यहां आने से सैकड़ों श्रद्धालुओं को विभिन्न भूत प्रेत बाधाओं से मुक्ति भी मिली है। आगंतुक श्रद्धालुओं के अनुसार आस्था के इस केन्द्र पर देवी मां की कृपा से उन्हें संतान की प्राप्ति भी हुई है। इस मंदिर परिसर में कई देवी देवताओं के अलावा जिन्न बाबा की मजार भी है, जो सांप्रदायिक सौहार्द्र की मिसाल प्रदर्शित करती है। एक ओर पुजारी द्वारा माता का पूजा पाठ तो दूसरी ओर फातेहा व चादरपोशी भी मुस्लिम मौलवियों की उपस्थिति में किया जाता रहा है। ऐतिहासिक, धार्मिक व राजकीय पर्यटन के रुप में इस आस्था का केन्द्र पर चैत्र नवरात्र में उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा व पश्चिम बंगाल सहित पूरे देश के लोग पूजा-अर्चना व मन्नतें मांगने आते हैं। 76 वर्षीय वयोवृद्ध समाजसेवी पं. कुंडल तिवारी के अनुसार देवी मां के दरबार में आने से समस्त कष्टों का निवारण होता है। यहां पहले कच्चे छोटे कमरे में छोटा आकार की माता का मंदिर था। कालांतार में इसका स्वरुप वृहद लिया है।

### सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल है मंदिर

मंदिर परिसर में दोनों संप्रदाय की पूजा व फातेहा कार्य सांप्रदायिक सौहार्द्र की मिसाल है। उन्होंने कहा कि इस मौके पर कई स्थानों से रामलीला मंडली की प्रस्तुति भी कराई जाती थी। नागा बाबा इस रामलीला मंडली के सुप्रसिद्ध व्यास थे। नागा बाबा की उपस्थिति में ही इस मंदिर का विकास काफी हुआ। इनके दुनिया से चले जाने पर उनके सहयोगी मुनी बाबा लंबे समय तक इस मंदिर में पूजा अर्चना की। वर्तमान में विशालकाय देवी मंदिर प्रांगण की सुंदरता श्रद्धालुओं का आर्कषण का केन्द्र बना है। भाजपा कार्य समिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि माता का विशाल गुंबदनुमा मंदिर के अलावा राम-जानकी मंदिर, शिव-पार्वती मंदिर, विशाल पीपल का पेंड़ आज भी श्रद्धालुओं की आस्था व श्रद्धा समेटे खड़ी है। इस मंदिर में चीनी से बनी मिठाई ही मुख्य प्रसाद आज भी विद्यमान है। साथ ही नारियल, सिंदूर और चुनरी आदि चढ़ावा के लिये मारामारी होती है।

---

## न्यूज | बॉक्स

### स्कूल समय में सोए थे शिक्षक, वीडियो वायरल



**ऊंटारी रोड़।** पलामू जिले के ऊंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत स्त्रोनत उच्च विद्यालय करकटा के सहायक शिक्षक का स्कूल में सोते हुए वीडियो हुआ वायरल। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को कुछ ग्रामीण अचानक विद्यालय पहुंचे। वहां ड्यूटी ऑवर में एक शिक्षक का ऑफिस में सोते हुए मिले, जिसका विडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो सहायक शिक्षक मनोज रजक का बताया जा रहा है। हालांकि वायरल वीडियो के संबंध में स्कूल के प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह से फोन पर बात करने पर उन्होंने कहा की वीडियो वायरल करने वाले पर प्राथमिकी दर्ज करायेंगे। शिक्षक का तबीयत खराब था, इसलिए ऑफिस में तबीय ठीक नहीं होने के कारण थोड़ा आराम कर रहे थे। इस संबंध में सहायक शिक्षक मनोज रजक से पूछने पर उन्होंने बताया कि मेरा तबियत खराब था, इसलिए ऑफिस में बैठे थे।

### मंगल भवन अमंगल हारी...की ध्वनि से गूंज रहा है शहर

**हुसैनाबाद।** श्री महावीर जी भवन व मंदिर पूजा समिति के तत्वावधान में भवन परिसर में रामचरितमानस परायण यज्ञ जारी है। अयोध्या से पधारे यज्ञाचार्य गोरखनाथ पांडेय और उनके सहयोगी राकेश मिश्रा व टीम के व्यास एवं आचार्य श्री लक्ष्मण पांडेय, अनुराग त्रिपाठी ,कमल नयन त्रिवेदी, पुष्कर पांडेय, अभय पांडेय, उपेंद्र पांडेय द्वारा संगीतमय पाठ किया जा रहा है। इस दौरान वैदिक मंत्रोचार व मंगल भवन अमंगल हारी... ध्वनि से शहर गुलजार हो रहा है। सर्वेशरी समूह परिवार द्वारा देवी मंदिर परिसर में अनुष्ठान जारी है। संध्या समय दीपक जलाने व आरती समय काफी संख्या में श्रद्धालु लोग शामिल हो रहे हैं। परायण यज्ञ की पूर्णाहुति आगामी 6 अप्रैल को महाभंडारा के साथ होगी। कार्यक्रम को शांति पूर्ण संचालन को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी, सचिव उत्तम कुमार, कोषाध्यक्ष संजय सोनी, उपाध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह, सह सचिव राजीव कुमार ठाकुर, आरएसएस के जिला संघ चालक दिनेश प्रसाद कश्यप, उदयनाथ विश्वकर्मा ,मंदिर के पुजारी गोपाल पाठक ,कृष्ण मुरारी अग्रवाल, संतोष गुप्ता, मनीष अग्रवाल, विनय शर्मा, दिलीप भगत, जितेंद्र अग्रवाल , प्रदीप कश्यप समेत समिति के लोग काफी सक्रिय हैं।

### शिरोमणि बाबा वीर चौहरमल अपने समाज के लिए जननायक थे : संस्थापक अखिलेश पासवान

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के अतर्गत गांव गम्हरिया स्थित शिरोमणि वीर बाबा चौहरमल की 712 वीं जयंती दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर धूम धाम से मनाया गया। मौके पर शिरोमणी बाबा वीर चौहरमल मंदिर संस्थापक अखिलेश पासवान ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा वीर चौहरमल एक ऐसे महान पुरुष थे, जो अब तक उन्होंने गुलामी करना नहीं सिखा। उन्होंने अपना कदम ऊंची और एक महान योद्धा की भांति निखारते गए। निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि बाबा वीर चौहरमल ने अपने समाज के लिए एक से बढ़कर एक सराहनीय कार्य किये हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले पीड़ी उनके बताए हुए नीति समाज के लिए लाभदायक सिद्ध हुआ । इसलिए उनके बताए हुए कर्म नीतियों पर चलने की जरूरत है। उन्होंने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार के अलावा पूर्व जिला परिषद सदस्य मदन पासवान, वीर चौहरमल कल्याण समिति अध्यक्ष विकास पासवान, पंचायत समिति सदस्य रीता देवी, प्रदीप कुमार, ललन कुमार पासवान , पैक्स अध्यक्ष विमलेश पासवान, रामजवित पासवान, जनक पासवान, समाजसेवी नरेश कुमार पासवान, विकास कुमार, धर्मेन्द्र पासवान, रंजित कुमार पासवान, दिनेश पासवान, राकेश पासवान, शक्ति पासवान, राजा पासवान, नारायण पासवान, प्रभू पासवान, गोरख पासवान, विशाल पासवान, प्रदीप पासवान, अनिकेत पासवान, अंजल पासवान, वीके रंजन, प्रमोद पासवान, डॉ. भोला पासवान, सागर पासवान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### गर्मी शुरू होते ही बढ़ी देसी फ्रिज मांग



**चैनपुर।** जिले में भीषण गर्मी अपना पैर पसारना शुरू कर दिया है। प्रातः काल से ही सूरज तप्ती लाली से अपना भीषण प्रकोप का कहर बरसाना शुरू कर दिया है। ऐसे में लोगों को सबसे ज्यादा किसी चीज की आवश्यकता होती है तो वह है ठंडा पानी। ऐसे में बाजारों में ठंडा पानी के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरणों का मांग बढ़ जाता है। आज भी लोग ठंडा पानी के लिए सबसे उत्तम स्रोत घढ़े के पानी को ही मानते हैं। लोग इसके लिए शहर से गांव की ओर गिने चुने कुम्हार के पास पहुंचते हैं। चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नेउरा गांव निवासी अपने पिता के विरासत संभाल रहे कुम्हार सचरु प्रजापति गर्मी प्रारंभ होते ही मिट्टी का घड़ा बनाने के लेकर दिन रात कार्य प्रारंभ कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि सुविधा के अभाव में अब इस कार्य को बहुत कम लोग ही कर रहे हैं। क्योंकि आधुनिक जमाना में फ्रिज और भी कई प्रकार की पेय पदार्थ बाजार में आ जाने से इसकी लागत के अनुसार कीमत मुश्किल मिलती है। ऐसे में कुम्हार जातियों को मिट्टी से बनाने वाले बर्तन में दिलचस्पी काम होते जा रही है। कुछ गिने-चुने ही कुम्हार इस कार्य को कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें कोई और कार्य करने में मन नहीं लगता है। पेट चलाने के लिए कुछ ना कुछ करना पड़ता है। इसलिए वह अपने विरासत और संस्कृति को कायम रखे हैं। उन्होंने बताया कि इस आधुनिक युग में लोग अपने पुराने पारंपरिक खान-पान वेशभूषा में बहुत सी चीज का बदलाव कर चुके हैं। उसी में एक मिट्टी से बने बर्तनों का मार्केट से अपेक्षित होना है, लेकिन वर्तमान समय में कई प्रकार की बीमारियां व मिलावटी सामान से सेहत के साथ खिलवाड़ को देखते हुए लोग फिर से मिट्टी के बर्तन को उत्सुकता से अपने में रुचि दिखा रहे हैं। यह एक सुखद संदेश है।

### उदीयमान सूर्य को अर्घ्यदान के साथ लोक आस्था के चार दिनी व्रत का समापन

**मोहम्मदगंज।** कोयल-काशीसोत संगम, काशीसोत डैम सहित अन्य गांवों के नदियों के किनारा कार्तिक मास के छठ पर्व को लेकर गुलजार होते हैं। वहीं, चैती छठ में भीम चूल्हा का कोयल तट ही छठ व्रतियों की आस्था का घाट बन जाता है। इस साल भी इस मौके पर कई व्रतियों ने पारंपरिक तरीके से चैती छठ व्रत को लेकर कोयल नदी डूबकी लडाई। सूप-दउरा से घाट को सजाया और गुरुवार की शाम अस्ताचलगामी व शुक्रवार की सुबह उदीयमान सूर्य अर्घ्यदान किया। शिव मंदिर की संध्या आरती और सुबह के हवनादि में शामिल हुए। इस दौरान पुजारी पंडित गंगा तिवारी ने मंत्रोच्चारण किया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में शीतलता और निर्मल जल की उपलब्धता की वजह से चैती छठ को लेकर यह पावन स्थल व्रतियों की आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। पर्यटक स्थल बनने के बाद से अन्य पर्व की तरह चैती छठ पर्व पर सूयोर्पासना को लेकर उपयुक्त स्थान माना जाने लगा है। मान्यता अनुसार छठ व्रत संतान सुख और परिवार की खुशहाली के लिए मनाया जाता है। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व में व्रतियों के साथ ही पूरा परिवार सात्विक जीवन व्यतीत करता है। इसे हिंदू धर्म में सबसे कठिन और सूयोर्पासना का सबसे महत्वपूर्ण व्रत माना गया है।

## रामनवमी को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट सभी स्वास्थ्यकर्मियों की छुट्टियां रद्द




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामनवमी पर्व के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पलामू जिला स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। जिले के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) सहित सभी अनुमंडलीय अस्पतालों में विशेष तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं।

पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह ने जानकारी दी कि एमएमसीएच में आपातकालीन स्थिति के लिए 10 विशेष बेड आरक्षित किए गए हैं, वहीं प्रत्येक अनुमंडलीय अस्पताल में 5 बेड तैयार रखे गए हैं। रामनवमी को देखते हुए जिले के सभी स्वास्थ्यकर्मियों और अस्पताल स्टाफ की छुट्टियाँ रद्द कर दी गई हैं। उन्हें अपने-अपने कार्यस्थलों पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।

जिले के सभी थानों को ड्राइवर सहित एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई है। एम्बुलेंस ड्राइवर का संपर्क नंबर संबंधित थाना प्रभारी के पास रहेगा। यह एम्बुलेंस रामनवमी के जुलूस के साथ भी चलेगी, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित सहायता दी जा सके।

स्वास्थ्य विभाग के सभी पदाधिकारी रोस्टर के अनुसार 247 अपने-अपने केंद्रों पर ड्यूटी पर रहेंगे। सभी एम्बुलेंस में जरूरी दवाएं और ओआरएस की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

स्वास्थ्य विभाग की यह तैयारी सुनिश्चित करती है कि रामनवमी पर्व के दौरान जिले में किसी भी आपातकालीन परिस्थिति से प्रभावी रूप से निपटा जा सके।

### शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

# रामनवमी को लेकर पुलिस अलर्ट, ड्रोन से निगरानी व फ्लैग मार्च से दिखी सतर्कता

- ड्रोन से चप्पे-चप्पे पर नजर
- फ्लैग मार्च से मिला सुरक्षा का संदेश
- अफवाह फैलाने वालों पर सख्त नजर
- नागरिकों से सहयोग की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पलामू जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह से सतर्क है। जिले के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करते हुए ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है, वहीं पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीमों ने फ्लैग मार्च निकालकर शांति का संदेश दिया है।

प्रशासन द्वारा खासकर जुलूस मार्ग, धार्मिक स्थलों, भीड़भाड़ वाले इलाके, तथा संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों की तैनाती की गई है, जिससे ऊंचाई से पूरे इलाके की निगरानी सुनिश्चित हो सके। इससे किसी भी आपत्तिजनक गतिविधि पर तुरंत नजर रखी जा सकेगी।



जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान अधिकारी स्वयं सड़क पर उतरकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील कर रहे हैं। लोगों को भरोसा दिलाया जा रहा है कि प्रशासन उनके साथ है और किसी भी तरह की गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अफवाह फैलाने, सांप्रदायिक तनाव फैलाने या सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आईटी सेल और साइबर टीम भी लगातार निगरानी कर रही है।

प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे पर्व को प्रेम, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं, और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या प्रशासन को दें। साथ ही, जुलूस या उत्सव के दौरान संयम बरतें और सहयोग करें।

## रामनवमी को लेकर पलामू पुलिस ने किया रिमोट कंट्रोल मॉक ड्रिल



**मेदिनीनगर।** रामनवमी पर्व और आगामी आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पलामू पुलिस ने शुक्रवार को पुलिस केंद्र मैदान, मेदिनीनगर में रिमोट कंट्रोल मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों, विशेष रूप से विधि विरुद्ध जमाव, दंगा या बलवा जैसी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारी करना था। अभ्यास के दौरान भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 148 और 149 एवं हस्तक नियम-621 के अंतर्गत आने वाले विधिक प्रावधानों का पालन करते हुए प्रदर्शन किया गया। इस मॉक ड्रिल में दंगारोधी उपकरण, वाटर कैनन ट्रक, रिमोट कंट्रोल व्हीकल, एंबुलेंस, साथ ही टीजी गन, स्मोक सेल और चिल्ली ग्रेनेड जैसे संसाधनों का प्रभावशाली प्रयोग किया गया। इस तरह का अभ्यास न केवल सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाता है, बल्कि पुलिस बल को वास्तविक परिस्थितियों में त्वरित, संयमित और कानूनसम्मत कार्रवाई के लिए प्रशिक्षित करता है। पलामू पुलिस द्वारा पूर्व में भी इस तरह के अभ्यास किए जा चुके हैं और भविष्य में भी इसे लगातार जारी रखा जाएगा। पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) राजीव रंजन एवं पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) राजेश यादव के नेतृत्व में आयोजित इस मॉक ड्रिल में परिचारी प्रवर-सह-निरीक्षक सुरेश राम, परिचारी विमल कुमार चंद्रवंशी, परिचारी मैरी खलखो, अ.नि. नागेंद्र चौधरी समेत पुलिस केंद्र के अन्य जवानों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। पलामू पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि रामनवमी एवं अन्य आयोजनों के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखें, अफवाहों से दूर रहें और किसी भी आपात स्थिति की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

## सप्तमी पर निकली शोभायात्रा, युवतियों ने किया तलवारबाजी का प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महासप्तमी के अवसर पर मेदिनीनगर शहर में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ श्री रामलाल ठाकुरबाड़ी मंदिर समिति नवयुवक संघ द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पुरुषों के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी पारंपरिक वेशभूषा में शोभायात्रा में शामिल हुईं। शोभायात्रा में लोग ढोल और ताशे जैसे वाद्य यंत्रों की धुन पर झूमते नजर आए, जबकि युवक प्रभु श्रीराम के भक्ति गीतों पर थिरकते दिखाई दिए।

शोभायात्रा में महावीर झंडा और पारंपरिक हथियार लिए लोग अगुवाई कर रहे थे, जबकि महिलाएं भी हाथों में तलवार, लाठी और डंडा लेकर उनके पीछे-पीछे चल रही थीं।

जुलूस जेलहाता चौक से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः वहीं आकर संपन्न हुआ। शोभायात्रा के दौरान युवतियों ने कई स्थानों पर लाठी-डंडे के साथ करतब दिखाते हुए प्रभावशाली तलवारबाजी का प्रदर्शन किया।

इस शोभायात्रा में प्रथम मेयर अरुणा शंकर भी शामिल हुईं। उन्हें नवयुवक संघ द्वारा पगड़ी और तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। शोभायात्रा की अध्यक्षता विकास सेठी ने की

शुक्रवार की रात एक बजे से विभिन्न संघों द्वारा शोभायात्राएं निकाली जाएंगी, जो सुबह छह बजे तक चलेंगी। वहीं, रविवार को नवमी के अवसर पर विभिन्न रामनवमी कमेटियों द्वारा भव्य जुलूस और प्रदर्शनी आयोजित की जाएंगी।

### चैती छठ पर भव्य भक्ति जागरण का आयोजन

## कोयल रिवर फ्रंट पर सजी श्रद्धा की शाम, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैती छठ महापर्व के अवसर पर बुधवार 3 अप्रैल की संध्या को नगर निगम क्षेत्र के कोयल रिवर फ्रंट परिसर में भक्तिमय वातावरण के बीच भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल को दीपों, फूलों और पारंपरिक सजावट से विशेष रूप से सजाया गया। घाट पर व्रतधारियों और श्रद्धालुओं के बीच दातून, पान पत्ती, दूध, सिंदूर, नारियल, कपूर, कसैली सहित छठ पूजन की सामग्री का निशुल्क वितरण किया गया।


भक्ति जागरण कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर संसद प्रतिनिधि भोला पांडे, पूर्व डिप्टी मेयर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह, वार्ड पार्षद प्रमिला देवी, समाजसेवी राकेश सिंह, मुकेश सिंह, विधायक प्रत्याशी चंचला देवी, राकेश जैसवाल, आशीष भारद्वाज, सूर्या प्रताप सिंह, पंकज जैसवाल, विजय चंद्रवंशी, सुरेंद्र सिंह, श्यामकिशोर सिंह सहित कई प्रतिष्ठित जन उपस्थित रहे।

सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सामाजिक सौहार्द और आस्था को मजबूत करते हैं। वहीं डिप्टी मेयर राकेश सिंह ने आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कि ऐसे आयोजनों से लोक परंपराओं को बल मिलता है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

**श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड :** भक्ति जागरण में भजन-कीर्तन ने सभी का मन मोह लिया। श्रद्धालु देर रात तक कार्यक्रम में डटे रहे। आयोजन को सफल बनाने में युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली।

## न्यूज | बॉक्स

### बेलवाटिका चौक से दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत टीओपी-2 के बेलवाटिक चौक से गुरुवार को दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी की घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्होंने बाजार के व्यस्त इलाके में स्थित एक दुकान के सामने खड़ी बाइक को बिना किसी डर के चुरा लिया। पीड़ित फैज अंसारी ने शहर थाना में दिए अपने आवेदन में बताया कि उन्होंने दोपहर 1:38 बजे अपनी काली रंग की मोटरसाइकिल गोल्डन शू दुकान के सामने खड़ी की थी। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे, तो मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। चोरी की यह पूरी घटना पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि एक युवक, जिसने चेहरे को रुमाल से ढंक रखा था, बाइक के पास आता है और कुछ ही क्षणों में उसे लेकर फरार हो जाता है। पीड़ित ने बताया कि उसने घटना की पूरी जानकारी और सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और चोर की पहचान के लिए फुटेज का विश्लेषण किया जा रहा है। इस प्रकार की घटनाओं से स्थानीय लोग भयभीत हैं और उन्होंने प्रशासन से इलाके में नियमित गश्ती और निगरानी बढ़ाने की मांग की है। वहीं, शहर थाना पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही चोर को पकड़ लिया जाएगा और पीड़ित को न्याय मिलेगा।

### आरोपी को प्रशासन कड़ी से कड़ी सजा दे : अरुणा शंकर

**मेदिनीनगर।** पलामू के इतिहास में शर्मसार करने वाली अब तक की सबसे बड़ी घटना कांदू मुहल्ला निवासी सुरेंद्र प्रसाद की 10 वर्षीय बच्ची के साथ 35 वर्षीय युवक द्वारा बलात्कार के बाद निर्मम हत्या ने पूरे जिले व राज्य को झकझोर कर रख दिया है। घटना की सूचना मिलते ही मेदिनीनगर की पूर्व महापौर अरुणा शंकर बच्ची के आवास पर पहुंच कर उसके परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। मृतक बच्ची के माता-पिता से मिलकर कहा कि इससे बड़ी घटना पलामू के इतिहास में आज तक कभी नहीं हुई थी। इस घटना से पूरा शहर शर्मसार है। बच्ची के माता-पिता ने पूरी घटना को बताते हुए दुःख भरे शब्दों में कहा इतनी बड़ी घटना के बाद अब तक एसपी उनसे मिलने नहीं आई, तो न्याय की क्या उम्मीद करें। पूर्व महापौर ने कहा कि यह दुःखद बात है। एसपी एक महिला हैं, और एक 10 वर्ष की बच्ची के साथ बलात्कार के बाद निर्मम हत्या हुई है। उन्हें जरूर जाकर माता-पिता से मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस घटना के प्रोटेस्ट में शुक्रवार की शाम को कई सामाजिक संस्थाओं ने मिलकर कैंडल मार्च निकालने का निर्णय लिया है, मैं पूरी तरह से समर्थन करती हूं। उन्होंने कहा कि ऐसा करने वाले दरिंदे को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि तत्काल ऐसे दरिंदों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा नहीं घटे।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा छह मुहान के पास चला सघन जांच अभियान

**मेदिनीनगर।** शहर में यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने और सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पलामू जिला प्रशासन एवं यातायात पुलिस द्वारा शनिवार को छः मुहान के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की गहन जांच की गई। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने ब्रेथ एनालाइजर मशीन की सहायता से वाहन चालकों की शराब सेवन की जांच की। जांच के क्रम में एक मोटरसाइकिल चालक के शराब पीकर वाहन चलाने की पुष्टि हुई। ऐसे में न केवल चालक को रोका गया, बल्कि उसकी मोटरसाइकिल जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षा के तहत रखी गई है। पुलिस प्रशासन ने जानकारी दी कि जब्त वाहन को आगामी कार्यवाही हेतु जिला परिवहन कार्यालय, पलामू को भेजा जाएगा, जहां चालान और जुमार्ना की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। संबंधित चालक के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे शराब पीकर वाहन न चलाएं, क्योंकि यह स्वयं के साथ-साथ दूसरों की जान को भी खतरे में डालता है। साथ ही चेतावनी दी गई कि आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे और किसी भी तरह की लापरवाही या नियम उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस सघन जांच अभियान में शहर थाना पुलिस, ट्रैफिक विभाग एवं परिवहन विभाग की टीम शामिल रही। अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर अभियान की निगरानी करते रहे और नियमों का पालन सुनिश्चित कराया।

## कैंडल मार्च में उमड़ी भीड़, फांसी देने की मांग




**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार को हुए 12 वर्षीय नाबालिग से बलात्कार के बाद निर्मम हत्या से आक्रोशित शहरवासियों ने शुक्रवार शाम कैंडल मार्च निकाल कर आरोपी को फांसी देने की मांग की। कैंडल मार्च में हजारों महिला, पुरूष, बच्चे शामिल हुए। कैंडल मार्च कांदू मुहल्ला से निकल कर बेलवाटिका चौक, सदीक मंजिल चौक होते छह मुहान पहुंची। छह मुहान पर मृतक याद में सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। कैंडल मार्च के बाद भीड़ काफी उग्र व बेकाबू हो गई। उग्र भीड़ आरोपी टिंकू शर्मा को मारने के लिए एमएमसीएच की ओर बढ़ने लगी। इसके बाद पुलिस ने सभी को छह मुहान पर ही किसी तरह से संभाल। भीड़ को संभालने में पुलिस को काफी मशक्कत का भी सामना करना पड़ा। बेकाबू भीड़ पुलिस, पूर्व उपमहापौर मंगल सिंह, आशीष भारद्वाज के समझाने पर शांत हुई। बता दें कि 12 वर्षीय नाबालिग लड़की से मुहल्ले के ही टिंकू शर्मा ने बहला-फुसला कर अपने घर में ले गया था। वहां पर वह नबालिग साथ बलात्कार करने के बाद निर्मम तरीके से उसकी हत्या कर दी थी। इसके बाद स्थानीय लोगों को पता चलने पर टिंकू शर्मा को काफी बुरी तरह से पीटा था। बाद में पुलिस द्वारा उसे एमएमसीएच इलाज के लिए भर्ती कराया। इसके बाद स्थानीय लोग आरोपी टिंकू शर्मा को अस्पताल में भी पिटाई करने पहुंचे थे। उसकी सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने उसे अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती कराया है। कैंडल मार्च में उपमहापौर मंगल सिंह, अभिनाश देव, आशीष भारद्वाज, अजय सिंह चेरो, रुचिर तिवारी के साथ सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

### हत्या के दोषी को उम्र कैद व जुर्माना

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सप्तम प्रतीक चतुर्वेदी की अदालत ने हत्या के एक मामले में हैदरनगर थाना क्षेत्र के करीमनडीह निवासी शदाब हसरत को दोषी करार देते हुए सश्रम उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने की स्थिति में उसे छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। यह मामला हैदरनगर थाना कांड संख्या 36/2019 से जुड़ा है, जो 23 मई 2019 को दर्ज हुआ था। करीमनडीह निवासी मोहम्मद इसराउल हक द्वारा चार नामजद और दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। अभियुक्त शदाब हसरत पर आरोप था कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर सुबह करीब 8:30 बजे शिकायतकर्ता की पुत्री राबिया प्रवीण से जबरन निकाह करना चाहता था। राबिया ने इंकार किया, जिसके बाद अभियुक्त ने उसके घर में घुसकर उस पर चाकू से कई वार किए। राबिया को बचाने आए एहसान अली पर भी अभियुक्तों के साथियों राजू और तनवीर ने हमला किया, जिसमें उनकी मौके पर ही मौत हो गई। राबिया प्रवीण की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर शदाब हसरत को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। वहीं अन्य तीन अभियुक्तों के विरुद्ध अब तक आरोप पत्र समर्पित नहीं किया गया है, और मामले की जांच जारी है।

## कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया नेतरहाट का शैक्षणिक भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कैंब्रिज पब्लिक स्कूल, मेदिनीनगर के छात्रों ने दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के दौरान प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन किया। भ्रमण का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक और प्राकृतिक अनुभव प्रदान करना था। इस दौरान छात्रों ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय, सनसेट पॉइंट, सनराइज पॉइंट, नाशपाती बगान, लोध जलप्रपात, नेतरहाट डैम, नैना जलप्रपात और अपर घाघरी जलप्रपात जैसे दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया। उन्होंने पक्षियों के कलरव और घने वनों के बीच कलकल बहते जलप्रपात के मनोरम दृश्य का आनंद लिया। नैना जलप्रपात में छात्रों ने जल क्रीड़ा कर अत्यंत उत्साह व्यक्त किया। प्रधानाध्यापक ई. नंद किशोर भारती के नेतृत्व में आयोजित इस भ्रमण में शिक्षकगण पूनम तिवारी, साब्या सिंह, सतीश कुमार, काजल कुमारी, अर्चना प्रिया, प्रिया रंजनी, अनु दुबे, आकाश कुमार आदि शामिल थे। शिक्षकों ने छात्रों को विभिन्न स्थलों की ऐतिहासिक, भौगोलिक और पर्यावरणीय जानकारी दी। छात्रों ने भी जिज्ञासावश कई प्रश्न पूछे जिनके उत्तर शिक्षकों ने विस्तार से दिए। प्रधानाध्यापक भारती ने कहा कि बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें प्रकृति, संस्कृति और समाज का प्रत्यक्ष अनुभव भी देना चाहिए। उन्होंने बताया कि बेतला जंगल सफारी के माध्यम से बच्चों ने जाना कि वन्य जीव पर्यावरण संतुलन में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भ्रमण में वीरेंद्र सिंह, मनीष यादव, सन्नी सिंह, अमन कुमार, करण कुमार, सनाया सिंह, मानवी पांडेय, तन्मय पांडेय, प्रत्यूष सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## एमके डीएवी पब्लिक स्कूल बना परीक्षा केंद्र, परीक्षा की तैयारी पूरी

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में 5 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाली अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी) द्वारा संचालित इस परीक्षा के लिए एमके डीएवी पब्लिक स्कूल, डालटेनगंज को केंद्र बनाया गया है। यह परीक्षा कक्षा 6 और कक्षा 9 के लिए आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्र पर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे, बॉयोमेट्रिक उपस्थिति, और कड़ी जांच व्यवस्था की गई है। परीक्षा को नकलमुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से विद्यालय प्रबंधन और जिला प्रशासन दोनों पूरी सतर्कता से कार्य कर रहे हैं।

## भगवान की भक्ति और दुखियों की सेवा से ही मिलती है पापों से मुक्तिः गंगोत्री तिवारी

**विश्व हिंदू परिषद ने कथावाचक गंगोत्री तिवारी 'मृदुल' को किया सम्मानित**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेड़मा स्थित ठाकुरबाड़ी में आयोजित नौ दिवसीय नवाह्न पारायण महायज्ञ के पांचवें दिन कथा सुनने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इससे पहले बड़ी संख्या में महिलाओं ने यज्ञ स्थल की परिक्रमा की और सामूहिक रूप से रामचरितमानस का पाठ किया।

शाम को कथा वाचन के दौरान हरिद्वार से पधारे प्रख्यात कथावाचक गंगोत्री तिवारी ह्यमृदुलह्न ने कलयुग के प्रभाव और इसमें हो रहे पाप-पुण्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हम सभी जाने-अनजाने कई ऐसे कर्म कर बैठते हैं, जो पाप की श्रेणी में आते हैं। इन पापों से मुक्ति केवल भगवान की भक्ति और जरूरतमंदों की सेवा से ही संभव है।

उन्होंने यह भी कहा कि कलयुग में संगठन ही सबसे बड़ी शक्ति है। जो जितना संगठित होगा, वह उतना ही सशक्त होगा। सनातन धर्म की रक्षा और उत्थान में हम सभी की सहभागिता अनिवार्य है।

कथा से पूर्व विश्व हिंदू परिषद द्वारा गंगोत्री तिवारी ह्यमृदुलह्न का ठाकुरबाड़ी मंदिर में स्वागत किया गया। उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष दिलीप कुमार तिवारी, मंत्री चंचल तिवारी, प्रभात रंजन तिवारी, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, ऋचा तिवारी और मंदिर के पुजारी प्रदीप पाठक को भी विश्व हिंदू परिषद की ओर से अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में जिला पालक दामोदर मिश्र, जिला मंत्री अमित तिवारी, धर्म प्रसार प्रमुख विनय कुमार गुप्ता, विशेष संपर्क प्रमुख किशोर पांडेय, अधिवक्ता संदीप प्रसाद गुप्ता (जिला संयोजक, बजरंग दल), पप्पू लाठ (समरसता प्रमुख), विवेक सिंह (विद्यार्थी प्रमुख), नगर संयोजक दिलीप गिरी और बजरंगी राम शंकर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का बीडीओ ने दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी ।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को बीडीओ राकेश सहाय की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक कर मनरेगा से संबंधित कई बिंदुओं पर विस्तार रूप से चर्चा की। इसमें लंबित योजना बंद कर नई योजना प्रारंभ करने का निर्देश दिया। एनएमएमएस किया जाना है। उसे ससमय निष्पादन करना करने का भी निर्देश दिया गया। प्रखंड में संचालित आम बागवानी योजना नई वित्तीय वर्ष तक का प्रत्येक योजना का भौतिक सत्यापन कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ सोनू कुमार, मनरेगा कनीय अभियंता योगेन्द्र यादव, देव कुमार सिंह, यशवंत कुमार, पंचायत सचिव सुदर्शन राम, विश्वनाथ राम, संजीव ठाकुर, प्रवीण पांडेय, अंजनी कुमार, मुकेश मेहता, रोजगार सेवक, नरेंद्र सिंह, राजेश शुक्ला, सत्येंद्र पासवान, मनोज कुमार के अलावा मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

# अंगूठा लगवा कर राशन नहीं देने पर डीलर के विरुद्ध ग्रामीण आक्रोशित

**कार्डधारियों ने प्रखंड कार्यालय पहुंच कर नाराजगी जतायी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** राशन वितरण में अनियमितता को लेकर रमना पंचायत चटनिया के राशन उपभोक्ता ग्रामीणों ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय पहुंच कर आक्रोश व्यक्त किया। इसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी सह एमओ विकास पांडेय, प्रमुख करुणा सोनी डीलर रामस्वरूप राम के जनवितरण प्रणाली गोदाम पर पहुंचे। वहां ताला बंद था। साथ ही ग्रामीण भी जन वितरण संचालक के घर व गोदाम पहुंचे। डीलर को बुलाने और उस पर कारवाई की मांग करने लगे। बाद में पुलिस व मुखिया प्रतिनिधि ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर मामला को शांत कराया। जानकारी के अनुसार पिछले सप्ताह ग्रामीण संतोष यादव, जितेंद्र पासवान,चंदन यादव, अशोक यादव ,प्रभादेवी कृष्ण, वियार प्रमिला देवी, संजय वियार इत्यादि ग्रामीणों ने सीओ सह एमओ विकास पांडेय व प्रमुख करुणा सोनी को लिखित आवेदन देकर मार्च माह के राशन के लिए अंगूठा लगवा कर राशन नहीं देने की शिकायत की थी। इस बात के लिए उपभोक्ता जब डीलर से पूछे तो टालमटोल कर दिया जाता। बार बार इस प्रकार के घटना से ग्रामीणों ने नाराज होकर इसकी शिकायत की थी। आवेदन के अलोक में प्रमुख करुणा सोनी ने डीलर के गोदाम की जांच की थी, जिसमे यह पाया गया था की उक्त डीलर द्वारा राशन का उठाव मार्च माह का कर लिया गया और गोदाम में राशन नहीं पाया गया। ग्रामीणों के बीच वितरण भी नहीं किया गया। इसके बाद डीलर को कड़ी फटकार लगाई थी। इस संबंध में सीओ सह एमओ विकास पांडेय ने कहा कि पूरे मामले की जांच करायी जायेगी।

## न्यूज बॉक्स

### उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ संपन्न

**केतार।** सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व पर चैती छठ शुक्रवार को उदीयमान सूर्य के अर्घ्य के साथ सम्पन्न हो गया। मुकुंदपुर के सूर्य नारायण वन छठ घाट पर छठ व्रती गुरुवार कि शाम दंडवत करते हुए पहुंचे। स्नान के बाद अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर पूरी रात छठ घाट पर रूक कर छठ व्रत पूरा किया। छठ पूजा के चौथे दिन उदीयमान सूर्य के अर्घ्य के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास का पारण किया। छठ घाट से लेकर गांव तक प्रसाद वितरण किया गया। सूर्य नारायण वन छठ घाट पर छठ व्रतियों के लिए पेयजल, लाइटिंग व्यवस्था, मेडिकल कैप, स्नान के लिए झारना लगाये गये थे। रात्रि में लगे मेले में हजारों की संख्या में लोग पहुंच कर मेला का लुत्फ उठाया। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी दल-बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते रहे। मौके पर मंदिर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष मुकेश प्रसाद, विनोद गुप्ता, चन्दन प्रसाद, धर्मेन्द्र सिंह, दिल किशोर प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय

**केतार।** रामनवमी मेला व शोभा यात्रा में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर मां चतुभुर्जी शक्तिपीठ भगवती मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को बीडीओ प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति कि बैठक हुई। बैठक में दोनों समुदायों के प्रबुद्ध लोग शामिल होकर शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी जूलूस निकालने पर सहमति जताई। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि जूलूस चतुभुर्जी मंदिर परिसर से दोपहर 3 बजे निकलेगी, जो प्रखंड कार्यालय के समीप से होते हुए बेलाबार-नावाडीह गांव, कोल मोड़ के रास्ते केतार बाजार पहुंच कर सम्पन्न हो जायेगा। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने कहा कि जूलूस के दौरान ड्रोन कैमरा से नजर रखी जायेगी। उन्होंने जुलूस के दौरान भड़काऊ नारा नहीं लगाने एवं भड़काऊ गाना नहीं बजाने का निर्देश दिया। उन्होंने रामनवमी शोभायात्रा शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए मंदिर समिति एवं दोनों समुदाय के लोगों से सहयोग की अपील की। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने रामनवमी कि शुभकामनाएं देते हुए शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने को कहा। बीडीओ ने कहा कि यह केतार कि खुबसूरती है यहां के मुस्लिम समुदाय के लोग जूलूस के दौरान स्वागत कर जलपान एवं शरबत का प्रबंध करते हैं। उन्होंने कहा कि चार स्थानों पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस तैनात रहेंगे। सोशल मीडिया पर अफवाह नहीं फैलाएं, किसी अनहोनी कि सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को देने, डीजे हाइकोर्ट के निर्देश का पालन करते हुए बजाने का निर्देश दिया। उन्होंने रामनवमी मेला के दौरान वॉलेंटियर तैनात करने का निर्देश मंदिर कमेटी को दिया। बीडीओ ने कहा कि जूलूस के दौरान सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई कि जायेगी।अध्यक्ष प्रमोद कुमार, सचिव हेमंत पाठक, उपाध्यक्ष बिंदू राम,प्रमोद शुक्ला, ज्वाला प्रसाद, राम बिचार साहू, राजकुमार पाठक, श्याम सुंदर बैठा,कुण्डल सिंह, रामप्रसाद कमलापुरी,रमेश पाठक, शुशील पाठक, उदय प्रसाद,दीपक सिंह, त्रिपुरारी सिंह , कन्हाई प्रसाद,संजय पाल,हकीमुद्दीन अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, मुजाहिदीन अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### नये सत्र में नामांकित बच्चे को प्रोत्साहित किया

**रमना।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 अंतर्गत सभी सरकारी विद्यालयों में वर्ग एक से लेकर वर्ग आठ तक नामांकन प्रारंभ हो गया है। वर्ग एक से वर्ग पांच तक के विद्यार्थियों के नामांकन के लिए आवश्यक दस्तावेज में आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज की दो फोटो, आधार कार्ड, माता-पिता का अन्यत्र नहीं पढ़ने का प्रमाण पत्र की छाया प्रति के साथ वर्ग एक में नामांकन के लिए बच्चे की उम्र छः वर्ष होना चाहिए। वर्ग छह से आठ में नामांकन के लिए स्थानांतरण प्रमाण पत्र,अपारकार्ड नंबर, आधार कार्ड बैंक पासबुक और मोबाइल नंबर सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है। राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग-2 में सत्र 2025-26 के लिए शुक्रवार को वर्ग एक में एक छात्र का नामांकन उसके माता पिता ने कराया। इस सत्र के प्रथम नामांकन होने की खुशी में प्रधान शिक्षक नंदकिशोर चौबे ने नामांकित बच्चे को चाकलेट और पुस्तके देकर खुशी जताया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष आशुतोष कुमार, शिक्षक रविन्द्र पाल, सहायक अध्यापक मनोज कुमार सिंह उपस्थित थे।

## एक नजर

### फरार अरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



**भवनाथपुर।** थाना में नामजद फरारी आरोपी पिंटू चंद्रवंशी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त पिंटू चंद्रवंशी ग्राम रेलवे कॉलोनी भवनाथपुर का निवासी है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### राम भक्तों ने बाइक जुलूस निकाली



**रंका।** सोनदाग पंचायत के रामनवमी पूजा समिति द्वारा बाइक जुलूस निकाली गई। राम भक्त जय श्री राम का जयघोष लगा रहे थे। रंका प्रखंड के सोनदाग पंचायत के रामनवमी पूजा समिति द्वारा श्री राम चौक से सोनदाग पंचायत के मुखिया रीमा देवी के अध्यक्षता में यह बाइक जुलूस निकाली गई। यह जुलूस सोनदाग पंचायत के विभिन्न टोला, मुहल्लों का भ्रमण करते हुए रंका पंचायत व खरडीहा पंचायत के सभी धर्मस्थल के बाद रंका बजनवा महावीर मंदिर पहुंची। वहां पर जुलूस में उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तों को स्वागत किया गया। इस संबंध में सोनदाग पंचायत के मुखिया रीमा देवी ने बताया कि हर वर्ष सोनदाग पंचायत में रामनवमी पूजा समिति द्वारा बाइक से भव्य जुलूस निकल जाती है।

### उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ संपन्न



**रंका।** गिदीयाही नदी शिव स्थान छठ घाट पर उदीयमान भगवान भाष्कर को अर्घ्य के साथ छठ पूजा संपन्न हो हो गया। रंका गिदीयाही नदी शिव स्थान छठ घाट पर छठ व्रतियों द्वारा उदीयमान भगवान भाष्कर को पूरे विधि विधान के साथ अर्घ्य दिया गया। छठ पूजा के अवसर पर छठ व्रतियों के द्वारा पूरे रात छठ गीत से गिदीयाही नदी शिव स्थान छठ घाट भक्तिमय रहा । हजारों की संख्या में छठ घाट पर पहुंच कर लोगों ने माथा टेक कर भगवान भाष्कर को अर्घ्य दिया। गिदयाही नदी छठ घाट शिवस्थान के अध्यक्ष रमेश राम, राजेंद्र राम, राकेश कुमार, पंकज कुमार, अनिल कुमार, कपिल दुबे, नवल दुबे, गोविंद कुमार, विजय कुमार उपस्थित थे।

# अवैध गैस गोदाम दूसरी स्थानों पर शिफ्ट नहीं करने पर होगी कार्रवाई : एसडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय ने पिछले माह गढ़वा शहरी क्षेत्र स्थित गैस एजेंसियों के औचक निरीक्षण के क्रम में प्रथम दृष्टया अनियमितताएं मिलने पर तीन गैस एजेंसियों के संचालकों को एक सप्ताह का समय देते हुए कड़ा नोटिस दिया था। दरअसल शहरी क्षेत्र अंतर्गत तीन गैस एजेंसियों के गोदाम शहरी क्षेत्र में होने की पुष्टि हुई थी, जिनको ग्रामीण वितरक का लाइसेंस प्राप्त है। लेकिन इनके द्वारा शहरी क्षेत्र में सेवा प्रदाता का काम करते हुए उनके अवैध गैस गोदाम शहरी क्षेत्र अंतर्गत पाए गए थे। इस पर एसडीओ ने कचहरी रोड स्थित आर्यन एचपी गैस ग्रामीण वितरक एजेंसी, मेराल, भारद्वाज भारत गैस एजेंसी कल्याणपुर, मां दुर्गा एचपी गैस एजेंसी ओबरा के संचालकों को नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह के अंदर शहरी क्षेत्र से इन गोदामों को हटाने का निर्देश दिया था। साथ ही उनसे स्पष्टीकरण पूछा गया था, कि क्यों नहीं उनकी अनुज्ञप्ति रद्द करने की दिशा में कार्रवाई की जाए। तीन हफ्ते बीत जाने के बावजूद भी उन्होंने इन गोदामों को स्थानांतरित नहीं कराया है। इस पर संजय कुमार ने इन सभी एजेंसियों को आखिरी दो दिन का समय दिया है। कहा कि इस दौरान शिफ्ट नहीं करने वालों के विरुद्ध अनुज्ञप्ति रद्द करने की अनुशंसा के अलावा अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



# दो पंचायतों में पेंशन शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को बलिगढ और केतार पंचायत सचिवालय केतार में पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से केतार, बलिगढ़ पंचायत के सभी वार्डों से महिला- पुरुष योग्य लाभुकों ने संबंधित दस्तावेज लगाकर फार्म जमा किया। केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार ने बताया कि इस पेंशन शिविर में 72 लाभुकों ने मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के लिए जामा किया है। मुखिया ललिता कुमारी ने बताया कि 129 आवेदन जामा हुआ है। उक्त सभी आवेदनों का जांच के बाद प्रखंड कार्यलय में जमा कराकर पेंशन पोर्टल में इंट्री कराया जाएगा। इसके बाद योग्य लाभुको का पेंशन की राशि खाते में जाने लगेगा। मौके मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता,पंचायत सचिव आयुषी चौबे, आदित्य कुमार, रोजगार सेवक धीरेन्द्र विश्वकर्मा, रामकुमार प्रजापति,शिवदत्त मेहता, बीरबल राम, रामाश्रय राम,पचन राम, रामनारायन राम, जगनारायण राम,पनकली देवी उपस्थित थे।

# रामनवमी जुलूस का ड्रोन से की जाएगी निगरानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनवमी त्योहार को लेकर पुलिस द्वारा किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरा के माध्यम से निगरानी की जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि ड्रोन कैमरा से शुक्रवार को संवेदनशील इलाकों में मॉक ड्रिल किया गया। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों के साथ धार्मिक स्थलों पर भी निगरानी किया जा रहा है। त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को पुलिस ने थाना क्षेत्र के दलेली, चामा, मेराल में रामनवमी जुलूस के घोषित मार्ग और धार्मिक स्थलों के आस पास सीसीटीवी कैमरे से मॉक ड्रिल किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि रामनवमी जुलूस के दौरान उपद्रव करने वालों का पहचान कर कड़ी कार्रवाई किया जाएगा।

# रामनवमी में भगवा ध्वज व रामचरितमानस पाठ से भक्ति का बना माहौल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड व नगर पंचायत क्षेत्र में इस समय रामनवमी के अवसर पर एक विशेष भक्ति वातावरण देखने को मिल रहा है। हर देवस्थान में रामचरितमानस का पाठ किया जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक और भक्ति का आभास हो रहा है। रामनवमी के शुभ अवसर पर हर घर और मार्गों पर भगवा झंडा लहराता हुआ नजर आ रहा है। यह दृश्य प्रखंड और नगर पंचायत के हर कोने में देखने को मिल रहा है। रामचरितमानस का पाठ विशेष रूप से मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है, जहां श्रद्धालु एकत्रित होकर श्रीराम के जीवन और उनके आदर्शों को सुन रहे हैं। इस आयोजन से इलाके में धार्मिक जागरूकता और एकता का संदेश भी फैल रहा है। सभी देवस्थानों पर इस समय भक्तों की भारी भीड़ देखी जा रही है, जो इस पावन अवसर पर भगवान श्रीराम की उपासना कर रहे हैं। विशेष रूप से नगर पंचायत क्षेत्र में सड़कों के किनारे लगाए गए भगवा ध्वज से क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और आस्था की गूंज सुनाई दे रही है। इस धार्मिक आयोजन के दौरान स्थानीय लोग रामचरितमानस के श्लोकों का उच्चारण करते हुए पूरे वातावरण को भक्ति और श्रद्धा से सराबोर कर रहे हैं। यह आयोजन मझिआंव प्रखंड में धार्मिक एकता और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बन गया है, जिससे यहां के निवासी अपने सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को और भी मजबूत बना रहे हैं।

# बिहार से भटकर कर बच्चा भंडरिया पहुंचा, पुलिस ने परिजनों तक पहुंचाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** बिहार राज्य से भटक कर नाबालिग लड़का भंडरिया पहुंचा गया। थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम के पहल पर उसे परिजनों को सौंपा दिया गया। बिहार राज्य के आरा जिला के भोजपुर थाना क्षेत्र के पंडुरा पामपूर निवासी मुटी राम के 11 वर्षीय पुत्र अखिलेश कुमार एक सप्ताह पूर्व अपने घर से लापता था। उसे परिजनों द्वारा रिश्तेदार समेत आस पास खोजा जा रहा था। लापता युवक के पिता ने बताया कि दोनों पति-पत्नी सास कि तबीयत खराब की सूचना पर अपने ससुराल गए थे। उनका बेटा दो छोटे-छोटे बहनों के साथ घर पर था। दोनों के घर लौटने पर अपने लड़के को नहीं देखने पर आस पास के गांव में खोजबीन कर ही रहे थे कि मंगलवार को थाना के चौकीदार द्वारा घर पहुंच कर फोटो दिखाते हुए बताया गया कि मेरा लापता बेटा झारखंड राज्य के भंडरिया थाना में पुलिस के देख रेख में है। इस संबंध में थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम ने बताया कि पुलिस जवानों द्वारा गश्ती के दौरान भंडरिया इंदिरा गांधी चौक पर अनजाना सा लड़का को देखकर पूछताछ करने पर पता चला कि यह बच्चा बिहार राज्य का है। वह भटक कर इधर आ गया है। बच्चे द्वारा गांव व पिता के नाम बताने पर संबंधित थाना से संपर्क कर इसके परिजनों से संपर्क किया गया। इसके बाद माता-पिता को बच्चे को सुपुर्द कर दिया गया।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन, हर्ष



**केतार।** प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत के मध्य विद्यालय सिंहपुर के छात्र कृष्णा कुमार, पिता स्वर्गीय उमेश राम ने जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय और गांव का मान बढ़ाया है। कृष्णा का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय गढ़वा में कक्षा 6 के लिए हुआ है। कृष्णा के चयन से गांव-घर में हर्ष का माहौल है। कृष्णा ने अपने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों को दिया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेन्द्र राम, सहायक शिक्षक अनुज सिंह, धनंजय तिवारी ने कृष्णा के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मुखिया मूंगा साह ने शुभकामनाएं देते हुए कहा की छात्र को सम्मानित किया जाएगा।

### तक्कू साह मजार पर चादरपोशी की गई, कव्वाली आज

**रंका।** तक्कू शाह दाता के मजार शरीफ पर सलाना उर्स के मौके पर शुक्रवार को चादरपोशी की गई। बता दें कि मजार से लोगों की काफी आस्था जुड़ी है। चादरपोशी करता है या इनके जो दर पर आता है, उसकी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। मजार शरीफ पर झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, यूपी, मध्य प्रदेश आदि राज्यों से पहुंच कर इनके मजार पर लोग चादरपोसी करते हैं। साथ ही बाबा के कृपा से अपनी झोली लोग भरते हैं। इसलाहुल मुसलमिन कमेटी द्वारा चादरपोसी की गई। रात्रि 9 बजे जलसा का आयोजन किया गया है। शनिवार रात्रि कव्वाली का आयोजन किया गया है। यह कव्वाल यूपी मेरठ के अजमत आफताब वारसी व दिल्ली का रेहान अली द्वारा कव्वाल का प्रस्तुत की जाएगी। मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर होंगे। विशिष्ट अतिथि गिरीनाथ सिंह होंगे। यह कार्यक्रम शायैदना उर्स कमेटी रंका द्वारा आयोजित की गई है। कमेटी में सदर मोहम्मद सलीम, मोहम्मद परवेज, हारून रशीद, सेक्रेटरी मोहम्मद फिरोज, मोहम्मद नजीर शाह, मोहम्मद खान, मोहम्मद अलीम, मोहम्मद मदन खान, खजांची मोहम्मद इरफान, मोहम्मद आदि द्वारा यह कार्यक्रम उर्स की जा रही है।

## पूजा-पाठ

**भजन गायिका शहनाज अख्तर करेंगी परफॉर्म**

# श्रीराम सेना ने रामनवमी को लेकर शहर में निकाली शोभा यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** रामनवमी को लेकर श्री राम सेना द्वारा शहर में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में शामिल सैकड़ों लोग बाइक पर थे। लाला बागी स्थित हनुमान मंदिर में पूजा पाठ के बाद शोभा यात्रा शुरू हुई। शोभा यात्रा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से होती हुई पाल्हे कला स्थित पंचमुखी मंदिर तक गई। इस दौरान यात्रा में शामिल लोग भगवा झंडे और पगड़ी धारण किए हुए थे। हर हर महादेव, जय बजरंग बली, जय श्री राम जैसे जयघोष कर रहे थे। श्री राम सेना के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू ने बताया कि श्री बंशीधर नगर में रामनवमी को लेकर खास उत्साह है। देश की मशहूर भजन गायिका शहनाज अख्तर भी शहर में परफॉर्म करेंगी। उन्होंने लोगों से रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाने मे सहयोग की अपील किया है। शोभा यात्रा में विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव, झामुमो युवा नेता मानवेन्द्र प्रताप देव उर्फ मन्नू बाबा,श्री सेना अध्यक्ष रजनीकांत मधुर, कामेश्वर प्रसाद संजीत कुमार छोटू,अशोक जायसवाल, बबलु जायसवाल, रूपेश कुमार पप्पू अनमोल, कामता प्रसाद, प्रताप जायसवाल, ओमप्रकाश चौबे, कमलेश मेहता, मिंटू कुमार, ऋतुराज जायसवाल, शिवम कुमार, आशीष कुमार, बबलू केशरी, नित्यानंद कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।


## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

**फ्राई कैचिंग नेट आपूर्त्ति हेतु अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय झारखण्ड रॉची के पत्रांक 268 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में फ्राई कैचिंग नेट आपूर्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में लातेहार जिला के निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को फ्राई कैचिंग नेट उपलब्ध कराने हेतु निविदा के शर्तो के अधीन निविदा आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की शर्त्ते www.latehar.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा दिनांक 12.04.2025 के अपराह्न 2:30 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में आमंत्रित की जाती है एवं निविदा उप विकास आयुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में दिनांक 15.04.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे खोली जायेगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार

PR 349680 Fish (25-26)_D

## कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

**सैरात बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 01/2025–26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निम्नलिखित सैरातों की बंदोबस्ती खुली डाक द्वारा नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के कार्यालय के सभागार में की जायेगी :–

| क्र0 | सैरातों का नाम | सरकारी डाक की राशि | प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | ग्रामीण बैंक के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 264100.00 | 26410.00 |
| 02 | चेचरिया पुल के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 275100.00 | 27510.00 |
| 03 | बैल बाजार के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 154000.00 | 15400.00 |
| 04 | जंगीपुर मोड़ के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 66000.00 | 6600.00 |
| 05 | श्री बंशीधर नगर हाट/बाजार सैरात की बंदोबस्ती | 650000.00 | 65000.00 |
| 06 | बस स्टैंड, नगर उंटारी सैरात की बंदोबस्ती | 660100.00 | 66010.00 |

बैठक में भाग लेने वाले व्यक्ति नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर द्वारा निर्गत आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से बैंक ऑफ इण्डिया, नगर उंटारी में देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर प्रबंधक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट, www. garhwa. nic. in एवं विभागीय वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| प्रतिभूति राशि जमा करने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर |
| प्रतिभूति राशि जमा करने का तिथि एवं समय | दिनांक 12.04.2025 (पूर्वा0 11.00 बजे से अप0 02.00 बजे तक) |
| डाक बोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर |
| डाक बोलने का तिथि एवं समय | दिनांक 12.04.2025 (अप0 03.00 बजे से) |

प्रशासक,
न0पं0, श्री बंशीधर नगर।

PR.NO.349717 Urban Development(25-26):D

# आपसी सहयोग से लातेहार जिला निरंतर विकास की ओर अग्रसर : अपर समाहर्ता



**जिला स्थापना दिवस पर स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी**

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला स्थापना दिवस के मौके पर शुक्रवार (चार अप्रैल) को जिला मुख्यालय में विभिन्न स्कूलों के छात्र व छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी। इसके अलावा जिला प्रशासन व आम नागरिकों के द्वारा सदभावना दौड़ का आयोजन किया गया। सदभावना दौड़ कारगिल पार्क से शुरू की गयी। मौके पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, प्रभारी उप विकास आयुक्त प्रभात रंजन चौधरी, जिला शिक्षा अधीक्षक गोविंद साहू और जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डा चंदन समेत विभिन्न स्कूलों के छात्र व छात्राएं शामिल थे। सदभावना दौड़ कारगिल पार्क से शुरू हो कर समाहरणालय तक पहुंची। यहां लोगों को संबोधित करते हुए अपर समाहर्ता रामा रविदास ने कहा कि जब से लातेहार जिला बना है, तब से विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए लगातार विकास की ओर आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग से लातेहार जिला निरंतर विकास की ओर अग्रसर है और आगे बढ़ रहा है। इसमें सबों का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने लातेहार जिला वासियों को जिला स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। जिला स्थापना दिवस पर जिला मुख्यालय के उत्क्रमित उच्च विद्यालय चंदनडीह, मध्य विद्यालय बाजार, उत्क्रमित उच्च विद्यालय आश्रम व करकट, एसओई बालक व बालिका विद्यालयों के छात्र व छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी। चार अप्रैल को लातेहार जिला स्थापना दिवस के मौके पर जिला प्रशासन के द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों का प्रारंभ प्रातः छह से सात बजे तक प्रभात फेरी व सदभावना दौड़ से की गयी। इसके बाद आठ बजे कारगिल पार्क में शहीद स्मारक में माल्यार्पण किया गया। पूर्वाह्न 10 बजे से इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता व पांच बजे से जिला स्टेडियम में फैंसी क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। संध्या छह बजे से पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में कृषि मेला का आयोजन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# जुलूस मार्ग का सीओ व थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** रामनवमी महापर्व को देखते हुए अंचल अधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा व थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने प्रखंड के विभिन्न पंचायत के जुलूस मार्ग का अवलोकन किया। इस क्रम में सड़क पर रखा बालू, ईट, छरी को हटाने का निर्देश दिया। उपस्थित ग्रामीणों से भाईचारे व शांति व्यवस्था बनाते हुए महापर्व को मनाने की अपील की। कहा किसी भी तरह के अफवा पर ध्यान न देकर स्वविवेक से त्योहार को मनाएं। अधिकारियों ने असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखने का भी अपील की। कहा कि किसी भी तरह की समस्या या अफवाह फैलने पर इसकी सूचना प्रशासन को अवश्य दें, ताकि समय रहते त्वरित कार्रवाई किया जा सके। अधिकारियों ने प्रखंड के द्वारी, गांगपुर, गिद्धौर, बरटा, सिंदुआरी, पहरा, पेक्सा, बारिसाखी, पिंडारकोण सहित अन्य गांव का भ्रमण किया।

## न्यूज बॉक्स

### बीडीओ ने की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी के कक्ष में शुक्रवार को विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गयी।योजनाओं की समीक्षा प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने की। बीडीओ ने मनरेगा के साथ प्रखंड के विभिन्न पंचायत में किए जा रहे कूप निर्माण को जल्द पूर्ण करने,अबुआ आवास में मजदूरों का डिमांड करने का निर्देश दिया। मापी पुस्तिका तैयार करते हुए पूर्ण योजनाओं को बंद करने को कहा। बीडीओ ने आवास प्लस के तहत प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के लाभुकों को जिओ टैग करने को कहा। बैठक में 15वें वित योजना की भी समीक्षा की गई। मौके पर प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी,प्रखंड समन्वयक फरहत नाजनी,बीपीओ रामकुमार सिंह,एई मनोज कुमार,जेई सचिनदत्त शर्मा,पंचायत सचिव सहित मनरेगा कर्मी थे।

### महावीर मंडल की बैठक में रामनवमी पूजा पर चर्चा

**चंदवा।** श्री रामनवमी पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर महावीर मंडल देवी मंडप की बैठक स्थानीय मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष हरिनंदन दुबे ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रामनवमी पूजा समिति के द्वारा देवी मंडप में पूजा अर्चना व प्रसाद वितरण भक्तों के बीच श्रद्धा पूर्वक किया जायेगा। उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर से इस निर्णय का स्वागत किया। देवीमण्डप पूजा समिति ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि देवीमण्डप समिति के नाम पर कोई सहयोग व दान की मांग करते हैं, तो उन्हें सहयोग न करें। बैठक के दौरान रामनवमी पूजा में साफ सफाई, प्रकाश की व्यवस्था के अलावा मंदिर परिसर की मरम्मती व सड़क किनारे झंडा लगाने समेत अन्य कार्यों को लेकर गंभीरता से चर्चा की गयी। मौके पर सूरज यादव,विनय यादव,रमेश राम, नीरज,नरेश यादव,उदय तिवारी,पंडित श्यामनन्दन मिश्र के अलावे बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### बोकारो लाठीचार्ज में हुई मौत की मजदूर यूनियन ने निंदा की

**चंदवा।** झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन की बैठक शुक्रवार को यूनियन कार्यालय में अलाउद्दीन पप्पू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बीएसएल से जमीन का मुआवजा और नौकरी की मांग कर रहे आम जनता पर लाठी चार्ज में प्रेम महतो की मौत पर कड़ी निंदा व आक्रोश व्यक्त की गई। साथ ही दैनिक मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि झारखंड अब बड़े उद्योगपतियों का चारागाह बनता जा रहा है। विकास के नाम पर गरीबों की जमीन छीनी जा रही है। इसके खिलाफ जब जनता विरोध करती है, तो उन्हें लाठी और गोलियां मिलती है। पुलिस प्रशासन बड़े पूंजीपतियों के हाथों की कठपुतली बनती जा रही है। इसमें जनता बुरी तरह पिस रही है। लाठी चार्ज में शामिल पुलिस कर्मी ही नहीं बड़े पदाधिकारी, जो उस वक्त ड्यूटी पर मौजूद मजिस्ट्रेट को भी सस्पेंड कर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए और मृतक के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाना चाहिए। बैठक में पप्पू बैठा, अनिल उरांव,सुरेश बासपति, अजीत उरांव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी घायल

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत बारियातू के टोटी हेसला मार्ग पर बरवाडीह गांव के समीप हाइवा के चपेट में आने से बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे बाइक में सवार पति-पत्नी घायल हो गए। घायल की पहचान टोटी हेसला गांव निवासी बुधु उरांव (50वर्ष) एवं पत्नी पनवा देवी (47 वर्ष )के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पति-पत्नी बारियातू के ओर से कुछ आवश्यक कार्य कर वापस अपने घर टोटी गांव लौट रहे थे। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार की गई। चिकित्सक ने बताया कि घायलो के सिर, पैर सहित शरीर के कई हिस्से में चोट आई है।

### उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया

**चंदवा।** सूयोर्पासना का महापर्व चैती छठ शुक्रवार को संपन्न हो गया। श्रद्धालु उगते सूर्य की प्रतीक्षा में आसमान को निहारते रहे। सूर्य की लालिमा देखते ही देवनद दामोदर छठ घाट, छठ मइयां व सूर्य भगवान के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने दूध,जल से अर्घ्य अर्पित कर सुख,शांति व समृद्धि की कामना की तत्पश्चात प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर छठ घाट पर बड़ी संख्या में छठ व्रती व श्रद्धालु मौजूद थे।

### पुलिस ने जब्त किया अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के रुपिन गांव के समीप से शुक्रवार को पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया। जब्त ट्रैक्टर थाना क्षेत्र के सिंदुआरी गांव का बताया जा रहा है। बताया गया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। सूचना प्राप्त हुआ था कि घटेरी नदी से अवैध रूप से बालू का खनन किया जा रहा है। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अवैध रूप से बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। इस कार्रवाई से तरी,घटेरी,ब्रह्मपुर व मंझगांवा में अवैध रूप से बालू के कारोबार करने वाले माफियाओं में हड़कंप मच गया है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि अवैध रूप से बालू के कारोबार करने वाले माफियाओं के विरुद्ध लगातार करवाई किया जाएगा। उन्होंने अग्रेत्तर कार्रवाई को लेकर अंचल अधिकारी को प्रतिवेदन समर्पित कर दिया है।

### राशन लेने के लिए पहाड़ों पर जा कर लगाना पड़ता है अंगूठा

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड के दर्जनों गांवों में सैकड़ो लोगों को पीडीएस डीलर से राशन प्राप्त करने के लिए पहाड़ों पर जाकर अंगूठा लगना पड़ता है। इसका मुख्य कारण है क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की समस्या का होना। यहां के लोगों को राशन लेने के कभी-कभी पूरे दिन इंतजार करना पड़ता है या फिर पहाड़ों पर जा कर नेटवर्क ढूंढ कर अंगूठा लगाना पड़ता है। तब जा कर वे अपने परिवार के लिए राशन प्राप्त कर पाते है। इस समस्या का मुख्य कारण क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की काफी कमी का होना है, जिससे लोगों को अपने फोन का उपयोग करने में भी परेशानी होती है। बीएसएनएल टॉवर लगने के बाद भी यह समस्या अभी तक बनी हुई है। बीएसएनएल टॉवर सिर्फ शोभा की वस्तु बनी हुई है, जिससे लोगों को अपने दैनिक कार्यों के लिए बहुत परेशानी होती है। हलांकि सरकारी स्तर पर इस समस्या का समाधान करने के लिए अभी तक कोई विशेष पहल नहीं की गई है, जिससे लोगों की परेशानी यथावत बनी हुई है। ग्रामीण कहते हैं कि कभी विषम परिस्थितिओं में बात करने के लिए मोबाईल नेटवर्क ढूढ़ते ढूढ़ते घंटो बीत जाता है। ऐसे में कोई अनहोनी घटना भी घट जाता है। ग्रामीण लगातार प्रभावित क्षेत्र मे मोबाईल टावर लगाने व चालू करने की गुहार लगाते आ रहे हैं, लेकिन अभी तक इसका समाधान नहीं हो सका है। अन्य कई तरह के डिजिटल कार्यों को भी करने मे परेशानी उत्पन्न होती है।

### मारवाड़ी युवा मंच ने किया प्याऊ का शुभारंभ

**लातेहार।** मारवाड़ी युवा मंच ने चार अप्रैल को जिला स्थापना दिवस के अवसर पर यात्री पड़ाव, जुबली चौक स्थित श्री संकट मोचन भवानी मंदिर परिसर में अमृत जलधारा अभियान के तहत आरओ युक्त वातानुकूलित स्थाई प्याऊ का शुभारंभ किया गया। पूर्व मंत्री वैद्यनाथ राम और मारवाड़ी युवा मंच लातेहार के संस्थापक सदस्य सह चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल द्वारा उक्त प्याऊ का विधिवत उद्घाटन किया गया। उसके पूर्व विधिवत वैदिक परंपरा से पूजन किया गया। बताते चले कि लातेहार में मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा यह दूसरा प्याऊ शुरू किया गया है। इसके अलावा नवरंग चौक में भी प्याऊ संचालित है। श्री अग्रवाल ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच लातेहार के द्वारा बताया गया कि मंच द्वारा अमृत जलधारा कार्यक्रम के तहत लातेहार शहर में पांच प्याऊ संचालित करने की योजना है। उस क्रम में यह दूसरा प्याऊ स्थापित किया गया है,ताकि राहगीरों को शुद्ध शीतल पेयजल उपलब्ध हो सके। मारवाड़ी युवा मंच लातेहार की सबसे पुरानी और पहली स्वयंसेवी संस्था है। संस्था के द्वारा रक्तदान, कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण, मोतियाबिंद ऑपरेशन, कैंसर जांच के अलावा अनेकों सामाजिक क्षेत्र के कार्यों में बढ़चढ़ योगदान दिया गया है। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, भाजपा नेता राजधनी प्रसाद यादव, दिशा सदस्य रामदेव सिंह, विनोद महलका , डा विशाल शर्मा मारवाड़ी युवा मंच लातेहार के सचिव अनूप महलका, सह सचिव रितेश महलका, दिनेश महलका, निर्मल महलका, संदीप भूत, आशीष भूत, निखिल अग्रवाल, सुभाष महलका,सुरजीत , रितेश अग्रवाल, गौरव महलका व अन्य शामिल थे।

### धार्मिक आयोजनों से आती है क्षेत्र में सुख व समृद्धि : बैद्यनाथ राम



**लातेहार।** पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि धार्मिक व अध्यामिक आयोजनों से क्षेत्र में सुख व समृद्धि आती है। आज के इस भौतिक युग में अध्यात्म की प्रसांगिता से कोई इंकार नहीं कर सकता है। पूर्व मंत्री शहर के जुबली रोड में संकट मोचन भवानी मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मां भवानी दुर्गा शक्ति की प्रतीक है। मां दुर्गा ने असुरों का नाश किया था और देवताओं को असुरों के प्रकोप से मुक्त कराया था। उन्होंने कहा कि आज समाज की नारियां इसे चरितार्थ कर रही है और समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए सामूहिक रूप से आगे आने की अपील की। पूर्व मंत्री ने नौ कन्याओं का पूजन व फीता काट कर भंडारा का प्रारंभ किया। इससे पहले पंडित अनिल मिश्रा के सानिध्य में हवन व पूर्णाहुति की गयी। मौक पर मुख्य यजमान के रूप में साकेत कुमार सप्तनीक मौजूद थे। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रमोद प्रसाद सिंह, सुशील कुमार अग्रवाल, राजधनी प्रसाद यादव, डा विशाल शर्मा, रामदेव सिंह,जय प्रकाश महलका, मंदिर समिति के अध्यक्ष निर्मल कुमार महलका, सचिव प्रदीप प्रसाद गुप्ता, बिहारी प्रसाद गुप्ता, मुरारी प्रसाद,साकेत कुमार अजय कुमार, विजय कुमार, साकेत कुमार, नीतेश कुमार, अनिल प्रसाद, सुरेश प्रसाद, दिलीप प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद, जीतेंद्र प्रसाद गुप्ता, नवल किशोर प्रसाद, कंचन कुमारी व जया कुमारी आदि मौजूद थे। भंडारा में लातेहार एवं आसपास के क्षेत्रों के हजारों लोगों ने संकट मोचन भवानी मंदिर में माथा टेका और अपने एवं अपने परिवार की कुशल कामना की। भंडारा में लोगों ने बड़े श्रद्धा से माता का प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ महापर्व छठ

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। चार दिवसीय छठ के मौके पर व्रतियों ने चौथे दिन उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। तीसरे दिन गुरुवार की शाम छठ व्रतियों ने अस्तालगामी भगवान भास्कर (डूबते सूर्य) को पहला अर्घ्य अर्पित किया था। लातेहार जिला मुख्यालय में छठ व्रतियों ने हजारों की संख्या में अलग-अलग तालाब और नदियों एवं घरों में भगवान भास्कर की पूजा की।लातेहार जिला मुख्यालय के चाणक्यनगरी छठ घाट, पंपू कल स्थित छठ घाट, रेलवे स्टेशन स्थित औरंगा नदी सहित अन्य स्थानों सुबह से ही लोग स्नान कर पूजा की सामाग्री दउरा और सूप में सजाकर पहुंचे थे। इस दौरान लोगों ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया।छठ पूजा के चौथे दिन उगते सूर्य यानी उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठ व्रतियों ने 36 घंटे का अपना निर्जला उपवास का पारण किया। सभी के बीच ठेकुआ सहित अन्य प्रसाद का वितरण किया गया। पुरोहित दिलीप शुक्ला ने बताया कि उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के पीछे पौराणिक मान्यताएं हैं। मान्यताओं के अनुसार, सूर्य षष्ठी का व्रत आरोग्य की प्राप्ति, सौभाग्य और संतान के लिए रखा जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार, राजा प्रियव्रत ने भी छठ व्रत रखा था। उन्हें कुष्ठ रोग हो गया था। इस रोग से मुक्ति के लिए भगवान भास्कर ने भी छठ व्रत किया था।

### उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चैती छठ संपन्न

**बालूमाथ।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ शुक्रवार को उगते सूर्य देव को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय छठ पूजा संपन्न हुआ। लोक आस्था का पर्व छठ मंगलवार नहाए खाए के साथ शुरू हुआ था फिर बुधवार को विधि विधान के साथ खीर भोजन,बृहस्पतिवार को भगवान भास्कर ( डूबते सूर्य) को पहली अर्घ्य एवं शुक्रवार को उगते हुवे भगवान भास्कर को द्वितीय अर्घ्य बालूमाथ सार्वजनिक छठ पूजा तालाब, मकईया टांड़ नदी आदि ग्रामीण इलाकों के जलाशयों में दिया गया। छठ व्रती पूरे चार दिनों तक निर्जला उपवास कर छठ पूजा की । वहीं छठ पूजा को लेकर सनातन धर्म प्रेमियों में काफी आस्था देखा गया। शुक्रवार को सार्वजनिक छठ तलाब में पंडित अमर कुमार मिश्रा के द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजा कराया गया जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु पूजा में शामिल हुए। छठ व्रतीयों ने घर परिवार की सुख समृद्धि और संतान प्राप्ति के लिए प्राथना की ।इसके बाद छठव्रतीयों ने बालूमाथ स्थित देवी गुड़ी मंडप, महावीर मंदिर एवं सत्यहारनी देवी मंडप आदि धार्मिक स्थान में पूजा करते देखे गए। आस्था के इस महापर्व में स्थानीय पुलिस प्रशासन भी काफी सक्रिय देखे गए। पुलिस सुरक्षा को लेकर गस्ती करते नजर आए एवं छठ घाट पर भी पुलिस का पैनी नजर रही।

### 'ग्रेजुएशन सेरेमनी बच्चों के बौद्धिक विकास में मदद करता है'

**गिद्धौर (चतरा)।** शहर के काली मंदिर के समीप संचालित आरंभ किड्स प्ले स्कूल में शुक्रवार को ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजद के प्रदेश महिला महासचिव रश्मि प्रकाश थी। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समारोह में बच्चों ने ग्रेजुएशन गाउन और टोपी पहनकर भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक नृत्य एवं गायन प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रश्मि प्रकाश ने कहा इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में उत्साह बढ़ता है। उन्होंने कहा कि माता-पिता और बच्चों दोनों पर शिक्षा का गहरा प्रभाव डालता है। कार्यक्रम को स्कूल की प्रिंसिपल राधा रानी ने भी संबोधित किया। कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों के बौद्धिक विकास में मदद होता हैं। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक अंकित कुमार, शिक्षक सुष्मिता रमन, शालू रमन, जुही सिंह, वर्षा कुमारी, लालू कुमार सीताराम रजक सहित अभिभावक उपस्थित थे।

### राम भक्तों ने शोभा यात्रा निकाली

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय श्री राम जानकी मंदिर से रामनवमी का शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें हैरान प्रखंड मुख्यालय नवादा, भूटान, अंबाटोली, चिरू, कंबू, बरमोरिया, सिरका तक लोगों ने भ्रमण किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अमित कुमार, अध्यक्ष संतोष यादव, रंजीत जायसवाल, देवनंदन प्रसाद, मनीष जायसवाल, यदुनंदन प्रसाद गुप्ता, कैलाश कुमार ठाकुर, रूपेंद्र जायसवाल, ओम प्रकाश जायसवाल, अखिलेश साहू, दीपक सिंह, शंभू प्रसाद साहू, विनोद यादव, जितेंद्र यादव, अनिल प्रसाद, प्रभु जायसवाल ,मुरली प्रसाद, अजीत कुमार, मनोज यादव, श्यामलाल गोस्वामी, श्रीलाल यादव, उपेंद्र यादव, गुड्डू वर्मा, महेंद्र यादव, श्रीनाथ रजक, ललन यादव, राकेश यादव, कंहाई साहू, लाडले खान समेत सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए।

# आंबेडकर जयंती समारोह के अध्यक्ष बने कैलाश

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बारीखाप जतराटांड में भारत के शिल्पकार संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती मनाने को लेकर कैलाश राम की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक की गई। बैठक में 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके बाद कार्यक्रम को शांतिपूर्ण तरीके से संचालन करने के लिए कमेटी का भी विस्तार किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष कैलाश राम, उपाध्यक्ष रिगन कुमार, महासचिव विजय भुइयां, अरुण कुमार, गणेश राम, सचिव श्रवण ठाकुर, पुरण राम, कुलदीप राम,कोषाध्यक्ष दुलारचंद पासवान, सकीन्दर राम, मुख्य संरक्षक रामनाथ सिंह भोक्ता, राजीव भगत, राजु रामवृक्ष लोहरा, भीम प्रजापति, बहादुर गंझु, संजय दास, मिडिया प्रभारी संजय राम, रुपेश कुमार, रामप्रीत लोहरा को सर्व समिति से बनाया गया। 14 अप्रैल को बारियातू हाई स्कूल से बस स्टैंड होते हुए कांडरका नदी के समीप बारिखाप आंबेडकर जयंती स्थल तक शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। जयंती समारोह को सफल बनाने उमेश लोहरा, दशरथ राम,सतेंद्र कुमार, विकास रंजन,बिहारी राम, बासुदेव राम,मनोज राम, संतोष कुमार रवि जितेंद्र राम, विशेषश्वर राम,रामशंकर रविदास,भोला राम, बिजुली भुइयां,बब्लू राम, अनिल राम,दिनेश भुइयां,राजदेव भुइयां को कार्यकरणी सदस्य चुना गया। कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार करने के लिए अगली बैठक 8 अप्रैल को 11बजे रखा गया है।

# पुलिया बनाने के लिए दो साल पहले खोदा गया था गड्ढा, अब तक न पुलिया बनी और न ही सड़क

**सिकनी-रेंची पथ पर धीमी गति से हो रहा है सड़क निर्माण कार्य**



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिकनी से रेंची पथ का निर्माण करा रहे ठेकेदार की लापरवाही के कारण सैकड़ों ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि उक्त सड़क का इस्तेमाल बारी-हुचलु,छातासेमर,बरवाडीह, टोटी, बनहरदी,सुरली,डड़ेया समेत अन्य कई गांव के सैकड़ों ग्रामीण प्रत्येक दिन स्कूल,कॉलेज व प्रखंड मुख्यालय आने-जाने के लिए करते हैं। ठेकेदार के द्वारा सड़क पर जगह जगह पुलिया निर्माण को लेकर गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि लगभग दो साल पहले सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। उसी वक्त ठेकेदार के द्वारा सड़क पर जगह जगह पुलिया निर्माण को लेकर गड्ढा खोदा गया था। लेकिन इतने दिन बीतने के बावजूद न तो पुलिया बनी है और न ही सड़क का निर्माण हो पाया है। ठेकेदार की लापरवाही के कारण आज गांव में कोई ऑटो वाला आना नहीं चाहता है। सबसे बड़ी परेशानी मरीजों के साथ हो रही है। मरीज को अस्पताल तक लाने ले जाने में परिजनों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि इस समस्या से जनप्रतिनिधियों ने भी अपना मुंह फेर रखा है। कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। स्थानीय ग्रामीण नईम अंसारी, सुरेश यादव, रामचरितर यादव, बिनोद उंराव, सदुल अंसारी,बोले उंराव,अकेश उंराव, मंगलदेव कुमार,अजीत साहु, मजोज साहु, शहबान अंसारी, धनलाल उंराव, रँथा उंराव, सुले उंराव, बिनेशर यादव आदि सैकड़ों ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से उक्त सड़क को जल्द से जल्द पूर्ण कराने की मांग की है।


## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

मत्स्य स्पॉन आपूर्ति हेतु अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण वित्तीय वर्ष 2025–26

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय झारखण्ड रॉची के पत्रांक 268 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में मेजर कार्प प्रजाति का मत्स्य स्पॉन आपूर्ति हेतु सरकारी तथा गैर सरकारी हैचरी संचालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में लातेहार जिला के निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों एवं विभाग की अन्य योजनाओं हेतु मत्स्य स्पॉन उपलब्ध कराने के लिए निविदा के शर्तों के अधीन निविदा आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की शर्त्तों को www.latehar.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा दिनांक 12.04.2025 के अपराह्न 2:30 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में आमंत्रित की जाती है एवं निविदा उप विकास आयुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में दिनांक 15.04.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे खोली जायेगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार।

PR 349674 Fish(25-26)D

## असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा

**प्रेस विज्ञप्ति**

सरकारी अस्पतालों द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य बीमा योजनाओं से अधिकतम Claim की राशि प्राप्त कर अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को Indian Public Health के मानक के अनुरुप करने के लिए अस्पताल प्रबंधन हेतु दिशा–निर्देश विभागीय ज्ञापांक–108(21) दिनांक–14.08.2024 द्वारा निर्गत है। उक्त दिशा–निर्देश के आलोक में झारखण्ड राज्य के सभी सदर अस्पतालों में विशेषज्ञ/अति विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा Consultant के रूप में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पैनल निमार्ण हेतु Expression of Interest आमंत्रित किए जाते है। यह विज्ञप्ति विशेषज्ञ/अति विशेषज्ञ चिकित्सकों के पैनल निमार्ण हेतु जारी किया किया जा रहा है। यह प्रकिया किसी निश्चित अवधि तक सीमित न होकर सतत् (Continue) जारी रहेगी, जिससे इच्छुक चिकित्सक किसी भी समय आवेदन कर सकते है।

चयन समिति द्वारा पैनल को आवश्यकतानुसार अनुमोदित किया जायेगा। तदोपरांत संबंधित अस्पताल द्वारा इनसे सेवा ली जायेगी।

निम्नांकित विशेषज्ञता/अति विशेषज्ञता विभागों हेतु विशेषज्ञ/अति विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवायें Consultant के रूप में वांछित हैं:–

| क्र0 | अति विशेषज्ञता विभाग का नाम | क्र0 | विशेषज्ञता विभाग का नाम |
|---|---|---|---|
| 01 | Cardiology | 11 | Medicine (Physician) |
| 02 | Cardiothoracic and Vascular Surgery (CTVS) | 12 | General Surgery |
| 03 | Neurology | 13 | Orthopedics |
| 04 | Neurosurgery | 14 | Obst. & Gynecology |
| 05 | Medical Oncology | 15 | Pediatrics |
| 06 | Surgical Oncology | 16 | Ophthalmology |
| 07 | Urology | 17 | ENT |
| 08 | Nephrology | 18 | Psychiatrist |
| 09 | Medical Gastroenterology | 19 | T.B & Chest |
| 10 | Surgical Gastroenterology | 20 | Skin & V.D |

2. आवश्यक योग्यता एवं आयु सीमा :–
   i. विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में Consultant के लिए– MBBS, MD/MS/DNB (Specialty)
   ii. अतिविशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में Consultant के लिए– DM/MCH/DNB (Superspecialty)
3. पैनल निर्माण एवं चयन प्रक्रिया :–
   i. इच्छुक चिकित्सकों का चयन–Walk-in-Interview के माध्यम से किया जाएगा।
   ii. योग्य चिकित्सकों की सूची तैयार कर पैनल में शामिल किया जाएगा।
   iii. अस्पताल आवश्यकतानुसार उनसे सेवाएँ प्राप्त करेगी।
   iv. यह प्रक्रिया निरंतर (Rolling basis) पर जारी रहेगी अर्थात इच्छुक चिकित्सक कभी भी आवेदन कर सकते है और निर्धारित तिथियों पर आयोजित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।
   v. सरकारी नौकरी में कार्यरत चिकित्सक इन पदों के लिए योग्य नहीं होंगे।
5. **सेवा की शर्त एवं Remunerations**–
(क) अतिविशेषज्ञ/विशेषज्ञ चिकित्सकों (Superspeciality/Specialty Consultants) की ली जाने वाली सेवाओं के लिए विभागीय संकल्प सं0–108(21) दिनांक–14.08.2024 के आलोक में कार्रवाई की जायेगी।
इस सबंध में राज्य सरकार द्वारा किया जाने वाला संशोधन स्वतः प्रभावी होगा।
(ख) Consultant चिकित्सकों की सेवा का मूल्यांकन उनके Performance के आधार पर समय–समय पर किया जायेगा। Performance असंतोशजनक पाये जाने पर संबंधित चिकित्सकों को पैनल से बाहर करते हुए उनकी सेवा समाप्त कर दी जायेगी।
6. Walk-In-Interview का स्थान :–
   i साक्षात्कार की तिथि – 19.04.2025
   ii समय – 01:00 बजे अपराहन
   iii स्थान – सिविल सर्जन सभागार
7. सभी इच्छुक उम्मीदवार अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकेंगे। आवेदन पत्र में अंकित सभी वांछित सूचनाएँ पूर्ण रूपेण भरकर, सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उनकी स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर ससमय वाक–इन–इन्टरव्यू में उपस्थित होंगे।
8. इस विज्ञापन को स्थगित करने, किसी आवेदन को बिना कोई कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने एवं रिक्ति के अवशेश रहने की अवस्था में पुनः विज्ञापन प्रकाशित करने का सर्वाधिकार असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा को सुरक्षित रहेगा।

PR 349735 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

# उदयगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ चैती छठ महापर्व संपन्न

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान के चौथे व अंतिम दिन चैत्र शुक्ल सप्तमी यानी शुक्रवार की सुबह में उदयगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया। इसके साथ ही चार दिनी अनुष्ठान संपन्न हो गया। अर्घ्यदान को लेकर नदी, पोखर व तालाब में जाकर व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। व्रती व उनके स्वजन उदयगामी सूर्य की पूजा अर्चना करने के बाद आंगन एवं छत पर मिट्टी के कोशी को छठी के रूप में पूजा किए। इसके साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास खत्म हो गया और वे पारण किये। व्रती महिला -पुरुष ने स्नान -ध्यान कर पीला व लाल वस्त्र धारण कर पूरी पवित्रता के साथ हाथों में बांस की कलसूप में ऋतुफल ठेकुआ, ईख, नारियल,कला रखकर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दान किया। भविष्य पुराण के अनुसार छठ पर्व लौकिक व परलौकिक दोनों ही जीवन को सुख देने वाला है। कहते हैं कि इस पर्व से मृत्यु के बाद भी सूर्य लोक में स्थान प्राप्त होता है और वहां जीवात्मा को सुख की प्राप्ति होती है। परिवार की सुख-समृद्धि तथा कष्टों के निवारण के लिए किये जाने वाले इस व्रत की एक खासियत यह भी है कि इस पर्व को करने के लिए किसी पुरोहित (पंडित) की आवश्यकता नहीं होती है और न ही मंत्रोचारण की कोई जरूरत है। छठ पर्व में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। छठी मैया ब्रह्मा की मानस पुत्री और षष्ठी तिथि की स्वामिनी हैं। भगवान सूर्य की बहन होने के नाते षष्ठी तिथि को छठी मैया के साथ सूर्य देव की भी पूजा-अर्चना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि मयार्दापुरुषोत्तम श्रीराम भी छठ का व्रत रखा करते थे। सूर्य देव उनके कुल देवता थे। श्रीराम शुक्ल षष्ठी तिथि को माता सीता के साथ अस्त होते और उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर यह व्रत किया करते थे। वहीं पांडवों ने भी इंद्रप्रस्थ में द्रोपदी के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर षष्ठी व्रत किया था।

### सतयुग में ही आरंभ हो चुका था छठ पर्व

ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार छठ पर्व का आरंभ सतयुग में हो चुका था। उस समय पृथ्वी पर स्वयंभू मनु के पुत्र प्रियव्रत का राज था। लंबे इंतजार के बाद उनके घर संतान का जन्म हुआ। लेकिन देवयोग से वह संतान मृत पैदा हुई थी। प्रियव्रत दुखी मन से उस संतान का अंतिम संस्कार करने जा रहे थे। तभी दिव्य आभा के साथ षष्ठी देवी का प्रकाट्य हुआ। उन्होंने प्रियव्रत के संतान को नवजीवन प्रदान किया और साथ ही छठ व्रत करने को कहा। फिर राजा ने अपनी प्रजा के साथ सूर्य षष्ठी व्रत को किया।

### कृषि से जुड़ा है लोक आस्था का महापर्व छठ

लोक आस्था का पर्व छठ कृषि से जुड़ा हुआ है। कार्तिक व चैत मास में यह पर्व तब मनाया जाता है जब नई फसलें कट कर किसानों के घर आ जाती है। अनाज से घर भरने को किसान सूर्य देव की कृपा मानते हैं। अन्न-धन से जब घर भर जाते हैं तो किसान परिवार सूर्य भगवान व उनकी बहन छठी मैया का आभार प्रकट करने को छठ पर्व मनाते हैं। छठी मैया ब्रह्मा की मानस पुत्री और षष्ठी तिथि की स्वामिनी हैं। भगवान सूर्य की बहन होने के नाते षष्ठी तिथि को छठी मैया के साथ सूर्य देव की भी पूजा-अर्चना की जाती है।

## व्रतियों ने छठी मैया और सूर्यदेव की आराधना की गई सुख समृद्धि तथा ऐश्वर्य के लिए की मंगल कामना



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार से नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय चैती छठ व्रत आरम्भ हुआ था।जो अरुणोदय सूर्य को अर्घ्य अर्पण के साथ शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। गौरतलब हो कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न नदी,तालाब और जलाशयों में व्रतियों द्वारा छठी मैया व भगवान सूर्य का आराधना कर अर्घ्य अर्पण किया गया। चैती छठ को लेकर बाजार की दुकान में संचालक द्वारा साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखा गया था। जिसे आस्था का महापर्व की तैयारियां विधि विधान के साथ व्रतियों एवं परिवार के सहयोग से आरम्भ हुआ था।कार्तिक मास में ज्यादातर लोग छठ महापर्व को मनाते हैं।जो कि सभी छठ घाटों में साज सजा के साथ पुलिस प्रशासन का पुख्ता इंतजाम रहता है।परन्तु चैती छठ पूजा में आवश्यकता के अनुसार ही घाट की सफाई किया जाता है। साथ ही इस दौरान पुलिस व्यवस्था नही के बराबर रहता है। इस बार एक अप्रैल से चैती छठ व्रत प्रारम्भ हो कर 4 अप्रैल शुक्रवार को विधि विधान के साथ उद्ययाचलगामी भुवन भास्कर को अर्घ्य अर्पण के साथ छठ पूजा सम्पन्न हुआ। वही एक अप्रैल को नहाय-खाय के साथ आरम्भ छठ व्रत सेन्हा, अरु, बदला, तोड़ार, बरवाटोली, सीठीयो, कोराम्बे, झखरा सहित अन्य गांवों के नदी, तालाब और जलाशयों में छठ व्रतियों द्वारा गुरुवार को संध्या में तथा शुक्रवार सुबह अर्घ्य देने के साथ ही चार दिनों तक चलने वाला चैती छठ व्रत की सम्पन्न हो गया।चैती छठ को लेकर व्रतियों का सुविधानुसार पवित्रता के साथ सेन्हा बांकी नदी एवं मेढो दक्षणी कोयल नदी तट पर तथा अन्य नदी, तालाब और जलाशयों का साफ-सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया था। जिससे की छठ पूजा के दौरान व्रती महिलाओं को अर्घ्य अर्पण करने में किसी भी तरह की व्यवधान न हो।वही वेद पुराण के अनुसार मान्यता है। की सूयोर्पासना करने से छठ माता प्रसन्न होती है। परिवार को सुख,शांति देने के साथ धन-धान्य से परिपूर्ण करती हैं। इसी के साथ व्रतियों ने छठ महापर्व पर संध्याकालीन में अस्ताचलगामी सूर्य को और शुक्रवार प्रातः में अरुणोदय भुवन भास्कर को अर्घ्य अपर्ण किया गया।वही नदी तट पर पुरोहित नर्मदेश्वर पाठक द्वारा छठ व्रतियों और भक्तों को छठी मैया एवं भगवान सूर्य का कथा सुनाया गया। जिसके पश्चात छठ घाटों पर व्रतियों द्वारा प्रसाद वितरण करते हुए प्रसाद ग्रहण कर अपना व्रत पारण कर परिवार का सुख समृद्धि और ऐश्वर्य के लिये मङ्गल कामना किया गया।

अमेरिका टैरिफ के खिलाफ संसदों ने किया प्रदर्शन

## टैरिफ लगने से देश की इकोनॉमी होगी बर्बाद : सांसद सुखदेव भगत

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** संसद सत्र प्रारंभ होने से पूर्व इंडिया गठबंधन के सांसदों ने अमेरिका द्वारा हमसे खरीदने वाली चीजों पर जो 26 प्रतिशत टैरिफ लगाया है उसके खिलाफ संसद भवन के बाहर जमकर प्रदर्शन किया गया और जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका ने टैरिफ जो लगाया है उसे मैं आर्थिक प्रतिबंध कहूंगा। यह केंद्र सरकार की विदेश नीति की विफलता है। श्री भगत ने कहा कि एक तरफ नरेंद्र मोदी दोस्ती का हवाला देते हुए अबकी बार ट्रंप सरकार का नारा दिया दूसरी ओर ट्रंप ने हम पर 26 प्रतिशत का टैक्स ठोक दिया अब भारत से जाने वाली सामानों में 26 प्रतिशत टैक्स वसूला जाएगा जिसका पूरा प्रभाव हमारे ट्रेड पर पड़ेगा और हमारे इकोनॉमी को यह बर्बाद कर देगा। हमारी चीजों पर अमेरिका में टैक्स लगाने से दाम बढ़ेगा तो सामानों की डिमांड कम होगी जिससे भारतीय कंपनियों को घाटा होगा। अमेरिका सरकार के इस निर्णय का विरोध करने के बजाय नरेंद्र मोदी बैंकॉक चले गए। प्रदर्शन में लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ,कांग्रेस सांसद के सी वेणूगोपाल सहित अनेक सांसद उपस्थित थे।

## शिक्षकों का विज्ञान विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड रिसोर्स कक्ष में सिनी टाटा ट्रस्ट्स के द्वारा सरकारी विद्यालय में संचालित कक्षा 6 से 8 तक का विद्यालयों के शिक्षकों का विज्ञान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला में सिनी टाटा ट्रस्ट्स के सामुंदर सिंह सेंगर ने प्रकृति से जूड़े चीजों को विज्ञान से जोड़कर किज तरह से छात्र छात्राओं को रोचक तरीके से शिक्षण दिया जा सकता है। उस के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वही अवधेश कुमार यादव ने बताया कि हम सभी कहीं न कहीं एक साथ स्टेम के तहत गतिविधियों को छात्र-छात्राओं के साथ गतिविधि करते हैं। और विद्यालय में उपलब्ध संसाधन के माध्यम से विज्ञान को रोचकता पूर्ण तरीके से विद्यालय स्तर पर विज्ञान के बारे में शिक्षण कार्य को कर सकते हैं। इसके बारे में बताया गया।

## भाजपा नेता की पहल पर सड़क पर बने गड्ढों की हुई मरम्मती



नवीन मेल संवाददाता

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू रांची मुख्य पथ एनएच 39 में थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जिलिंग स्थित अजय ढाबा के समीप पिछले दो - तीन माह से बने गड्ढों की मरम्मती का कार्य शुक्रवार को किया गया। भाजपा नेता सरजू कुमार साहू ने एनएचएआई की प्रोजेक्ट डायरेक्टर एकता कुमारी से मोबाइल पर संपर्क कर गड्ढों को तत्काल भरने की बात कही थी। जिसके बाद गड्ढे की मरम्मति का कार्य किया गया। गौर तलब है कि बिते गुरुवार को सुंदरू गांव निवासी नौशाद अंसारी और उसकी पत्नी भी इन्ही गड्ढों के कारण गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है। यह कोई पहला हादसा नही नही बल्कि विभागीय लापरवाही का दंश झेल रहे इस मार्ग पर बने इसके अलावा भी कई स्थानों पर बने मौत को आमंत्रित कर रहे इन गड्ढों की वजह से आए दिन हादसे होते रहे हैं। और अब तक दर्जनों लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। प्रतिदिन हजारों छोटे बड़े और भारी वाहनों का परिचालन इस मार्ग से होता है। इसके अलावा आये दिन कोई न कोई माननीय और विभाग के पदाधिकारियों की भी आवाजाही होती रहती है। इसके बावजूद भी पदाधिकारियों की नजर इस जर्जर सड़क की दयनिय स्थिति पर नहीं पड़ती और वे इससे अनजान बने हुए हैं।

# डॉक्टरों की कमी के कारण खुद बीमार है सिएचसी कुडू, कैसे हो मरीजों का इलाज ?

## सिएचसी के लिए 7 पद स्वीकृत नियुक्ति मात्र तीन, ट्रॉमा सेंटर भी इन्ही के भरोसे

नवीन मेल संवाददाता



**कुडू-लोहरदगा।** कुडू का लाइफलाइन कहा जाने वाले सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र इन दिनों चिकित्सको और स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। लाखों की आबादी वाले प्रखण्ड क्षेत्र के करीब दो सौ मरीजों को चिकित्सीय लाभ मुहैया कराने के अलावा प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए लोगों की भीड़ रहती है। लेकिन उन्हें देखने के लिए चिकित्सक की भारी कमी है। आम लोगों को बेहतर स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराने के बड़े - बड़े सरकारी दावों के विपरीत वर्तमान में यहां की हकीकत यह है कि सिएचसी और ट्रॉमा सेंटर चिकित्सको और स्टाफ की कमी से बेहाल है। खासकर बाजार के दिनों में भीड़ इतनी रहती है कि डॉक्टर मुश्किल से सभी मरीजों को देख पाते है। इधर मरीज खुद इतने हताश हो जाते हैं कि नँबर आने पर अपनी बीमारी तक ठीक से नहीं बता पाते। लगातार 48 - 48 घंटे काम कर अपनी स्किल तक भूल चुके यहां तैनात डॉक्टरो के पास एक ही काम रह गया है मरीज की पर्ची पर रेफर लिखना। वहीं अस्पताल के अंदरूनी हालात से अनभिज्ञ कुछ मरीजों को लगता है कि डॉक्टर काम नहीं कर रहे। ऐसे में यदि किसी मरीज की हालत बिगड़ती है तो वो समझते हैं कि ये डॉक्टर की गलती है। इससे डॉक्टरों के साथ हिंसा की आशंका भी बनी रहती है।

उल्लेखनीय है कि सिर्फ सिएचसी के लिए चिकित्सकों के सात पद स्वीकृत हैं। जिसमे मात्र तीन चिकित्सक ही कार्यरत हैं। कुल मिलाके आधे से भी अधिक चिकित्सकों की कमी के बावजूद भी यह अस्पताल चल रहा है ये भी तारीफ करने का विषय है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां तैनात प्रभारी चिकित्सा पदधिकारी डा. सुलामी होरो जो एक चाइल्ड स्पेशलिस्ट हैं और एक जनरल फिजिशियन डॉ निरुपमा टोप्पो हैं जो सुबह से लेकर रात तक खुद ही ओपीडी में मरीज देखती हैं। और बीच बीच मे इन्हें उठकर प्रसवग्रह में भर्ती महिला मरीजों और ट्रामा सेंटर पहुंच दुर्घटना में घायल मरीजों का इलाज भी करना पड़ता हैं।

### जांच के लिए मशीनें तो लगीं, लेकिन टेक्नीशियन का पता नही

यहां ग्रामीण क्षेत्र के हिसाब से करीब - करीब सभी चिकित्सीय संसाधन उपलब्ध है। करीब दो दर्जन बेड वाले सिएचसी औ ट्रॉमा सेंटर में मुख्यतः सभी प्रकार के खून की जांच से लेकर ईसीजी, एक्सरे, आदि मशीनें लगी हुई हैं। लेकिन इनके टेक्नीशियन नही हैं जिस कारण मशीन धुल फांक रही हैं। और मरीज निजी जांच घर और अस्पतालों के चक्कर लगा रहे हैं।

### बड़ी बड़ी इमारतें बिना चारदीवारी के है असुरक्षित

यहां मरीजों को सुविधा देने के नाम पर आये दिन इमारतें बन रही हैं, लेकिन इनकी सुरक्षा के लिए चारदीवारी नदारद है। परिसर में वर्षों बाद चिकित्सकों को विश्राम करने के लिए एक भवन तो मिला लेकिन विश्राम शायद इनके नसीब में नही है। चारदीवारी नही होने के कारण रात में भी इन्हें रतजग्गा करते हुए चौकन्ना रहना पड़ता है।

डीजे संचालक व अखाड़ा समिति के साथ पुलिस प्रशासन ने की बैठक

## विशेष गाइडलाइन की जिला प्रशासन ने अनुसार डीजे व समिति को दी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** आगामी त्यौहार रामनवमी को मद्देनजर रखते हुए डीजे संचालक एवं अखाड़ा समिति के साथ अंचलाधिकारी के अध्यक्षता में एक बैठक थाना परिसर सेन्हा में आहूत किया गया। शोभायात्रा व मेला आयोजन तथा डीजे बजाने का लिया गया जायजा और आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में आगामी त्यौहार रामनवमी के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर बैठक के दौरान चर्चा किया गया। गौरतलब हो कि लोहरदगा जिला प्रशासन की ओर से जारी गाइडलाइन के मुताबिक उपस्थित डीजे संचालक को लॉड स्पीकर या डीजे के माध्यम से अश्लील गाना या दूसरे समाज के भावना को ठेस पहुंचने जैसे गाना नही बजाने तथा सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक एक ही स्थान पर धीमी साउंड में बजाने सहित पांच बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया गया। तथा गाइड लाइन के अनुसार कार्य किए जाने पर प्रोत्साहन के रूप में जिला प्रशासन की ओर से पुरुस्कार दिए जाने की बात कही गई। उक्त बैठक जिला उपायुक्त डॉ0 बाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं जिला पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां के निर्देशानुसार अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी के अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित किया गया। बैठक के दौरान रामनवमी अखाड़ा समिति से भी विधि व्यवस्था का जायजा लिया गया और मेला स्थल जाने वाला पथ तथा जुलूस के दौरान समस्या उतपन होने वाली बिंदुओं पर जायजा लिया गया। तथा समिति के ओर से ध्यान आकृष्ट कराया गया। और प्रशासन की ओर से सहयोग का अपेक्षा किया गया। साथ ही वैसे स्थान को चिन्हित किया जाएगा जहां जुलूस के दौरान समस्या उतपन होने की संभावना है। मौके पर थाना प्रभारी वारिश हुसैन, एसआई पंकज कुमार यादव, दयानंद सरस्वती, एएसआई अलवीना लकड़ा, असरफी बहेलिया के अलावे डीजे संचालक संदीप साहू, एवं अखाड़ा समिति से नंदकिशोर शुक्ला, रामजीत यादव, किशोर साहू, विनोद यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


कार्यालय-असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा
(राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा)

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा द्वारा स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों यथा– LT & STS पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या 09/2024–25 दिनांक–07.03.2025 प्रकाशित किया गया था। आवेदन करने की अंतिम तिथि–24.03.2025 था। आवेदन करने की अंतिम तिथि को विस्तारित करते हुए आवेदन करने की अंतिम तिथि– 16.04.2025 किया जाता है।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 349720 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D

जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

Factory Formulated Extruded Mash Feed
आपूर्त्ति हेतु अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय झारखण्ड रॉंची के पत्रांक 268 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में Factory Formulated Extruded Mash Feed के निर्माता अथवा अधिकृत विक्रेता को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में लातेहार जिला के निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों एवं विभाग की अन्य योजनाओं हेतु Factory Formulated Extruded Mash Feed एवं मत्स्य पालकों को 1.5 mm से लेकर 4mm size का Factory Formulated Floating Fish Feed उपलब्ध कराने हेतु उसके क्रय करने के लिए निविदा शर्तों के अधीन आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की शर्त्ते www.latehar.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा **दिनांक 12.04.2025 के अपराह्न 2:30 बजे** तक जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में आमंत्रित की जाती है एवं निविदा उप विकास आयुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में दिनांक 15.04.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे खोली जायेगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार

PR 349675 Fish(25-26).D

जिला परिवहन कार्यालय, गढ़वा

प्रेस विज्ञप्ति

रामनवमी के जुलूस को देखते हुए दिनांक–06.04.2025 को गढ़वा शहर में बड़ी एवं छोटी गाड़ियों का रूट प्लान:–

1. चिनियां मोड़–रंका मोड–मझिआंव मोड़–बस स्टैड– स्टेशन रोड़ रामलला मंदिर तक सभी छोटी एवं बडी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
2. रेहला की ओर से आने वाली वाहनों को BNT मोड़ से मझिआंव एवं बेलचम्पा की ओर Divert कर दिया जाएगा।
3. डाल्टनगंज से गढ़वा की ओर आने वाली वाहन जिन्हें नगर उॅटारी, उतरप्रदेश, छतीसगढ़ जाना है वैसी वाहन को हुर मोड़ से बाइपास पकड़ लेंगें।
4. वैसे वाहन जिसे पड़वा मोड़ होते हुए बिहार जाना है वे लोग हुर मोड़ होते हुए बिहार की ओर जाएगें।
5. नगर उॅटरी की ओर से आने वाली बडी वाहन चिरौजिया मोड़ से बाइपास पकडेगे तथा छोटी वाहन सदर अस्पताल तक जाएगी।
6. छतीसगढ़, रंका की ओर से आने वाली बडी वाहन बाइपास पकड़ लेगें एवं छोटी वाहन टंडवा मोड़ तक जाएगी।
7. कल्याणपुर ओवर ब्रिज के नीचे से कोई भी बड़ी वाहन शहर मे प्रवेश नहीं करेगी।
8. मंझिआंव–कांडी की ओर से आने वाहन मदरसा मैदान से आगे नहीं जाएगी।
9. मदरसा रोड़–रामासाहू स्कूल–फुटबॉल मैदान वाला रोड छोटी वाहनों के लिए खुली रहेगी।
10. मिनी बस स्टैड़–छठ घाट–बस स्टैड़ जाने के लिए रोड सिर्फ छोटी वाहनों के लिए खुली रहेगी।

जिला परिवहन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 349730 Transport (25-26)_D

कार्यालयः जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू।
(विधि शाखा)
अभिरूचि की अभिव्यक्ति
(Expression of Interest)

प्रधान सचिव–सह–विधि परामर्शी, विधि विभाग, झारखण्ड सरकार रॉंची का पत्र संख्या 6/बी/जी0पी0 (नियुक्ति)–29/2021 (खण्ड)–339/जे0, द्वारा Jharkhand law officer (Engagement) Rules-2018 में वर्णित प्रावधानों के तहत् पलामू जिला के लिए सुयोग्य व अनुभवी Government Pleader के एकल (01) पद हेतु झारखण्ड सरकार, विधि विभाग के Notification No.-C/AGO/Niyukti-25/2016-439/j, दिनांक 16 फरवरी, 2018 द्वारा जारी Jharkhand law officer (Engagement) Rules-2018 द्वारा निर्धारित योग्यताधारी सुयोग्य एवं अनुभवी अधिवक्ताओं से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

नियुक्ति झारखण्ड सरकार, विधि विभाग के Notification No.-C/AGO/Niyukti-25/2016-439/j, dt-16th February, 2018 [Jharkhand law officer (Engagement) Rules-2018, के आलोक में की जायेगी। उक्त नोटिफिकेशन को पलामू जिला के वेबसाईट https://palamu.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदक अपना आवेदन पत्र, अपने जीवन वृत, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, विगत तीन वित्तीय वर्षो का आय विवरणी, Bar Association द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र तथा अधिवक्ता पंजीयन की प्रति के साथ दिनांक 21-04-2025 तक कार्यालय अवधि में जिला विधि शाखा पलामू में जमा कर सकते हैं।

Government Pleader के एकल (01) पद हेतु अहर्त्ता निम्नवत् है:–

1. A citizen of India and registered with a Bar Council constitued under the Advocate Act, 1961.
2. A designated senior Advocate or and Advocate, who has been practicing in the Jharkhand High Court or Supreme Court of India or an Advocate who has been praciticing in the Civil Courts of Jharkhand.
3. Possesses the following standing in number of years of practice against the respective categories and being an income tax assesses for at least three financial years for the financial year in which engagement is to be made.
4. For a Government Pleader for the Jharkhand High Court or for the Civil Courts of Jharkhand he has been in practice as an Advocate for not less than 10 years in the Civil Courts of Jharkhand respectively for that court for with the engagement is to be made.

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी
पलामू

PR 349729 Palamu(25-26)D

# छठ कठोर तप व सूर्य उपासना कर उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ हुआ संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई(गुमला)।** प्रखंड सिसई में लोक आस्था, कठोर तप और सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ शुक्रवार को प्रातः उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। प्रखण्ड सिसई अंतर्गत,कुदरा तालाब,पारस नदी,नागफेनी कोयल नदी सहित कई गांवों के तालाबों में छठ पूजा हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। छठ में भक्ति गाने के साथ साथ श्रद्धालुओं द्वारा,भक्ति भजन किया गया। काफी अच्छी मनोरम दृश्य लग रही थी। चार दिनों तक चलने वाले इस पावन पर्व के समापन पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ छठ घाटों पर देखा गया। जहां भक्तिमय वातावरण में भगवान भास्कर की उपासना की गई।



प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के सभी छठ घाटों पर व्रतियों ने पूरे विधि-विधान और पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किए। छठ गीतों की गूंज, गंगा जल से भरे कलश, प्रसाद की सुगंध और श्रद्धालुओं की उमंग ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जल में खड़े होकर व्रतियों ने भगवान सूर्य को नमन किए और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रखण्ड सिसई के कुदरा तालाब में नौ महिलाओं ने ,छठ पूजा अर्चना किए।गर्मी के दिनों में यह छठ पूजा करना कोई आसान कार्य नहीं है। कठोर तप के साथ इन लोगों द्वारा, 72 घण्टे की उपवास रखा गया था। छठ पर्व में संध्या एवं प्रातः अर्घ्य प्रदान करने एवं मंदिरों में पूजा अर्चना कर पारण करने का विधान है।काफी कठिन व्रत होता है। ईश्वर की कृपा दृष्टि से सभी छठ व्रतियों का छठ पूजा कुशल मंगल सम्पन्न हो गया। कुछ लोग मनोकामना हेतु व्रत किए तो वहीं कुछ लोग मनोकामना पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छठ व्रत हर्सोल्लास के साथ किए।

छठ व्रतियों ने अर्घ्य अर्पित करने के पश्चात,पारंपरिक प्रसाद ग्रहण कर पारण किए। जिससे इस महापर्व का विधिवत समापन हुआ। छठ पर्व के प्रति जनमानस की अटूट श्रद्धा और विश्वास ने इसे धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव का रूप दे दिया है। जो हर वर्ष हिन्दू पंचांग के अनुसार चैत्र माह और कार्तिक माह में पूरे आस्था के साथ मनाया जाता है।

## भरनो में श्रद्धा व आस्था के साथ संपन्न हुई चैती छठ पूजा, व्रतियों ने उदयमान सूर्य को दिया अर्घ्य



**भरनो (गुमला)।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा शुक्रवार को अंतिम अर्घ्य के साथ श्रद्धा, संयम और भक्ति के भाव में डूबते हुए सम्पन्न हो गया। भरनो बस्ती स्थित छठ तालाब घाट पर अहले सुबह व्रती महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचीं और घंटों जल में खड़े होकर उदयमान सूर्य को अर्घ्य देकर सुख, समृद्धि और परिवार की मंगल कामना की। इस अवसर पर छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ घाट पर उमड़ी रही। वहीं कई व्रतियों ने अपने घरों में ही छोटे तालाब या जलकुंड बनाकर श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की और भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। छठ घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा का आयोजन किया गया। आचार्य रामाकांत मिश्रा ने व्रतियों को मंत्रोच्चारण के साथ पूजा कराई, छठ महात्म्य की कथा का श्रवण कराया और समापन के रूप में आरती करवाई। छठ व्रत के समापन पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। चैती छठ को लेकर पूरे भरनो क्षेत्र का माहौल बीते चार दिनों से भक्तिमय बना हुआ था। हर उम्र के श्रद्धालु इस पावन अवसर पर अपनी सहभागिता निभाते नजर आए।

### सांसद ने संसद में उठाया नाबालिगों की मौत का मामला

## आरकेडी कंपनी पर कार्रवाई की मांग






**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने संसद में रांची-गुमला मार्ग पर एनएचएआई -23 सड़क निर्माण के दौरान हुई नाबालिगों की दर्दनाक मौत का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण कार्य कर रही आरकेडी कंपनी नाबालिग लड़कों से काम करवा रही थी, जो कानूनी रूप से अपराध है। सिसई के रेड़वा में स्थित मिक्सर प्लांट में दो नाबालिग मजदूरों की मिक्सर मशीन में फंसकर मौत हो गई, लेकिन अब तक कंपनी के खिलाफ कोई समुचित कानूनी कार्रवाई नहीं हुई।

सांसद भगत ने कहा कि संबंधित विभागों द्वारा भी इस गंभीर लापरवाही पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। माइनिंग सेक्टर ने कंपनी पर किसी प्रकार की पेनल्टी नहीं लगाई, और न ही पुलिस प्रशासन ने प्राथमिकता दर्ज की। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है, जो न्यायिक प्रक्रिया का उल्लंघन है।

इसके अलावा, एनएचएआई गाइडलाइन के तहत सड़क किनारे पेड़ लगाने और तालाबों के निर्माण का प्रावधान है, लेकिन आरकेडी कंपनी ने इन दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया। सांसद ने सरकार से मांग की कि कंपनी पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए और एनएचएआई गाइडलाइन के अनुसार सड़क किनारे वृक्षारोपण और तालाब निर्माण कराया जाए। यह मामला सड़क निर्माण में श्रमिक सुरक्षा और पर्यावरणीय नियमों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़ा करता है। सांसद भगत ने सरकार से इस पर तत्काल संज्ञान लेने की अपील की है।

### शत-प्रतिशत नागरिकों के सिकल सेल एनीमिया जांच में बसिया रहा अव्वल

## बिशुनपुर को भी मिला ताज




**नवीन मेल संवाददाता**

**बसिया (गुमला)।** इन दिनों पूरे गुमला जिले में सिकल सेल एनीमिया के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के प्रत्येक नागरिकों के जांच का संकल्प लिया गया है। जिला प्रशासन ने इस अभियान के उपलब्धियों की जानकारी देते हुए आज बताया कि बसिया और बिशुनपुर प्रखंड क्षेत्रों में जांच पूरी कर ली गई है। इस दौरान बसिया प्रखंड में 69,579 एवं बिशुनपुर प्रखंड में 57,137 लोगों की जांच की गई है। लक्षित उपलब्धि हासिल करने के साथ ये दोनों प्रखंड अब झारखंड राज्य में ऐसे पहले प्रखंड बन गए हैं जहां सभी नागरिकों की जांच कर ली गई है। इसके साथ ही यह जानकारी भी साझा की गई है कि गुमला जिला राज्य का ऐसा पहला जिला है जहां प्राथमिकता प्राप्त जनजातीय समूह की पूरी आबादी के लिए तत्संबंधी जांच पूरी की गई है। मिली जानकारी के अनुसार इस जिले में अबतक कुल 79.67 प्रतिशत नागरिकों की जांच की जा चुकी है और यह संख्या पूरे राज्य में सर्वाधिक है। बताते चलें कि सिकल सेल एनीमिया एक वंशानुगत बिमारी है और समय पर पहचान व उपचार न होने से यह व्यक्ति के स्वास्थ्य पर बहुत गंभीर प्रभाव डालती है। ऐसे में इस पूरे अभियान को काफी महत्वपूर्ण मानते हुए सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मीटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग के द्वारा यहाँ व्यापक पैमाने पर जांच शिविरों का आयोजन किया गया। इसके साथ साथ जांचोंपरांत चिन्हित मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने और एनीमिया से ग्रसित दिव्यांगों को प्रमाण पत्र जारी किए जाने का काम भी जा रहा है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उपायुक्त ने बताया कि अभी चिन्हित किये गए 158 मरीजों के लिए हाइड्रोक्सीयूरिया के उपचार की व्यवस्था की गई है और विशेष डे केयर केंद्र की स्थापना करते के साथ ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने यह जानकारी भी दी कि इस पूरे कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में ब्लड डॉनर ग्रुप के प्रस्ताव के साथ और विवाह पूर्व चिकत्सकीय परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

### रेफरल अस्पताल सिसई में स्वास्थ्यकर्मियों का एकदिवसीय धरना, सुरक्षा की मांग उठाई

**सिसई (गुमला)।** झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, प्रखंड शाखा सिसई के तत्वावधान में शुक्रवार को रेफरल अस्पताल परिसर में एक दिवसीय धरना दिया गया। इसमें स्वास्थ्यकर्मियों ने सुरक्षा की गारंटी सहित अन्य मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। धरना में उपस्थित कर्मियों ने बताया कि 19 मार्च 2025 को अस्पताल के प्रधान लिपिक दिलीप उरांव के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। उन्हें अभद्र भाषा में गाली-गलौज की गई और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। इस घटना के विरोध में स्वास्थ्यकर्मियों ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की। धरने में झारखंड स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के विभिन्न पदाधिकारी शामिल हुए, जिनमें सुनीता लकड़ा, संकल्प गोपाल सिंह, अजीत उरांव, मीना बड़ाईक, पुष्पा केरकेट्टा, रमेश कुजूर, सहित कई अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

**संघ ने निम्नलिखित प्रमुख मांगें रखीं**

- प्रधान लिपिक जितवाहन उरांव के साथ हुई घटना में शामिल दोषियों पर प्राथमिक दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए।
- अस्पताल परिसर में 247 पुलिस बल की तैनाती कर स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।
- जितवाहन उरांव का स्थानांतरण नहीं किया जाए, बल्कि उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए।
- यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो कर्मचारी संघ उग्र आंदोलन करेगा।

संघ के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र आवश्यक कदम नहीं उठाए गए, तो राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

### सिसई के भदौली मंडा टांड़ में 15 अप्रैल से शुरू होगा श्री श्री 1008 हरिहर महायज्ञ

## कलश यात्रा व रामकथा की हो रही भव्य तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड के ग्राम पंचायत भदौली मंडा टांड़ में 15 अप्रैल 2025 से पांच दिवसीय श्री श्री 1008 हरिहर महायज्ञ का शुभारंभ होने जा रहा है, जो 19 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया जाएगा। महायज्ञ की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखी जा रही है। महायज्ञ के मुख्य आचार्य सूर्यनारायण पाठक होंगे, जिनके निर्देशन में वैदिक विधियों के साथ यज्ञ संपन्न कराया जाएगा। इस महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन संध्या को अयोध्या की प्रसिद्ध कथा वाचिका मानस मंजरी वीणा मिश्रा द्वारा संगीतमय श्रीराम कथा का वाचन किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति से भर देगी। यज्ञ की शुरूआत से पूर्व, 4 अप्रैल 2025 को संकल्प ध्वज की स्थापना की गई। आचार्य सूर्यनारायण पाठक द्वारा विधिपूर्वक ध्वजारोहण एवं यज्ञशाला निर्माण हेतु ईंट पूजन कराया गया। इस अवसर पर प्रसाद वितरण भी किया गया और यज्ञ समिति द्वारा मांस-मदिरा त्याग का संकल्प लिया गया। साथ ही, ग्रामवासियों से भी आग्रह किया गया कि यज्ञ की अवधि तक इनका सेवन न करें। यज्ञ के प्रथम दिन 15 अप्रैल को प्रातः 6:30 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सैकड़ों महिलाएं एवं कन्याएं भाग लेंगी। यह यात्रा मंडा टांड़ से प्रारंभ होकर मेन रोड, बसिया रोड, लकेया मोड़ होते हुए परास नदी तक पहुंचेगी। नदी तट पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जल भरकर कलशों को यज्ञ स्थल पर लाया जाएगा, जहां उनकी स्थापना की जाएगी। पूजा प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन पूरे क्षेत्र के लिए आस्था, शांति और समर्पण का प्रतीक बनेगा। यज्ञ में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यज्ञ समिति की ओर से व्यापक जनसंपर्क और आयोजन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। झंडा स्थापना के अवसर पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेश उरांव सहित नंदकिशोर सिंह, अरुण सिंह, अजय कुमार सिंह, प्रदीप कुमार चटर्जी, अरुण नारायण सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, सौरभ कुमार सिंह एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह महायज्ञ न केवल धार्मिक चेतना का केंद्र बनेगा, बल्कि सामाजिक एकता और सद्भावना को भी प्रोत्साहित करेगा।



### शांतिपूर्ण रामनवमी आयोजन को लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज

## सीओ ने शोभायात्रा मार्ग का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** रामनवमी पर्व को लेकर भरनो थाना क्षेत्र के डोम्बा गांव में प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में भरनो अंचल अधिकारी अविनाश कुजूर डोम्बा गांव पहुंचे और रामनवमी शोभायात्रा के लिए निर्धारित मार्गों का स्थल पर जाकर बारीकी से निरीक्षण किया। सीओ अविनाश कुजूर ने पैदल घूम-घूमकर शोभायात्रा के पूरे मार्ग का जायजा लिया और संभावित भीड़भाड़ वाले स्थानों की पहचान की। इसके पश्चात उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक की, जिसमें प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे आपसी सौहार्द और शांति के साथ रामनवमी पर्व को मनाएं। सीओ ने यह भी स्पष्ट किया कि शोभायात्रा के दौरान किसी भी तरह की अफवाहों या अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ग्रामीणों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

### गुमला में पूर्व प्रशिक्षणार्थियों का मिलन सह अनुभव साझा कार्यक्रम

## किसानों की आमदनी में दिखा सकारात्मक बदलाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र गुमला एवं विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व प्रशिक्षणार्थी मिलन सह अनुभव साझा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने की। इस अवसर पर महेंद्र भगत ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र की विभिन्न पहल और प्रशिक्षणों के माध्यम से किसानों की आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इससे न केवल उनके आर्थिक जीवन में बल्कि सामाजिक स्तर पर भी सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है, जो अंततः राष्ट्र के विकास में भी अहम भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल केंद्र अपने कार्यों का मूल्यांकन करता है, बल्कि क्षेत्रीय किसानों की स्थिति का आकलन कर भविष्य की योजनाएं भी तैयार करता है।




कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा मधुमक्खी पालन, सूअर पालन, बकरी पालन, कछुआ खाद उत्पादन, सब्जी उत्पादन, नर्सरी उत्पादन, सिलाई-कढ़ाई, मशरूम उत्पादन आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिए गए हैं। इन प्रशिक्षणों का लाभ लेकर कई किसान आज आत्मनिर्भर बन चुके हैं।

कार्यक्रम में विभिन्न किसानों ने अपने अनुभव साझा किए– कासीटोली की पूनम देवी ने मशरूम उत्पादन से, श्वेता राज व मुनि कुमारी ने सिलाई कार्य से, बिरी उरांव ने फसल उत्पादन से, लक्ष्मण उरांव ने व्यावसायिक सब्जी उत्पादन से, शिवलाल उरांव ने ड्रिप इरीगेशन से, जनता उरांव ने सूअर पालन से, और सुखराम भगत ने सब्जी उत्पादन से लाखों रुपये की आमदनी कर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों से 152 पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त किसानों ने भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए और एक-दूसरे से सीखने का अवसर प्राप्त किया।

### रायकेरा व अमलिया गांव में जंगली हाथी का तांडव, दो घर तोड़े

**भरनो।** भरनो प्रखंड के अमलिया पंचायत अंतर्गत रायकेरा और अमलिया गांव में बीते रात एक जंगली हाथी ने भारी उत्पात मचाया। हाथी के तांडव से दो घर ध्वस्त हो गए, कई खेतों की फसलें बर्बाद हो गईं और ग्रामीणों में भय व आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार रायकेरा गांव के किसान सुकरू उरांव और बानया उरांव के मिट्टी के घर को हाथी ने पूरी तरह तोड़ डाला, जिससे घर में रखे बर्तन, कपड़े व अन्य जरूरी सामान नष्ट हो गया। गांव के ही खदिया उरांव के घर की मिट्टी की बाउंड्री भी क्षतिग्रस्त कर दी गई। वहीं, अमलिया गांव में वन समिति अध्यक्ष उदय सिंह के घर की छत में लगे एलबेस्ट्स और दीवार को हाथी ने नुकसान पहुंचाया। हाथी का कहर यहीं नहीं रुका। किसान रामधन महतो के खेत में लगी गेहूं की फसल और नंदकिशोर सिंह के खेत में लगी टमाटर की फसल को भी हाथी ने खाकर और रौंदकर बर्बाद कर दिया।

## न्यूज बॉक्स

### कांग्रेस नेताओं ने पीड़ित परिवारों को दिलाया न्याय, हर परिवार को दिया 1 लाख का मुआवजा

**गुमला।** इंसानियत और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल पेश करते हुए कांग्रेस नेता मुख्तार आलम और मो. कलाम ने गुमला जिले के अंबोवा गांव में सड़क हादसे के पीड़ित परिवारों को एक-एक लाख रुपये की मुआवजा राशि दिलाई। घटना एक साल पहले की है, जब सब्बू अंसारी और अब्दुल्लाह अंसारी अपनी मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। उर्मी ज्योति स्कूल के पास उनकी बाइक तेज रफ्तार बोलेरो से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो में आग लग गई और दोनों युवकों को गंभीर चोटें आईं। अस्पताल ले जाने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवारों को मुआवजा दिलाने में काफी बाधाओं का सामना करना पड़ा, लेकिन कांग्रेस नेताओं ने सक्रियता दिखाते हुए प्रशासन से समन्वय स्थापित कर राहत राशि दिलाने की प्रक्रिया पूरी करवाई। हाल ही में दोनों परिवारों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई।

### रामनवमी पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, गुमला पुलिस ने किया



**गुमला।** गुमला में रामनवमी पर्व-2025 को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। इसी क्रम में, आज 4 अप्रैल 2025 को पुलिस अधीक्षक महोदय, गुमला द्वारा पुलिस केंद्र का निरीक्षण किया गया, जहां सभी दंगा-रोधी सुरक्षा उपकरणों की जांच की गई। शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरण तैनात किए गए हैं। सभी थाना एवं अनुमंडल स्तर पर जरूरत के अनुसार पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए क्विक रिस्पांस टीम की तैनाती की गई है। इसके अलावा, पुलिस केंद्र गुमला में सभी सुरक्षाकर्मियों को विशेष ब्रीफिंग दी गई और संभावित आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए 'दंगा-विरोधी मॉक ड्रिल' का आयोजन किया गया। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से भी शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। गुमला पुलिस की सतर्कता और तैयारियों से रामनवमी पर्व को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से मनाने का प्रयास किया जा रहा है।

### रामनवमी पर्व को लेकर विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए सिसई पुलिस का फ्लैग मार्च

**सिसई (गुमला)।** सिसई रामनवमी पर्व के दौरान शांति-सुरक्षा व विधि व्यवस्था कायम रखने को लेकर स्थानीय पुलिस -प्रशासन के द्वारा शुक्रवार शाम फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर थाना रोड, मेन रोड, बसिया रोड होते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर और वापस थाना परिसर पहुंची। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने और आपसी भाईचारा के साथ रामनवमी पर्व मनाने,अफवाहों पर ध्यान नहीं देने, असामाजिक तत्वों व अफवाह फैलाने वालों, शांति व सौंदर्य माहौल बिगाड़ने वालों, असामाजिक तत्वों की जानकारी तत्काल प्रशासन को देने की अपील की। इस मौके पर सिसई बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रौशन खल एफसीखो, थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, सीआई दिलीप कुमार सिंह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### चैती नवरात्र नवचंडी यज्ञ का भक्तिपूर्ण आयोजन, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड मुख्यालय स्थित हरिजन मुहल्ला के दुर्गा मंदिर एवं बाजार टांड़ के श्री विष्णु मंदिर में चैती नवरात्र के पावन अवसर पर नवचंडी यज्ञ का आयोजन पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। नवरात्र की शुरूआत के साथ ही पूरा भरनो क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर हो गया है। मंदिरों में गूंजते भक्ति गीतों और आरती की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया है। शुक्रवार को जैसे ही माता रानी का पट खुला, श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन व पूजन के लिए उमड़ पड़ी। रात्रि आरती के समय पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की उपस्थिति देखने लायक रही। श्रद्धालु माता की एक झलक पाने को आतुर नजर आए। हरिजन मुहल्ला स्थित दुर्गा मंदिर में आचार्य ऋषिकेश मिश्रा और श्री विष्णु मंदिर में आचार्य अवधेश मिश्रा द्वारा विधिवत नवचंडी यज्ञ का अनुष्ठान कराया जा रहा है। आचार्य ऋषिकेश मिश्रा ने बताया कि नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा की गई, जिनका स्वरूप भले ही भयावह हो, परंतु वे शुभ फल प्रदान करने वाली माता हैं। इसलिए उन्हें 'शुभकारी' भी कहा जाता है। मां कालरात्रि दुष्टों का नाश करती हैं और भूत-प्रेत, दानव, राक्षस उनके नाम से ही भयभीत होकर भाग जाते हैं। ये माता ग्रह बाधाओं का निवारण भी करती हैं। भरनो में इस धार्मिक आयोजन को लेकर हर आयु वर्ग के श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है। पूजा स्थलों पर साफ-सफाई, भंडारा, और सुरक्षा की भी व्यवस्था की गई है। चैती नवरात्र के इस पावन पर्व ने भरनो में आध्यात्मिक ऊर्जा और सामूहिक भक्ति का एक सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया है।

### नेत्र रोग से पीड़ित मनीषा को रेड क्रॉस से मिली जीवन की रोशनी

**गुमला।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा गुमला ने एक सराहनीय पहल करते हुए बिशुनपुर प्रखंड के तुमसे गांव निवासी मनीषा कुमारी के उपचार के लिए 75,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में मनीषा के पिता मुन्ना लोहरा को यह चेक सौंपा गया। मनीषा केराटोकोनस नामक गंभीर नेत्र रोग से पीड़ित है, जिसके कारण वह दूर की वस्तुएं स्पष्ट नहीं देख पाती। इस रोग का इलाज आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पतालों में संभव नहीं था। रांची के कोकर स्थित मातृ प्रेरणा आई हॉस्पिटल में ही इसका उपचार नगद भुगतान से संभव था, जो आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए कठिन था। जैसे ही यह जानकारी उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और रेड क्रॉस समिति को प्राप्त हुई, मनीषा की शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए सहयोग का निर्णय लिया गया।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

दया ईश्वरानुभूति के लिए आवश्यक है, क्योंकि ईश्वर स्वयं इस गुण से आप्लावित हैं। सहृदय व्यक्ति स्वयं को दूसरों के स्थान पर रख उनकी पीड़ा का अनुभव कर उसे दूर करने का प्रयास कर सकते हैं। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# टैरिफ युद्ध रणनीति या वर्चस्व

ट्रंप का टैरिफ वार दुनिया भर में उथल-पुथल मचा रहा है। दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं में अनिश्चितता पैदा हो गई है और इससे व्यापार युद्ध का खतरा भी पैदा हो गया है। कनाडा और मेक्सिको जैसे चुनिंदा देशों तथा प्रमुख धातु जैसे विशिष्ट क्षेत्रों पर अतिरिक्त टैरिफ थोपे जाने से वैश्विक व्यापार की बदलती प्रकृति के बारे में दुनिया में पहले से ही अभूतपूर्व अनिश्चितताएं पैदा हो गई हैं। इससे वैश्विक आर्थिक भावनाओं पर भी बहुत बुरा असर पड़ा है। दुनिया भर के शेयर बाजारों में शेयर कीमतों में उतार-चढ़ाव इसी अनिश्चितता का संकेत है। यह कहना गलत नहीं होगा कि यह अभी कुछ समय तक जारी रहने वाला है। अल्पावधि में यह और भी बढ़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी स्पष्ट किया कि वह 'सौदेबाजी' में विश्वास करते हैं। जैसा कि सर्वविदित है, राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा पारित किए गए कई कार्यकारी आदेश परस्पर लेन-देन के दृष्टिकोण और लाभ बनाम हानि के सिद्धांत पर आधारित हैं। कई मौकों पर राष्ट्रपति ट्रंप का यह कदम उचित लग सकता है, लेकिन इसमें कई मौकों पर अनुचित होने का भी जोखिम है। और सबसे बड़ी बात यह है कि ऐसा सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका द्वारा किया जा रहा है। हालांकि, फिलहाल यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि आगे क्या होने वाला है, लेकिन यह कहना गलत नहीं होगा कि संरक्षणवाद की भी एक सीमा होती है।अमेरिका को फिर से महान बनाने की रणनीति के रूप में ट्रंप का संरक्षणवाद एक नारे के रूप में अच्छा हो सकता है, लेकिन अमेरिकी बाजार में चीन के प्रभुत्व को कम करने के लिए अमेरिका में विनिर्माण को वापस पटरी पर लाना राष्ट्रपति ट्रंप के लिए आसान नहीं होगा। विनिर्माण की बढ़ती भूमिका के साथ अमेरिकी आर्थिक संरचना को पुनर्गठित करने का काम भी संरक्षणवादी टैरिफ उपायों के जरिये रातोंरात नहीं किया जा सकता है। यह महंगा सौदा है और इससे मुद्रास्फीति बढ़ेगी। उदाहरण के लिए, आयातित कार की उच्च कीमत अमेरिकी उपभोक्ता को अमेरिकी कार निर्माताओं द्वारा निर्मित कारों को खरीदने के लिए मजबूर कर सकती है। हालांकि, इसी तरह का तर्क विशेष रूप से चीन से सस्ते विनिर्माण वस्तुओं के आयात पर लागू नहीं किया जा सकता है। यह मुद्रास्फीति को काफी बढ़ा सकता है और इससे वितरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इस तरह के उपाय से आय वितरण के अंतिम छोर पर स्थित अमेरिकियों के घरेलू बजट पर भी बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जहां तक अपने देश की बात है, तो हाल के महीनों में भारतीय शेयर बाजार में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है और अमेरिका के नए प्रशासन द्वारा पैदा की गई अनिश्चितताओं के कारण शेयर बाजार में यह उतार-चढ़ाव जारी है। पारस्परिक टैरिफ लागू किए जाने के दिन (दो अप्रैल को) भारतीय इक्विटी बेंचमार्क में 1.5 फीसदी से अधिक की गिरावट आई। हालांकि, अगले दिन बाजार में 0.78 फीसदी की रिकवरी हुई, लेकिन कुछ खास शेयरों में अस्थिरताएं महत्वपूर्ण हैं। यद्यपि पारस्परिक टैरिफ एक बुरा विचार है और इससे उन अर्थव्यवस्थाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जिनकी टैरिफ दरें अमेरिकी टैरिफ की तुलना में अधिक हैं, लेकिन भारत पर इसका उतना व्यापक प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है।

> *दुनिया भर के शेयर बाजारों में शेयर कीमतों में उतार-चढ़ाव इसी अनिश्चितता का संकेत है।*

# गंभीर खतरे की घंटी है प्लास्टिक और माइक्रोप्लास्टिक



आज की बात



**ललित गर्ग**

प्रकृति को पस्त करने, वायु एवं जल प्रदूषण, कृषि फसलों पर घातक प्रभाव, मानव जीवन एवं जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक के कण एक बड़ी चुनौती एवं संकट है। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण-अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी एक गंभीर संकट है। विश्व की कई शोध पत्रिकाओं में छपे शोध-लेख समय-समय पर विभिन्न अध्ययनों के चेताने वाले निष्कर्ष प्रकाशित करते रहते हैं। संकट तो यहां तक बढ़ गया है कि प्लास्टिक के कण पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने लगे हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला में शामिल कई खाद्यान्नों की उत्पादकता में गिरावट आ रही है। ऐसा निष्कर्ष अमेरिका-जर्मनी समेत कई देशों के साझे अध्ययन के बाद सामने आया है। दरअसल, प्लास्टिक कणों के हस्तक्षेप के चलते पौधों के भोजन सृजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस तरह माइक्रोप्लास्टिक की दखल भोजन, हवा व पानी में होना न केवल प्रकृति, कृषि, पर्यावरण वरन मानव अस्तित्व के लिये गंभीर खतरे की घंटी ही है। जिसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए और सरकारों को इस संकट से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित करने के लिये योजनाएं बनानी चाहिए।

माइक्रोप्लास्टिक हमारे वातावरण का एक हिस्सा बन चुके हैं। प्लास्टिक की बहुलता एवं निर्भरता के कारण मौत हमारे सामने मंडरा रही है। हम चाहकर भी प्लास्टिकमुक्त जीवन की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि माइक्रोप्लास्टिक जीवन में हैं, हवा में हैं, पानी में हैं, नदी में हैं, समुद्र में हैं, बारिश में हैं, और इन सबके चलते वे हमारे भोजन में भी हैं, हम मनुष्यों के भी, पशुओं के भी और शायद सभी प्राणियों के जीवन में भी हैं। लगातार दूषित होते जल, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और भूमि क्षरण जैसे मुद्दों पर सरकार की जागरूकता एवं सहयोग का भरोसा दिलाया जाता रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को देखते हुए सरकार ने ठान लिया है कि भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए कोई जगह नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व में ही देश को स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने की अपील करते हुए एक महाभियान का शुभारंभ कर चुके हैं। प्लास्टिक के कारण देश ही नहीं, दुनिया में विभिन्न तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। इसके सीधे खतरे दो तरह के हैं। एक तो प्लास्टिक में ऐसे बहुत से रसायन होते हैं, जो कैंसर का कारण माने जाते हैं। इसके अलावा शरीर में ऐसी चीज जा रही है, जिसे हजम करने के लिए हमारा शरीर बना ही नहीं है, यह भी कई तरह से सेहत की जटिलताएं पैदा कर रहा है। इसलिए आम लोगों को ही इससे मुक्ति का अभियान छेड़ना होगा, जागृति लानी होगी।

चिंता की बात यह भी है कि विकासशील देशों में सरकारें रोटी, कपड़ा व मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं के जुगाड़ में लगे रहने और गरीबी की समस्या से जूझते हुए, स्वास्थ्य के उन उच्च गुणवत्ता मानकों को वरीयता नहीं दे पाती, जो अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप हों। शोधकर्ताओं ने केरल में दस प्रमुख ब्रांडों के बोतलबंद पानी को अध्ययन का विषय बनाया है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि प्लास्टिक की बोतल के पानी का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के शरीर में प्रतिवर्ष 153 हजार प्लास्टिक कण प्रवेश कर जाते हैं। निश्चय ही यह चिंता का विषय है। हालांकि, सर्वेक्षण के लिये केरल को ही चुनना और बोतलबंद पानी बेचने वाली भारतीय कंपनियों को चुनने को लेकर कई सवाल पैदा हो सकते हैं। पिछली सदी में जब प्लास्टिक के विभिन्न रूपों का अविष्कार हुआ, तो उसे विज्ञान और मानव सभ्यता की बहुत बड़ी उपलब्धि माना गया था, अब जब हम न तो इसका विकल्प तलाश पा रहे हैं और न इसका उपयोग ही रोक पा रहे हैं, तो क्यों न इसे विज्ञान और मानव सभ्यता की सबसे बड़ी असफलता एवं त्रासदी मान लिया जाए?

वैज्ञानिकों ने पाया है कि प्लास्टिक हम सबके शरीर में किसी-न-किसी के रूप में पहुंच रहा है। कैसे पहुंच रहा है, इसे जानने के लिए हमें पिछले दिनों अमेरिका के कोलोराडो में हुए एक अध्ययन के नतीजों को समझना होगा। अमेरिका के जियोलॉजिकल सर्वे ने यहां बारिश के पानी के नमूने जमा किए। ये नमूने सीधे आसमान से गिरे पानी के थे, बारिश की वजह से सड़कों या खेतों में बह रहे पानी के नहीं। जब इस पानी का विश्लेषण हुआ, तो पता चला कि लगभग 90 फीसदी नमूनों में प्लास्टिक के बारीक कण या रेशे थे, जिन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है। ये इतने सूक्ष्म होते हैं कि हम इन्हें आंखों से नहीं देख पाते। देखने में आ रहा है कि कथित आधुनिक समाज एवं विकास का प्रारूप अपने को कालजयी मानने की गफलत पाले हुए है और उसकी भारी कीमत माइक्रोप्लास्टिक के कहर के रूप में चुका रहा है। लगातार पांव पसार रही माइक्रोप्लास्टिक की तबाही इंसानी गफलत को उजागर तो करती रही है, लेकिन समाधान का कोई रास्ता प्रस्तुत नहीं कर पाई। ऐसे में अगर मोदी सरकार ने कुछ ठानी है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। क्या कुछ छोटे, खुद कर सकने योग्य कदम नहीं उठाये जा सकते?

पूरी दुनिया के लिए सिरदर्द बन चुके जल और वायु प्रदूषण से बचने के लिए विश्वभर में नए-नए उपाय किए जा रहे हैं। जबकि प्लास्टिक प्रदूषण की उससे भी ज्यादा खतरनाक एवं जानलेवा स्थिति है, यह एक ऐसी समस्या बनकर उभर रही है, जिससे निपटना अब भी दुनिया के ज्यादातर देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है। कुछ समय पहले एक खबर ऐसी भी आई थी कि एक चिड़ियाघर के दरियाई घोड़े का निधन हुआ, तो उसका पोस्टमार्टम करना पड़ा, जिसमें उसके पेट से भारी मात्रा में प्लास्टिक की थैलियां मिलीं, जो शायद उसने भोजन के साथ ही निगल ली थीं। लेकिन अगर आप सोचते हैं कि प्लास्टिक सिर्फ हमारे आस-पास रहने वाले अबोध जानवरों के पेट में ही पहुंच रहा है, तो आप गलत हैं।

अध्ययन में पता चला था कि लगभग सभी ब्रांडेड बोतल बंद पानी में भी प्लास्टिक के ये सूक्ष्म कण मौजूद हैं। कनाडाई वैज्ञानिकों द्वारा माइक्रोप्लास्टिक कणों पर किए गए विश्लेषण में चौंकाने वाले नतीजे मिले हैं। विश्लेषण में पता चला है कि एक वयस्क पुरुष प्रतिवर्ष लगभग 52000 माइक्रोप्लास्टिक कण केवल पानी और भोजन के साथ निगल रहा है। इसमें अगर वायु प्रदूषण को भी मिला दें तो हर साल करीब 1,21,000 माइक्रोप्लास्टिक कण खाने-पानी और सांस के जरिए एक वयस्क पुरुष के शरीर में जा रहे हैं। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बोतलबंद पानी बेचने का बड़ा प्रतिस्पर्धी कारोबार है। आम आदमी के मन में सवाल उठ सकते हैं कि कहीं भारतीय बोतलबंद पेय बाजार को तो निशाने पर नहीं लिया जा रहा है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# नेता जी के नकली आँसू

आपकी बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

चुनाव का मौसम था। हवा में वादों की बारिश हो रही थी और ज़मीन पर जनता की हालत वही थी-खस्ता। नेता जी अपनी पूरी मंडली के साथ गाँव के दौरे पर निकले थे। मंच पर चढ़ते ही उनके चेहरे पर ऐसा दुख उभर आया मानो पूरे गाँव का दर्द उन्होंने अकेले ही झेल लिया हो। "भाइयों और बहनों, मुझे आपकी तकलीफों का पूरा अहसास है। आपकी परेशानी मेरी परेशानी है। मुझे देखकर लगता है जैसे मैं अपने परिवार के बीच खड़ा हूँ!" नेता जी ने माइक सम्हालते हुए कहा। पंडाल में बैठे लोग खुसुर-पुसुर करने लगे। एक बुजुर्ग ने कान में फुसफुसाया, "अरे भई, परिवार से इतना ही प्यार था तो पिछले पाँच सालों में कभी हाल-चाल पूछने क्यों नहीं आए?" नेता जी ने जेब से रुमाल निकाला और आँखें पोंछने लगे। मीडिया के कैमरे चमक उठे। एक पत्रकार ने तुरंत माइक आगे बढ़ाया, "सर, आप भावुक हो गए?" "हाँ...हाँ... ये आँसू नहीं, ये मेरे दिल का दर्द है... आप नहीं समझेंगे!" नेता जी ने आह भरी। पीछे खड़े उनके खास चमचे ने कान में फुसफुसाया, "साहब, कैमरा ऑफ हो गया है।" नेता जी ने तुरंत रुमाल जेब में डाला और स्टेज से उतरने लगे। गाँव के एक युवा ने माइक पकड़कर सवाल दाग दिया, "नेता जी, पिछले चुनाव में आपने कहा था कि गाँव में पक्की सड़क बनेगी। अब तक कच्ची है!" नेता जी ने हँसते हुए कहा, "अरे भाई, सड़क तो हमने बनाई थी, पर देखो, जनता का प्यार ऐसा उमड़ा कि वो सड़क ही बहा ले गया!" पंडाल में ठहाके गूंज उठे। तभी एक महिला उठी, "बेटा बीमार था, सरकारी अस्पताल गई, डॉक्टर बोला – 'अस्पताल में दवाई नहीं है।' ये हाल कब सुधरेगा?" नेता जी ने फिर वही पुरानी पंक्ति दोहरा दी, "बहन, मैं आपकी तकलीफ समझ सकता हूँ। मैं खुद रातों को सो नहीं पाता।" पीछे से किसी ने कहा, "हाँ, इसीलिए पाँच सितारा होटल में ठहरे हो!" भीड़ में से आवाज़ आई, "पानी की समस्या कब दूर होगी, साहब?" नेता जी मुस्कुराए, "हम आपकी परेशानी समझते हैं। पानी आएगा, जरूर आएगा! वैसे भी, हमारे देश में पानी नहीं, भावना पीने की परंपरा है!" एक आदमी खड़ा हुआ, "तो क्या करें साहब? भावना को नल से भरकर नहाएँ?" ठहाके फिर गूंज उठे। नेता जी को समझ आ गया कि जनता मूड में है। उन्होंने तुरंत हाथ जोड़ लिए, "आपके विश्वास और प्यार से ही मैं यहाँ हूँ। मैं आपको वचन देता हूँ, इस बार बदलाव जरूर आएगा।" गाँव का ही एक बुजुर्ग बोला, "बदलाव नहीं, बस आपकी गाड़ी बदलेगी!"

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# सिनेमा का सच्चा सिपाही : मनोज कुमार को श्रद्धांजलि

मनोज कुमार: सिनेमा का वह सूर्य, जिसकी रोशनी कभी फीकी नहीं पड़ेगी

अलग बात



**प्रो. आरके जैन**

मनोज कुमार-एक ऐसा नाम, जो भारतीय सिनेमा के विशाल आकाश में स्वर्णिम किरणों से अंकित है। वे महज एक अभिनेता नहीं थे, बल्कि देशभक्ति की धधकती ज्योति और सांस्कृतिक गौरव का एक ऐसा प्रतीक थे, जिसने सिल्वर स्क्रीन को एक नया आयाम, एक नई आत्मा दी। जब भी सिनेमा के फलक पर राष्ट्रप्रेम की बात होगी, मनोज कुमार का नाम गर्व की गूंज और श्रद्धा की सुगंध के साथ उभरेगा। 4 अप्रैल को उनके निधन की खबर ने हर हृदय को मर्मांतक पीडा से भर दिया. मानो सिनेमा का एक तेजस्वी नक्षत्र अनंत आकाश की गहराइयों में समा गया हो। वे एक कलाकार से कहीं ऊँचे थे—एक ऐसी प्रेरणा, जिसने अपनी कला को देश के सम्मान की मशाल और समाज की जागृति का दर्पण बना दिया। 24 जुलाई 1937 को हरिकृष्ण गिरि गोस्वामी के रूप में जन्मे मनोज कुमार का जीवन एक प्रेरक कथा है। दिलीप कुमार के अभिनय से प्रभावित होकर उन्होंने 'शबनम' फिल्म के किरदार 'मनोज' को अपने नाम के रूप में चुना। शुरुआती दिनों में कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद, उन्होंने हार नहीं मानी। धीरे-धीरे अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर वे भारतीय सिनेमा के शीर्ष कलाकारों में शामिल हो गए। उनका यह सफर न केवल उनकी लगन का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि सच्ची प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। मनोज कुमार की खासियत उनकी फिल्मों का वह अनूठा अंदाज था, जो उन्हें समकालीन कलाकारों से अलग करता था। जब सिनेमा में ग्लैमर और हल्के-फुल्के मनोरंजन का बोलबाला बढ़ रहा था, तब उन्होंने अपनी कृतियों से एक नया रास्ता दिखाया। उनकी फिल्में केवल कहानियाँ नहीं थीं, बल्कि देशप्रेम और सामाजिक जागरूकता की एक जीवंत तस्वीर थीं। 'शहीद' में उन्होंने भगत सिंह की शहादत को इस कदर जीवंत किया कि दर्शकों के रोंगटे खड़े हो गए। यह फिल्म आजादी के लिए बलिदान की भावना को फिर से जागृत करने वाली एक मशाल बन गई। 1965 में भारत-पाक युद्ध के दौरान प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का नारा 'जय जवान, जय किसान' मनोज कुमार के दिल में इस कदर उतर गया कि उन्होंने 'उपकार' का निर्माण किया। इस फिल्म में उन्होंने एक किसान और सैनिक की दोहरी भूमिका निभाई, जो देश की नींव-इसके अन्नदाता और रक्षक-का प्रतीक बनी। उनकी संवेदनशीलता और गहरी सोच ने इस फिल्म को एक ऐतिहासिक कृति बना दिया। 'उपकार' की सफलता के बाद उन्हें 'भारत कुमार' की उपाधि मिली-एक ऐसा सम्मान, जो उनके सिनेमा के प्रति समर्पण और देश के प्रति उनकी निष्ठा का प्रतीक बन गया। 'पूरब और पश्चिम' में मनोज कुमार ने भारतीय संस्कृति की महानता को वैश्विक मंच पर स्थापित किया। इस फिल्म के जरिए उन्होंने पश्चिमी प्रभावों के बीच अपनी पहचान को बचाए रखने का संदेश दिया। वहीं, 'क्रांति' में उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम की ज्वाला को फिर से सुलगाया। इन फिल्मों में उनके संवाद इतने प्रभावशाली थे कि वे दर्शकों के दिलों में गहरे उतर गए। उनकी हर कृति में एक उद्देश्य था-समाज को प्रेरित करना और उसे सोचने के लिए मजबूर करना। उनकी आंखों में झलकती दृढ़ता और आवाज में बसी गहराई ने उन्हें सिनेमा का एक ऐसा नायक बनाया, जो केवल पर्दे पर नहीं, बल्कि लोगों के मन में भी बसा। मनोज कुमार केवल अभिनय तक सीमित नहीं रहे। वे एक कुशल लेखक और संवेदनशील निर्देशक भी थे। उनकी फिल्मों में जो विचारधारा झलकती थी, वह उनकी गहन चिंतनशीलता का परिणाम थी। उन्होंने सिनेमा को एक नई दिशा दी-एक ऐसा मंच, जहाँ मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षा और प्रेरणा भी मिले। जब सिनेमा में चमक-दमक और भव्यता का दौर शुरू हुआ, तब भी वे अपनी सादगी और मूल्यों से कभी समझौता नहीं किए। उनकी यह अटल निष्ठा ही थी, जिसने उन्हें दर्शकों के बीच एक खास मुकाम दिलाया।



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

वृक्ष- सूर्य करते रहें , जब तक कारोबार।
तब तक ही मिल पायगा, जीवन हमें उधार।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# वक्फ विधेयक: केंद्र की अग्नि परीक्षा बाकी

त्वरित टिप्पणी

देश की बात



**श्रीयम त्रिपाठी**
स्वतंत्र पत्रकार
धनबाद

वक्फ विधेयक एक ऐसा विधेयक है, जो अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए बना था। लेकिन समय-समय पर घटित राजनीतिक घटनाक्रम और वोट बैंक की राजनीति ने इस बिल को इतना विकृत कर दिया कि यह चंद लोगों के स्वार्थ पूर्ति का यह माध्यम बनकर रह गया। उल्लेखनीय है कि 1947 में देश विभाजन के समय जो मुस्लिम पाकिस्तान चले गए थे और उनकी संपत्ति भारतीय क्षेत्र में रह गई थी, उसके समुचित देखभाल और रखरखाव के लिए एक संस्था बनाई गई थी। जिसका नाम रखा गया था वक्फ बोर्ड। इसका उद्देश्य था कि भारत छोड़ चुके मुसलमानों की संपत्ति से भारत में रह रहे मुसलमानों का कल्याण करना। इन जमीनों पर मदरसे, मस्जिद, विद्यालय, अस्पताल आदि बनाने की योजना थी। इस भूमि से होने वाले आय को अल्पसंख्यकों के कल्याण में ही खर्च किया जाना था। यह इसका मूल उद्देश्य था। लेकिन आजाद भारत में मुसलमानों को वोट बैंक बनाकर अपने जेब में रखने की उस समय जो राजनीतिक परंपरा शुरू हुई, वह कालांतर में वीभत्स रूप लेता गया। देश के शासक वर्ग का एक समूह जिसकी मानसिकता संकीर्ण थी, उसने इस वक्फ बोर्ड में समय-समय पर ऐसे प्रावधान जोड़ दिए जो अल्पसंख्यकों का हित तो करने से रहा, "बहुसंख्यकों के लिए घातक" बन बैठा। ऐसे में स्वभाविक है कि विरोध के स्वर उभरने तय थे। दूसरी ओर जिनके लिए इस वक़्फ़ बोर्ड का गठन किया गया था, वे भी हाशिए पर रह गए। हुआ ऐसा कि वक्फ बोर्ड में ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार की तूती बोलने लगी। वक्फ बोर्ड के करोड़ों की जमीनों पर बोर्ड के ही चंद लोगों का कब्जा हो गया। बोर्ड की जमीन पर निजी मेडिकल कॉलेज खोल दिए गए, मार्केट कंपलेक्स बना दिए गए, बड़े-बड़े अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान बना दिए गए लेकिन ये तमाम निजी बने। इसे व्यक्तिगत संपत्ति बना दिया गया, और जमीन के भाड़े के नाम पर वक्फ बोर्ड के खजाने में चंद सिक्के थमा दिए गए। इससे न तो पिछड़े मुसलमानों का भला हुआ और ना ही राष्ट्र का। वक्फ की तमाम संपत्ति पर बोर्ड के मठाधीशों का कब्जा हो गया। हां, अपवाद में कुछ ऐसे मामले हो सकते हैं जहां वक्फ की जमीन पर मजार, कब्रस्तान, मस्जिद, मदरसे आदि बनाए गए हैं।लेकिन उन मदरसे में पढ़ने वाले बच्चों की "दशा और दिशा" क्या है यह नंगी आंखों से देखा जा सकता है। वक्फ बोर्ड को सरकार की ओर से समय-समय पर दिए गए अप्रत्याशित अधिकारों ने बोर्ड को एक तरह से विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका के समानांतर अधिकार दे दिया गया। इसका घातक परिणाम सामने आना ही था। बात सिर्फ यही तक नहीं है। कालांतर में सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों ने सरकारी संपत्तियों को भी वक्फ बोर्ड को उपहार के रूप में देना शुरू कर दिया। वर्तमान में हालात यह है कि देश में रेलवे और सेना के बाद सर्वाधिक भूमि वक्फ बोर्ड के पास है। आश्चर्य तो यह है कि वक्फ बोर्ड की इस तथाकथित संपत्ति में 95% तो ऐसी संपत्तिया हैं, जिनका कोई दस्तावेज वक्फ बोर्ड के पास है ही नहीं। लेकिन बोर्ड का दावा है कि यह वक्फ की संपत्ति है। भारत सरकार का संसद भवन इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। वक्फ बोर्ड का दावा है कि संसद भवन भी वक्फ की जमीन पर ही बना है। यह ऐसे ही नहीं हुआ, मालूम हो कि वक्फ बोर्ड को यह संवैधानिक अधिकार दिया जा चुका था कि वह जिस भी संपत्ति को अपनी संपत्ति घोषित करेगी, वह वक्फ बोर्ड की ही मानी जाएगी। इसके खिलाफ स्थानीय स्तर के न्यायालयों में कोई मुकदमा नहीं हो सकता। उदाहरण स्वरूप अगर किसी की पुश्तैनी निजी संपत्ति जो कई पीढियां से उसके कब्जे में है, उसे वक्फ बोर्ड अगर वक्फ की संपत्ति कह देता है तो वास्तविक जमीन मलिक को वक्फ के ही ट्रिब्यूनल में जाकर अपना पक्ष रखना पड़ेगा। वहां भी ऐसा कानून है की जमीन मालिक को ही अपनी जमीन साबित करनी होगी, वक्फ को नहीं। वक्फ ने कह दिया तो वह वक्फ बोर्ड का हो गया। हाल के वर्षों में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां कई सदियों पूर्व के बसे हिंदू गांव, मठ, मंदिर पर वक्फ ने अपना बताकर दावा कर दिया है। ऐसे सरकारी भवनों की तो लंबी श्रृंखला है। जिस पर वक़्फ़ बोर्ड अपना दावा करता है। ऐसे में बहुसंख्यकों के विरोध के स्वर उभरते ही थे। केंद्र में सत्ता परिवर्तन के बाद जब बहुसंख्यक मुखर होकर वक्फ का विरोध करना शुरू कर दिए, तो केंद्र सरकार की आंख खुली और वक्फ बोर्ड के नाम पर चल रही गतिविधियों पर केंद्र सरकार का ध्यान गया, क्योंकि अब तक के वक्फ बोर्ड से अल्पसंख्यकों के बड़े तबके को भी कोई लाभ नहीं मिल रहा था और दूसरी ओर बहुसंख्यक भी प्रताड़ित हो रहे थे।इसलिए केंद्र सरकार ने इसे एक अच्छा अवसर माना और "वक्फ संशोधन विधेयक 2024" नाम का एक नया बिल बना दिया। यह संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्यसभा में पारित भी हो गया है। अब इस पर सिर्फ राष्ट्रपति का रबर स्टैंप लगना भर बाकी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## मौलाना रजवी ने की मुस्लिमों से सड़कों पर न उतरने की अपील, कहा

# वक्फ बिल आपके कल्याण के लिए

**एजेंसी। बरेली**

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल लोकसभा से पास होकर राज्यसभा से भी पास हो गया है। इसके लिए सरकार का शुक्रिया अदा करता हूं। उन्होंने इस बिल को मुस्लिमों के हित वाला बताया है। इसके साथ उन्होंने अपील की कि इसके खिलाफ आम मुस्लिम सड़कों पर न उतरें। शहाबुद्दीन रजवी ने शुक्रवार को अपने जारी एक बयान में कहा कि वक्फ संशोधन बिल से किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है। बरेलवी ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल से धार्मिक स्थलों को कोई खतरा नहीं है। मस्जिदों, मदरसों, ईदगाहों, कब्रिस्तानों, दरगाहों को कोई खतरा नहीं है। इन धार्मिक स्थलों की स्थिति जैसी है, वैसी ही रहेगी। उन्होंने आम मुस्लिमों से अपील की कि इसे लेकर सड़कों पर न उतरें क्योंकि यह बिल आपके कल्याण के लिए है।

### वक्फ संशोधन बिल: गरीब मुस्लिमों के उत्थान की नई पहल



उन्होंने कहा कि खतरा उन्हें है जो भूमाफिया टाइप के हैं। उन्होंने वक्फ की करोड़ों की संपत्ति दबा रखी है। उसकी आमदनी को अपनी जेब में रखते हैं। जबकि होना यह चाहिए था कि गरीब और कमजोर मुस्लिमों पर काम किया जाना चाहिए था। उनके उत्थान के लिए काम किया जाना चाहिए था। लेकिन ऐसा न करके उन्होंने उसे अपनी जातीय आमदनी का जरिया बना लिया। यह बिल गरीब मुस्लिमों के आर्थिक, सामाजिक उत्थान में एक नया इंकलाब साबित होगा। मौलाना ने कहा कि गत वर्षों में जब सीएए कानून आने वाला था, तब राजनीति करने वाले लोगों ने मुसलमानों को खूब गुमराह किया। यह कानून लागू हो गया तो मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जाएगी, जबकि हकीकत में ऐसा कुछ भी नहीं था। इसके लिए हम बराबर कह रहे थे कि यह नागरिकता देने वाला कानून है। इससे नागरिकता छीनी नहीं जाएगी। ऐसे ही वक्फ संशोधन बिल को जब अमली जामा पहनाया जाएगा, तब तस्वीर क्लियर हो जाएगी कि आम मुस्लिमों का इससे कोई लेना-देना नहीं है। बोर्ड में जमीनें साफ-सुथरी होंगी, एक अच्छा निजाम आएगा।

# वक्फ संशोधन विधेयक पर जदयू में 'नाराजगी' नीरज कुमार और राजीव रंजन ने किया खारिज

**एजेंसी। पटना**

संसद के दोनों सदनों से वक्फ संशोधन विधेयक पास होने के बाद जदयू के अंदर विरोध के स्वर उठने की बात सामने आई। पार्टी से जुड़े कई मुस्लिम नेताओं ने बिल का विरोध किया, जबकि कुछ नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा भी दे दिया। इसको लेकर जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार और राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन का बयान सामने आया है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने पार्टी में असंतोष की खबरों को सिरे से खारिज करते हुए इसे "चंदू खाना का गप" करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद सरकार में मुस्लिम समुदाय की संपत्तियों का हनन



हुआ था, जबकि नीतीश कुमार की सरकार ने मंदिरों और कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराई और अल्पसंख्यकों के विकास के लिए ठोस कदम उठाए। नीरज कुमार ने इस्तीफा देने वाले नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा, "ये लोग खुद को जनाधार वाला नेता बताते हैं, लेकिन इनके पास 399 वोट भी नहीं होते।" उन्होंने नीतीश कुमार की नीतियों का समर्थन करते हुए कहा कि उनकी सरकार में अल्पसंख्यकों का जीवन स्तर सुधर रहा है और उन्हें पूरी सुरक्षा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जिसे नीतीश कुमार का काम देखना हो, वे अंजुमन इस्लामिया हॉल को देख लें। हमने उसे शीश महल बना दिया है, जबकि लालू यादव ने उसे खंडहर बना दिया था। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार हैं तो सब निश्चिंत हैं। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने भी पार्टी में किसी तरह की नाराजगी को खारिज करते हुए कहा, "यह कौन लोग हैं? पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में इनकी कोई पहचान नहीं रही। ये फर्जी लोग हैं।" उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक पूरी तरह पारदर्शी है और इसमें नीतीश कुमार का समर्थन शामिल है, जिससे इसकी निष्पक्षता सुनिश्चित होती है।

# नांदेड़ हादसे पर पीएम मोदी ने जताया दुख पीड़ित परिवारों को मदद का भी ऐलान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के नांदेड़ में हुई दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना की। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख और घायलों को 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने पीएम मोदी की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बयान जारी करते हुए लिखा, "महाराष्ट्र के नांदेड़ में हुई दुर्घटना में लोगों की मृत्यु से दुःखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।'



इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नांदेड़ हादसे पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 5 लाख की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया। 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज सुबह नांदेड़ जिले के असेगांव में एक दुर्घटना में कुछ महिलाओं की मृत्यु हो गई, जब 11 महिला मजदूरों को ले जा रही एक ट्रैक्टर ट्रॉली एक कुएं में गिर गई।

## बजट सत्र 2025 में संसद ने बनाया नया रिकॉर्ड

# रिकॉर्ड बहस लोकतंत्र की मजबूती : किरेन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बजट सत्र 2025 के समापन की जानकारी दी। उन्होंने इस सत्र को बेहद उत्पादक बताते हुए कहा कि संसद ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। रिजिजू ने लोकसभा और राज्यसभा के सभी सदस्यों, अध्यक्षों, स्पीकर और राजनीतिक दलों के नेताओं का आभार जताया, जिनके सहयोग से यह संभव हुआ।

रिजिजू ने कहा कि दोनों सदनों में चर्चा के दौरान आलोचना, सुझाव और स्पष्टीकरण का स्वस्थ आदान-प्रदान हुआ, लेकिन कोई स्थगन या व्यवधान नहीं देखा गया। उन्होंने संसदीय टीम के सहयोगियों अर्जुन मेघवान और एल. मोहन, सचिव (संसदीय विभाग) और अन्य अधिकारियों को भी धन्यवाद दिया।

रिजिजू ने कहा, "हमने नियमों, परंपराओं और प्रक्रियाओं का सम्मान करते हुए संसद का संचालन किया। सरकार की ओर से हम प्रधानमंत्री, सभी दलों के नेताओं और फ्लोर लीडर्स के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।"

### राज्यसभा ने 17 घंटे 2 मिनट की बिना व्यवधान वाली बहस



रिजिजू ने बताया कि इस सत्र में राज्यसभा ने 17 घंटे और 2 मिनट की लंबी चर्चा के साथ इतिहास रचा। संशोधन विधेयक पर यह चर्चा हुई, जिसने 1981 के 15 घंटे 51 मिनट के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। यह बहस 3 अप्रैल को सुबह 11 बजे शुरू हुई और 4 अप्रैल को तड़के 4:02 बजे तक चली। खास बात यह रही कि इस दौरान एक भी व्यवधान नहीं हुआ। रिजिजू ने इसे एक बड़ी उपलब्धि करार देते हुए कहा कि इस रिकॉर्ड को तोड़ना मुश्किल होगा। लोकसभा में भी सत्र बेहद सफल रहा। यहां 13 घंटे से अधिक समय तक रेलवे, ऊर्जा, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय से जुड़े अनुदानों की मांगों पर चर्चा हुई। वहीं, राज्यसभा में शिक्षा, रेलवे, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और गृह मंत्रालय के कामकाज पर विचार-विमर्श हुआ।

इस सत्र की उत्पादकता की लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा सभापति पहले ही सराहना कर चुके हैं। रिजिजू ने इसे दोहराते हुए कहा कि सदस्यों के धैर्य और योगदान से यह संभव हुआ। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवालों के लिए भी समय दिया और कहा कि कोई स्पष्टीकरण चाहिए हो, तो पूछा जा सकता है। रिजिजू ने इसे लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक बताया और कहा कि सरकार सभी आलोचनाओं को स्वीकार करती है, साथ ही बेहतर कामकाज के लिए सुझावों का भी सम्मान करती है। इस सत्र ने संसदीय इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा है।

# जबलपुर में कुएं की सफाई में मिले हैंड ग्रेनेड और कारतूस के खोखे

**एजेंसी। जबलपुर**

मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में कुएं की सफाई के दौरान हैंड ग्रेनेड और कारतूस के बड़ी तादाद में खोखे मिले हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। वहीं आस-पास के लोगों से भी पूछताछ होगी। मिली जानकारी के अनुसार रांझी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आमानाला के कुएं की शुक्रवार को सफाई चल रही थी, इसी दौरान कुएं से बड़ी मात्रा में हैंड ग्रेनेड और बंदूकों के कारतूस के खाली खोखे मिले हैं। नगर निगम की एमआईसी के सदस्य और पार्षद दामोदर सोनी ने संवाददाताओं को बताया है कि गर्मी के मौसम में नगर निगम द्वारा कुओं आदि की सफाई कराई जाती है। इसी क्रम में आमानाला के कुएं की सफाई कराई जा रही थी, उसी दौरान कारतूस आदि मिले हैं। इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई। इससे क्षेत्रीय विधायक अशोक रोहाणी को भी अवगत कराया गया है। पार्षद सोनी ने आगे बताया है कि कारतूस आदि मिलने



के बाद सभी सतर्क हैं। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। यहां बता दें कि जिस इलाके के कुएं में यह हैंड ग्रेनेड और बंदूक के कारतूस मिले हैं, उस क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी आयुध निर्माणी सहित अन्य संयंत्र हैं। इस लिहाज से पुलिस भी सतर्कता से पूरे मामले की जांच कर रही है। राज्य में इन दिनों जल गंगा अभियान चल रहा है, इसके तहत तमाम जल स्त्रोतों को दुरुस्त किया जा रहा है, उनकी सफाई की जा रही है। इसी क्रम में जबलपुर में भी नगर निगम द्वारा कुओं आदि की सफाई कराई जा रही है। आमानाला इलाके में भी कुएं की सफाई चल रही थी, उसी दौरान यह हैंड ग्रेनेड और कारतूस मिले हैं। यह कारतूस कितने पुराने हैं और कुएं तक कैसे आए हैं, इसकी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों की फीस वृद्धि को लेकर 'आप' ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में सत्ता परिवर्तन के बाद प्राइवेट स्कूलों की फीस वृद्धि को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर तीखा हमला बोला है। 'आप' नेताओं का कहना है कि भाजपा सरकार बनते ही शिक्षा माफिया एक बार फिर सक्रिय हो गया है और प्राइवेट स्कूलों ने 20 से 82 प्रतिशत तक फीस बढ़ा दी है। इससे सबसे ज्यादा मार मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ी है। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार के दस सालों में प्राइवेट स्कूलों पर सख्त नियंत्रण था। किसी भी स्कूल को मनमाने तरीके से फीस बढ़ाने की इजाजत नहीं थी।




जरूरत पड़ने पर ऐसे स्कूलों को नोटिस जारी कर उनके रजिस्ट्रेशन रद्द तक किए गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बनते ही प्राइवेट स्कूल माफिया को खुली छूट मिल गई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के नामी स्कूलों ने फीस में भारी इजाफा किया है। द्वारका, वसंत कुंज और रोहिणी स्थित एक प्रतिष्ठित स्कूल में 7वीं और 10वीं के उन छात्रों को क्लास में नहीं जाने दिया गया, जिनके माता-पिता ने बढ़ी हुई फीस नहीं जमा की।

# राजनीतिक रणनीतिकार डॉ अतुल मलिकराम ने पेश किया आगामी रोडमैप

**एजेंसी। भोपाल**

हाल ही में अपना दल (एस) की मध्य प्रदेश इकाई द्वारा प्रदेश की औद्योगिक नगरी इंदौर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेशभर के जिलाध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों ने भाग लिया। यह बैठक केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच, डॉ. अखिलेश पटेल के मार्गदर्शन और राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सशक्त नेतृत्व पर विचार विमर्श करना था।

बैठक के दौरान प्रदेश संगठन को मजबूत करने और पार्टी के विस्तार की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ. अतुल मलिकराम ने अपने विचार साझा करते हुए संगठन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, "माननीय केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल जी के नेतृत्व में, हम प्रदेशभर में पार्टी संगठन को सशक्त




करेंगे और वार्ड स्तर पर अपने प्रतिनिधियों को नियुक्त करेंगे, ताकि प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी की विचारधारा को पहुँचाया जा सके।"

डॉ. मलिकराम ने कहा कि "संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर युद्ध स्तर पर कार्य करना होगा। नए सदस्यों को जोड़ने के लिए ऑफलाइन व ऑनलाइन सदस्यता अभियान चलाए जाएंगे तथा पार्टी व ओबीसी के प्रमुख मुद्दों को सरकार के समक्ष दृढ़ता के साथ उठाया जाएगा।"

इस दौरान डॉ मलिकराम ने पार्टी की आगामी योजनाओं पर अपना प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया, वहीं उपस्थित पदाधिकारियों ने प्रदेशभर में पार्टी की उपस्थिति को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प भी लिया।बैठक में प्रदेश इकाई के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने बहुमूल्य सुझाव और विचार साझा किए। पार्टी के इस आयोजन ने संगठन को एक नई दिशा देने का कार्य किया और निश्चित रूप से आने वाले समय में संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिलते दिखेगी।

# भारत ही नहीं, पूरी दुनिया देख रही है ममता बनर्जी की तानाशाही : संबित पात्रा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा सांसद संबित पात्रा ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए उन्हें 'तानाशाह' बताया है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की सरकार में हो रहे भ्रष्टाचार को सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया ने भी देखा है। उनकी हिटलरशाही किसी से छिपी नहीं है। दरअसल, पश्चिम बंगाल एसएससी भर्ती घोटाले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से प्रदेश की ममता सरकार को झटका लगा है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। साथ ही तीन महीने के अंदर नए सिरे से चयन प्रक्रिया के आदेश भी दिए। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को ममता बनर्जी ने मानने से इनकार कर दिया है। ममता बनर्जी को लेकर भाजपा सांसद संबित पात्रा ने शुक्रवार को कहा, "बंगाल में आज क्या स्थिति है, किसी से छिपी नहीं है। बंगाल में भ्रष्टाचार और 'दीदी' की तानाशाही सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया ने देखी है। हाल ही में ममता बनर्जी




ने ऑक्सफोर्ड जाकर दावा किया कि वह एक बाघिन हैं, लेकिन क्या आपने ऐसी बाघिन देखी है जो भ्रष्टाचार में लिप्त है? एक बाघिन कभी अपने बच्चों को नहीं मारती और एक सच्चा नेता भी कभी ऐसा काम नहीं करता जिससे लोगों का जीवन नरक बन जाए। लेकिन, दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि ममता बनर्जी की सरकार में हो रहे भ्रष्टाचार की वजह से लाखों लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।" संबित पात्रा ने आगे कहा कि कल भारत की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल भर्ती घोटाले पर अहम फैसला सुनाया। लेकिन, ममता बनर्जी कोर्ट के फैसले को मानने से इनकार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वह मानवीय आधार पर इसे स्वीकार नहीं करेंगी। लेकिन क्या वह मानवीय आधार को समझती भी हैं?संबित पात्रा ने कहा कि ममता बनर्जी ने खुले तौर पर घोषणा की करते हुए कहा है कि मैं सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अस्वीकार करती हूं और आदेश का पालन नहीं करूंगी। क्या कोई मुख्यमंत्री यह कहने की हिम्मत कर सकता है कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश को स्वीकार नहीं करेगा? यह तानाशाही है। यह हिटलरशाही है। इसलिए बंगाल के लोगों को इस तालिबान जैसी तानाशाही के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। संबित पात्रा ने कहा कि इस मामले पर राहुल गांधी समेत इंडी गठबंधन के नेताओं की चुप्पी पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी हुई हैं और वह इसके लिए जरूर जेल जाएंगी।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# भारत में निवेश बढ़ाने पर विचार कर रहा दक्षिण कोरिया : राजदूत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दक्षिण कोरिया आने वाले वर्षों में भारत में अपने निवेश और व्यावसायिक गतिविधियों को दोगुना करने या इससे भी ज्यादा बढ़ाने पर विचार कर रहा है। यह जानकारी नई दिल्ली में कोरियाई गणराज्य के राजदूत ली सेओंग-हो द्वारा शुक्रवार को दी गई।

हरियाणा के मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप (एमईटी सिटी) में बॉडिटेक मेड के नए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के उद्घाटन के अवसर पर राजदूत ने भारत के विस्तारित औद्योगिक और स्वास्थ्य सेवा इकोसिस्टम में कोरियाई कंपनियों के बीच बढ़ती रुचि पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा, "मुझे कोरियाई कंपनियों द्वारा यहां अपने कारोबार का विस्तार करने की बढ़ती इच्छा के संकेत मिल रहे हैं। हमें उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में भारत में कोरियाई निवेश और व्यावसायिक गतिविधि दोगुनी या तिगुनी हो जाएगी।"

उन्होंने कहा, "भारत में कोरिया-भारत संबंध तेजी से बढ़ रहे हैं। हमारी सरकार इस संबंध को आगे बढ़ाने और इसके विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।"

पॉइंट-ऑफ-केयर (पीओसी) डायग्नोस्टिक्स में दुनिया में अग्रणी कंपनी बॉडिटेक मेड ने हरियाणा के झज्जर में अपनी भारतीय शाखा बॉडिटेक मेड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के तहत 50 करोड़ रुपये की लागत से अपना प्लांट शुरू किया।



● बॉडिटेक मेड के आने से टाउनशिप में 10 देशों से संचालित कंपनियों की संख्या 580 से अधिक हो गई है, जिनमें दक्षिण कोरिया की छह कंपनियां शामिल हैं।

कुल 10,032 वर्ग मीटर में फैला यह नया प्लांट न केवल भारतीय बाजार की जरूरतों को पूरा करेगा, बल्कि इस संयंत्र से वैश्विक स्तर पर उत्पादों का निर्यात भी किया जाएगा।

एक बार पूरी तरह से चालू हो जाने के बाद, बॉडिटेक का लक्ष्य भारत के इन विट्रो डायग्नोस्टिक्स (आईवीडी) बाजार के पांच प्रतिशत से अधिक हिस्से पर कब्जा करना है और अकेले भारतीय बाजार से 650 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त करना है।

मेट सिटी के अनुसार, बॉडिटेक मेड के आने से टाउनशिप में 10 देशों से संचालित कंपनियों की संख्या 580 से अधिक हो गई है, जिनमें दक्षिण कोरिया की छह कंपनियां शामिल हैं।

यह विकास 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहलों के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य घरेलू विनिर्माण को मजबूत करना और आयात पर निर्भरता कम करना है।

बॉडिटेक मेड के चेयरमैन और सीईओ यूई यूल चोई ने भारत को वैश्विक विनिर्माण के लिए एक रणनीतिक स्थान बताया।

उन्होंने कहा, "भारत का सहायक नीतिगत माहौल और स्वास्थ्य सेवा का इंफ्रास्ट्रक्चर इसे हमारे विस्तार के लिए एकदम सही जगह बनाता है। हम भारत के मेडिकल डिवाइस इकोसिस्टम में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# डीएम ने चिकित्सा व स्वाथ्य प्रबंधनक का किया वेतन बंद

**एजेंसी। नवादा**

नवादा के डीएम रवि प्रकाश ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारदीगंज, हिसुआ एवं खनवां का औचक निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि सर्जिकल वार्ड में रखी गयी कॉटन एवं सर्जिकल इंस्ट्रूमेंट खुले में था। डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं हेल्थ मैनेजर का वेतन अवरूद्ध करने का निर्देश दिया। उन्होंने बीएचएम को निर्देश दिया कि सभी वार्डों एवं अस्पताल को साफ-सफाई एवं कार्यालय को सुव्यवस्थित रखें। उन्होंने एमओआईसी को निर्देश दिया कि रोस्टर के अनुसार सभी डॉक्टर की उपस्थिति सुनिश्चित करायें एवं ससमय रोस्टर के अनुसार ही ओपीडी का संचालन करेंगे। ताकि दूर-दराज से आये हुए मरीजों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। रोस्टर के अनुसार आयुष चिकित्सक मोहम्मद इकबाल आजम अनुपस्थित पाए गए ।जिलाधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण देते हुए उनका एक दिन के वेतन की कटौती करने का निर्देश सिविल सर्जन नवादा को दिया । निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि एक्सरे मशीन कार्यरत नहीं था, संबंधित टेक्निशियन से पूछताछ करने पर बताया कि एक्सरे मशीन दो-तीन दिन से खराब पड़ा है, जिसपर जिलाधिकारी ने बीएचएम से पृच्छा किया कि इसकी सूचना मुख्यालय को क्यों नहीं दी गयी। एक्सरे टेक्निशियन से पूछताछ करने पर पाया गया कि एनजीओ के तरफ से कार्यरत एक्सरे टेक्निशियन को एक्सरे के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। जिस पर जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन नवादा को निर्देश दिया कि यहां पर अनुभवी एक्सरे टेक्निशियन को रखा जाय। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, चिकित्सकीय उपकरणों की उपलब्धता, और मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सुनिश्चित किया कि सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हों।

## सिंधु नहर परियोजना पर पाकिस्तान की सत्तारूढ़ पार्टियों में कलह

**पीपीपी ने समर्थन वापस लेने की धमकी दी**

**इस्लामाबाद (आईएएनएस)**

पाकिस्तान में सत्तारूढ़ गठबंधन की दो प्रमुख पार्टियों, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के बीच सिंधु नदी नहर परियोजना को लेकर मतभेद गहरा गए हैं। विवाद इतना बढ़ गया कि पीपीपी ने सरकार से समर्थन वापस लेने की धमकी तक दे दी। गुरुवार को पीपीपी ने इस सिंचाई परियोजना पर अपनी आपत्तियां जाहिर कीं, जबकि पीएमएल-एन ने अपनी गठबंधन सहयोगी पार्टी पर जल संसाधनों के मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। पाकिस्तानी सरकार ने ग्रीन पाकिस्तान इनिशिएटिव के तहत 3.3 अरब डॉलर की लागत से छह नहरों का निर्माण करने की योजना बनाई है, जिससे दक्षिण पंजाब में 12 लाख एकड़ कथित बंजर भूमि को सिंचित किया जाएगा। हालांकि, सिंध प्रांत ने इस फैसले पर कड़ा विरोध जताया है। सिंध सरकार को आशंका है कि इन नहरों के निर्माण से सिंधु नदी से उसके हिस्से का पानी कम हो जाएगा। पीपीपी के वरिष्ठ नेता चौधरी मंजूर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब देश में पहले से ही तो ऐसे समय में नई नहरों का निर्माण करना गलत होगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार छोटे किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक देशों के लिए यूपीआई लिंक का प्रस्ताव दिया

**बैंकॉक (आईएएनएस)**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत के यूपीआई को बिम्सटेक देशों के पेमेंट सिस्टम से जोड़ने का प्रस्ताव दिया। इससे ग्रुप के सदस्य देशों के बीच व्यापार और पर्यटन बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, सात देशों (बांग्लादेश, भूटान, भारत, नेपाल, श्रीलंका, म्यांमार और थाईलैंड) के समूह की छठी समिट में प्रधानमंत्री मोदी ने स्थानीय करेंसी में रीजन में व्यापार बढ़ाने के लिए बिम्सटेक चेम्बर ऑफ कॉमर्स स्थापित करने का प्रस्ताव दिया।

उन्होंने आगे कहा कि यह मंच साइबर अपराध, साइबर सुरक्षा खतरों, आतंकवाद, साथ ही नशीली दवाओं और मानव तस्करी के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस संबंध में, मैं 2025 में इसकी पहली बैठक भारत में आयोजित करने का प्रस्ताव करता हूं। थाईलैंड द्वारा आयोजित बिम्सटेक समिट में भारत, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका और भूटान के शीर्ष नेता भाग ले रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि एक स्वतंत्र, खुला, सुरक्षित और संरक्षित हिंद महासागर हमारी साझा प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, "आज साइन हुए समुद्री परिवहन समझौते से व्यापारिक नौवहन और माल परिवहन में सहयोग मजबूत होगा और व्यापार में तेजी आएगी। विनाशकारी भूकंप में हुई जानमाल की हानि पर अपनी संवेदना व्यक्त की और आपदा की तैयारी, राहत और पुनर्वास पर सहयोग के लिए भारत में बिम्सटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर डिजास्टर मैनेजमेंट की स्थापना का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में एक सस्टेनेबल मैरीटाइम ट्रांसपोर्ट सेंटर की स्थापना की भी बात की। उन्होंने कहा, "यह केंद्र समुद्री नीतियों में क्षमता निर्माण, अनुसंधान, नवाचार और समन्वय पर ध्यान केंद्रित करेगा और समुद्री सुरक्षा में सहयोग को भी बढ़ावा देगा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने 28 मार्च को म्यांमार और थाईलैंड में आए

बिम्सटेक समिट में बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में समृद्धि, सुरक्षा और समावेशिता के प्रति साझा प्रतिबद्धता को साकार करने के लिए बैंकॉक विजन 2030 को अपनाया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक समूह के दायरे और क्षमताओं को लगातार बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया, गृह मंत्रियों के तंत्र को संस्थागत बनाने का स्वागत किया और भारत में पहली बैठक आयोजित करने की पेशकश की।

## यून को पद से हटाए जाने के बाद कार्यवाहक राष्ट्रपति का स्थिरता बरकरार रखने का वादा

**सोल (आईएएनएस)।** दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू ने शुक्रवार को संवैधानिक न्यायालय के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को पद से हटाने के फैसले के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा और कूटनीति में स्थिरता कायम रखने का वादा किया। हान ने टेलीविजन पर प्रसारित राष्ट्रीय संबोधन में कहा, "कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि राष्ट्रीय सुरक्षा या विदेशी मामलों में कोई कमी न रहे, (देश में) एक दृढ़ और अडिग सुरक्षा स्थिति बरकरार रहे। कार्यवाहक राष्ट्रपति ने कहा, "मैं यह सुनिश्चित करने के लिए अपने अधिकार क्षेत्र में सब कुछ करूंगा कि व्यापार विवाद जैसे ज्वलंत मुद्दों के समाधान में कोई व्यवधान न हो, सार्वजनिक व्यवस्था को दृढ़ता से बनाए रखूंगा ताकि हमारे नागरिक सुरक्षित महसूस कर सकें।

## इजराइल ने लेबनान में हमास कमांडर हसन को मार गिराया

**गाजा के शेजाया में जमीनी हमला शुरू**

**बेरूत/गाजा पट्टी (हि.स.)।** इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान के सिडोन क्षेत्र में ड्रोन हमला करके आतंकवादी समूह हमास कमांडर हसन फरहत को मार गिराने का दावा किया है। आज तड़के शहर के दला'आ इलाके में हुए इस हमले में फरहत के बेटे और बेटी की भी मौत हो गई। अल जजीरा न्यूज चैनल ने कुद्स न्यूज नेटवर्क के हवाले से बताया कि हसन फरहत लेबनान में हमास के पश्चिमी क्षेत्र का कमांडर था। वह इजराइल के खिलाफ लंबे समय से साजिश रचता रहा है। पिछले साल फरवरी में उत्तरी इजराइल में रॉकेटों की बड़ी श्रृंखला लॉन्च करने के लिए जिम्मेदार था। इस हमले में एक निगरानी चौकी में एक इजराइली सैनिक मारा गया था। अल जजीरा की खबर के अनुसार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा में 15 सहायताकर्मियों की मौत पर आपातकालीन बैठक बुलाई है। यह बैठक तीन घंटे चली। इस दौरान कई राजदूतों ने इजराइल की कड़ी निंदा की।

# ट्रंप के टैरिफ पर "द गार्जियन" का नजरिया

**ब्यूरो**



**एक राक्षसी और गंभीर मूर्खतापूर्ण कार्य**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ़ आतंक का असर दुनिया पर बहुत ख़राब पड़ने की चिंता जताई जाने लगी है। इसको लेकर विश्व के नामी समाचार पत्रों ने गंभीर टिप्पणी की है । अंग्रेजी अखबार द गार्जियन ने भी अपने एडिटोरियल में इस पर तीखी टिप्पणी की है । जो निम्न है-

दुनिया की पहले से ही संकटग्रस्त व्यापार प्रणाली के लिए, यह ऐसा है जैसे कि कोई क्षुद्र ग्रह पृथ्वी पर आकर गिरा हो, जिसने वहां पहले से मौजूद हर व्यक्ति और हर चीज को तबाह कर दिया हो। लेकिन इसमें एक महत्वपूर्ण अंतर है। यदि कोई क्षुद्र ग्रह पृथ्वी से टकराता है, तो कम से कम इसका प्रभाव अनियंत्रित ब्रह्मांडीय शक्तियों के कारण हुआ होगा। इसके विपरीत, विश्व व्यापार पर हमला पूरी तरह से जानबूझकर किया गया कार्य है, जिसे एक व्यक्ति और एक राष्ट्र द्वारा लिया गया है।दुनिया के हर देश पर टैरिफ लगाने का डोनाल्ड ट्रंप का निर्णय एक राक्षसी और मूर्खतापूर्ण कार्य है। एकतरफा और अनुचित, इसे बुधवार को अप्रतिरोध्य भाषा में व्यक्त किया गया जिसमें ट्रंप ने अमेरिकी सहयोगियों को "धोखेबाज" और "कबाड़ खाने वाले" के रूप में वर्णित किया जिन्होंने अमेरिका को "लूटा", "बलात्कार" और "लूटपाट" की। ट्रंप ने जिन गणनाओं के आधार पर अपने दंडों को निर्धारित किया, उनमें से कई विकृत हैं, विशेष रूप से रूस को निंदा सूची से बाहर करना। टैरिफ का मतलब है कि अमेरिका और अन्य जगहों पर सेक्टर दर सेक्टर कीमतों में वृद्धि होना निश्चित है, जिससे मुद्रास्फीति और शायद मंदी को बढ़ावा मिलेगा। ट्रंप संभवतः वैसा ही जवाब देंगे जैसा उन्होंने विदेशी कारों के अधिक महंगे होने के बारे में पूछे जाने पर दिया था- "मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।" टैरिफ - अमेरिका में सभी आयातों पर न्यूनतम 10%, 60 देशों पर उच्च शुल्क के साथ जिन्हें ट्रंप ने "सबसे खराब अपराधी" करार दिया - नियम-आधारित वैश्विक व्यापार व्यवस्था में एक ग्रेनेड फेंकता है। ये वृद्धि बड़ी है, छोटी नहीं, यहां तक कि ब्रिटेन जैसे देशों के लिए भी जो उच्च टैरिफ से बच गए हैं। वे क्षेत्रों के बीच अंधाधुंध हैं, लेकिन सभी देशों के खिलाफ अत्यधिक भेदभावपूर्ण हैं, यहां तक कि अंटार्कटिका में निर्जन द्वीपों को दंडित करने की सीमा तक। वे दूसरे विश्व युद्ध के बाद ब्रेटन वुड्स में अमेरिकी नेतृत्व में स्थापित व्यापार प्रणाली को उलट देते हैं। वास्तव में, जिस देश ने पिछले 80 वर्षों से वैश्विक अर्थव्यवस्था को आधार दिया है, उसने खुद को उस व्यापार प्रणाली से बाहर कर दिया है जिसका वह हमेशा नेतृत्व करता रहा है। उस व्यवस्था का मुख्य सिद्धांत - कि विश्व व्यापार संगठन के देशों को एक दूसरे के साथ समान व्यवहार करना चाहिए - बुधवार को ध्वस्त हो गया। घोषणा समारोह ने ट्रंप को धमकाने और वर्चस्व से मिलने वाले रोमांच को व्यक्त किया। अमेरिकी विकास सहायता को बंद करने के एक महीने बाद, उनकी दंड सूची में दुनिया के गरीबों के लिए विशेष अवमानना शामिल है - उदाहरण के लिए, दुनिया के नौवें सबसे गरीब देश मेडागास्कर पर 47% टैरिफ या तबाह म्यांमार पर 44% टैरिफ। जबकि घोषणा से पहले बहुत सी बयानबाजी चीन पर निर्देशित थी, कुछ सबसे कठिन टैरिफ कंबोडिया, वियतनाम, थाईलैंड और लाओस जैसे देशों पर लगाए गए हैं। अमेरिकी सॉफ्ट पावर पर प्रभाव विनाशकारी होने की संभावना है। ब्रिटिश सरकार शांत रहने और आगे बढ़ने की कोशिश कर रही है। अपने भरोसेमंद व्यापारिक सहयोगियों की तरह, ब्रिटेन को नियम-आधारित व्यापार प्रणाली को बनाए रखने के लिए वह सब करना चाहिए जो वह कर सकता है। लेकिन आर्थिक युद्ध स्पष्ट रूप से इशारा कर रहा है। व्यापार सचिव, जोनाथन रेनॉल्ड्स ने गुरुवार को कहा कि यहां तक कि यूके भी अब अमेरिकी वस्तुओं पर पारस्परिक टैरिफ की एक सूची तैयार कर रहा है। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है कि ब्रिटेन खाद्य और स्वास्थ्य प्रणालियों में अपने हितों की रक्षा करे, और डिजिटल तकनीकी दिग्गजों के खिलाफ़। कोई भी विचार कि ब्रेक्जिट की बदौलत ब्रिटेन इन परिस्थितियों में एक तरह से विजेता है, बेतुका है। इस देश के कथित सबसे करीबी सहयोगी, अमेरिका ने ब्रिटिश निर्यातकों के लिए लागत में 10% की वृद्धि की है, जिसमें स्टील, एल्यूमीनियम और कारों के मामले में 25% की और भी अधिक वृद्धि हुई है। ट्रंप के टैरिफ के परिणाम विश्व व्यापार तक ही सीमित नहीं होंगे, बल्कि वैश्विक आर्थिक प्रणाली पर अधिक व्यापक रूप से प्रभाव डालेंगे। यह एक व्यापक क्षण है। इसके लिए व्यापक प्रतिक्रियाओं की आवश्यकता होगी।

## चीन ने अमेरिका के विरुद्ध जैसे को तैसा के तर्ज पर लगाया 34 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिका को जैसे को तैसा के तर्ज पर चीन ने अमेरिका से आने वाले हर आयात पर अब 34 % का अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा कर दिया, जो 10 अप्रैल से लागू हो जाएगा। मालूम हो कि 2 अप्रैल को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि चीन पर अब से 34% टैरिफ लगेगा। इसके अलावा कंप्यूटर चिप्स को लेकर भी अमेरिका बड़े स्तर पर चीन पर एक्सपोर्ट कंट्रोल करने वाला है। ऐसे में चीन ने अमेरिका को भी तगड़ा झटका देने की पूरी तैयारी की है। ट्रंप के पिछले कार्यकाल के दौरान भी चीन के साथ अमेरिका के रिश्ते कड़वाहट वाले रहे थे। उस समय भी ट्रेड वॉर शुरू हो गया था,जिसके कारण दोनों ही देशों को इसका नुकसान हुआ था। इस बार भी ट्रंप के टैरिफ की वजह से पूरी दुनिया में एक नया ट्रेड वॉर छिड़ गया है। राष्ट्रपति ट्रंप का ज्यादा फोकस तो इस बात पर रहा है कि किस तरीके से ट्रेड डेफिसिट को कम किया जा सके।अमेरिकी प्रतिनिधि ने जो बयान जारी किया था, उसमें सिर्फ इतना कहा गया कि रेसिप्रोकल टैरिफ इस तरीके से कैलकुलेट किए गए हैं जिससे दूसरे देशों के साथ चल रहे व्यापारिक घाटे को पाटा जा सके। अब यह जो परिभाषा दी जा रही है, असल में तो इसे रेसिप्रोकल टैरिफ की व्याख्या नहीं कहा जा सकता। यदि अमेरिका को रेसिप्रोकल टैरिफ ही लगाना होता तो वो उतना टैरिफ दूसरे देश पर लगाता जितना उस पर लग रहा होता। लेकिन यहां तो सिर्फ व्यापारिक घाटे को पाटने की कोशिश हो रही है।

## वाशिंगटन : चाकू से हमले में छह लोग जख्मी, हिरासत में लिया गया संदिग्ध

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** वाशिंगटन में एक व्यक्ति ने लोगों पर चाकू से हमला किया। इस हमले में छह



लोग घायल हो गए। कथित तौर पर हमलावर नशे की हालत में था और उसकी मनोदशा ठीक नहीं थी। संदिग्ध अब हिरासत में है। यह घटना गुरुवार को दोपहर करीब 3:22 बजे मोंटेलो एवेन्यू और मेग्स प्लेस एनई के पास हुई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। संदिग्ध ने पहले सड़क पर चलते समय खुद को चाकू मारा और फिर अपने साथ मौजूद एक महिला परिचित पर हमला किया। इसके बाद उसने दूसरों पर भी चाकू से हमला किया, इनमें दो वो लोग भी शामिल थे जो इस हमले को रोकने की कोशिश में थे। मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग ने एक्स पर घोषणा की: "अलर्ट: हम मोंटेलो एवेन्यू और सिम्स प्लेस एनई के इलाके में चाकू से हमला करने की घटना की जांच कर रहे हैं।

## पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती मामले पर राज्यसभा में हंगामा, कार्यवाही स्थगित

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

राज्यसभा की कार्यवाही शुक्रवार को प्रारंभ होने के कुछ देर बाद ही सत्ता पक्ष के सांसदों ने पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले को सदन में उठाया। भाजपा सांसदों का कहना था कि पहले हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि पश्चिम बंगाल में शिक्षक और गैर शिक्षक भर्ती में अनियमितता बरती गई। इस विषय पर सदन में काफी हंगामा हुआ, जिसके कारण सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद ही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

## रुद्रप्रयाग में यूसीसी पंजीकरण की समीक्षा महानिबंधक ने जिला प्रशासन को सराहा

**देहरादून।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए रुद्रप्रयाग जिले में एक अहम बैठक हुई। जिला कार्यालय सभागार में सचिव वित्त और यूसीसी के महानिबंधक डॉ. वी. षणमुगम ने यह समीक्षा बैठक की। इसमें जिलाधिकारी सौरभ गहरवार और अन्य अधिकारियों के साथ यूसीसी पंजीकरण की प्रगति पर विस्तार से बात हुई। महानिबंधक ने यूसीसी को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया और उपनिबंधकों के सवालों का जवाब देते हुए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन की तारीफ की और कहा कि कम आबादी वाला जिला होने के बावजूद यहां कई बड़े जिलों से ज्यादा पंजीकरण हुए हैं। यह जिला प्रशासन और अधिकारियों की मेहनत को दिखाता है।

## भूकंप से तबाह म्यांमार को 20 मिलियन डॉलर की मदद भेजेगा क्वाड

**नई दिल्ली अप्रैल (आईएएनएस)**

भूकंप की मार झेल रहे म्यांमार की मदद के लिए क्वाड के सदस्य देश ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका ने शुक्रवार को मदद का हाथ बढ़ाया। इन देशों ने सामूहिक रूप से म्यांमार की मदद के लिए 20 मिलियन की मानवीय सहायता देने का ऐलान किया। अपनी फंडिंग और द्विपक्षीय प्रयासों के साथ क्वाड समूह राहत सामग्री की डिलीवरी को सुगम बना रहा है, आपातकालीन चिकित्सा दलों की तैनाती कर रहा है और भूकंप से प्रभावित लोगों की देखभाल के लिए म्यांमार में काम कर रहे मानवीय साझेदारों को मदद प्रदान कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकारों ने म्यांमार और थाईलैंड में आए बड़े भूकंप के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया।

## श्रद्धांजलि

1965 में मनोज कुमार देशभक्ति पर बनी फिल्म शहीद में स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह के रोल में नजर आए थे। फिल्म जबरदस्त हिट रही और इसके गाने 'ऐ वतन, ऐ वतन हमको तेरी कसम', 'सरफरोशी की तमन्ना' और 'मेरा रंग दे बसंती चोला' काफी पसंद किए गए थे।

### लाल बहादुर शास्त्री के कहने पर उपकार बनाई, इसी से मिला **भारत कुमार नाम**

1967 की **सबसे बड़ी** फिल्म थी उपकार




1937 – 2025



**उपकार** फिल्म लाल बहादुर शास्त्री को बेहद पसंद आई। शास्त्री जी ने नारा था- जय जवान, जय किसान। शास्त्री जी ने मनोज को इस नारे पर फिल्म बनाने की सलाह दी। इस पर मनोज ने फिल्म उपकार (1967) बनानी शुरू कर दी, हालांकि उन्हें फिल्म लेखन या डायरेक्शन का कोई अनुभव नहीं था। एक दिन मनोज कुमार ने मुंबई से दिल्ली जाने के लिए राजधानी ट्रेन की टिकट खरीदी और ट्रेन में चढ़ गए। ट्रेन में बैठे-बैठे ही उन्होंने आधी फिल्म लिखी और लौटते हुए आधी। इस फिल्म से उन्होंने बतौर डायरेक्टर करियर की दूसरी पारी शुरू की। आगे उन्होंने पूरब और पश्चिम, रोटी कपड़ा और मकान जैसी देशभक्ति पर कई फिल्में बनाईं।

**फिल्म ने मनोज कुमार को दिया भारत कुमार नाम :** उपकार 1967 की सबसे बड़ी फिल्म थी। फिल्म का गाना मेरे देश की धरती सोना उगले.. आज भी सबसे बेहतरीन देशभक्ति गानों में गिना जाता है। फिल्म में मनोज कुमार का नाम भारत था। फिल्म के गाने की पॉपुलैरिटी देखते हुए मनोज कुमार को मीडिया ने भारत कहना शुरू कर दिया और फिर उन्हें भारत कुमार कहा जाने लगा। मनोज कुमार ने अपने निर्देशन में बनी फिल्म क्रांति (1981) में दिलीप कुमार को डायरेक्ट किया था।



## मधु कोड़ा की माता के निधन पर प्रदेश भाजपा ने जताया शोक

**रांची।** प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मधु कोड़ा की पूज्य माताजी के निधन की दुखद सूचना से मन दुखित है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें। शोक व्यक्त करने वालों में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ,कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय,निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा मनोज कुमार सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, राकेश प्रसाद ,आरती कुजूर ,दीपक बंका हेमंत दास,आदि शामिल हैं।

# विद्यार्थियों को नौकरी खोजने वाली नहीं, रोजगार सृजित करने वाली शिक्षा दें : राज्यपाल

- *मेक इन और डिजिटल इंडिया के बारे में की चर्चा*
- *शोध कार्यों में मौलिकता आवश्यक*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि विकसित भारत केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक समृद्धि, सामाजिक समरसता और वैज्ञानिक नवाचार का समन्वित प्रतिबिंब है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा जनसंख्या है और हमें उन्हें नवाचार, स्टार्टअप, शोध और उद्यमशीलता की ओर प्रेरित करना होगा। वे शुक्रवार को गोस्सनर कॉलेज में आयोजित इंटरनेशनल कांफ्रेंस के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। राज्यपाल ने विकसित भारत 2047, आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों का भी उल्लेख किया। कहा कि ये पहले भारत को न केवल आत्मनिर्भर बना रही हैं, बल्कि उसे वैश्विक नेतृत्व की दिशा में भी अग्रसर कर रही है।




भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बन चुका है, जहां के नवाचार वैश्विक परिवर्तन का माध्यम बन रहे हैं। राज्यपाल ने शिक्षण संस्थानों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों को केवल नौकरी खोजने वाली नहीं, बल्कि रोजगार सृजन करने वाली शिक्षा प्रदान करें।

राज्यपाल ने कहा कि शोध कार्यों में मौलिकता आवश्यक है। केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं, बल्कि समाजोपयोगी समाधान और नवाचारों पर आधारित शोध ही विकसित भारत की राह को प्रशस्त करेगा। उन्होंने स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, खादी और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया। कहा कि भारत वैश्विक उत्पादन केंद्र बन सकता है, यदि वह पारंपरिक ज्ञान और आधुनिकता का समन्वय स्थापित कर सके। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि यह सम्मेलन केवल अकादमिक विमर्श तक सीमित न रहकर ठोस नीतिगत सुझावों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएगा।

## मनोज कुमार की फिल्मों ने सभी में देशभक्ति की भावना जगायी : राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने महशूर अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर शोक जताया है। सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रख्यात अभिनेता और फिल्म निमार्ता मनोज कुमार जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। भारत कुमार के रूप में उन्होंने अपनी फिल्मों के माध्यम से जन-जन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत किया। उनकी सांस्कृतिक और भावनात्मक विरासत सदैव स्मरणीय और प्रेरणास्पद बनी रहेगी।

### शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा

# शिक्षा में समानता लाना प्राथमिकता

- *अमीर शिक्षा और गरीब शिक्षा नहीं होनी चाहिए*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के माध्यम से शिक्षा की बुनियादी ढांचा को मजबूत करने के लिए अभियान शुरू किया है। आज सरकारी स्कूलों के एक क्लास के बच्चे भी अंग्रेजी बोल रहे हैं मैं तो 6 क्लास में एबीसी सिखा था, बच्चों को अंग्रेजी बालते देखकर प्रसन्नता हो रही है। आने वाले समय में अंतर राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले प्रतियोगिता में आपसब भाग लें सके ऐसी तैयारी होनी चाहिए। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है कि पढ़ाई में समानता होनी चाहिए। अमीर शिक्षा और गरीब शिक्षा नहीं होना चाहिए। हमारी सर्वे के अनुसार झारखंड राज्य से सबसे कम आईएएस और आईपीएस बनते हैं। प्रतियोगिता में सीबीएसई पैटर्न के सवाल आते हैं हमारे राज्य के बच्चे प्रतियोगिता की रेस में सफल नहीं हो पा रहे थे। इसलिए बुनियादी शिक्षा को मजबूत किया जा रहा है। इसके तहत राज्य सरकार ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के 80 विद्यालय चलाए जा रहे हैं।



**बजट सत्र में छूटे प्रश्नों का जवाब देने की तैयारी : रामदास सोरेन**

राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मुख्यालय में शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस किया। उन्होंने कहा कि बजट सत्र लंबा और सुचारू रूप से चला है। इसके लिए उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष का आभार प्रकट किया है। श्री सोरेन ने कहा कि विधान सभा में सबसे ज्यादा प्रश्न स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से किए गए हैं 60 से 65 प्रश्न पूछे गए हैं। तारांकित, अल्पसूचित, बहुत सवालों का जवाब दिया बहुत का नहीं दे पाया। इसके लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी, अपने-अपनें विधानसभा के विधायकों ने अपने क्षेत्रों की समस्याओं को सदन में रखा है। मेरी जिम्मेवारी बनती है कि उन सारे प्रश्नों का जवाब उनको मिले।

आज प्रतियोगिता का दौर है गरीब घर के बच्चों को भी सबीएसई पैटर्न की पढ़ाई दी जाती है।

उड़ीसा में ओड़या की पढ़ाई होती है पं रघुनाथ मुर्मू ने संताली भाषा के लिए ओल चिकी लीपी विकसित की। हमारे राज्य में भी जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई हो सके इसके लिए आवश्यक तैयारी की जा रही है।

केंद्र सरकार के राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एफएलएन के माध्यम से पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ सर्वांगीण विकास की ओर ले जाया जा रहा है।

परियोजना निदेशक शशि रंजन ने कहा कि मंत्री जी का बहुमुल्य मार्गदर्शन प्राप्त होता है। 7,75,000 सरकारी विद्यालय के बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था। हर साल इस तरह का आयोजन होता है। एफएलएन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार फोकस कर काम करती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और सरकार का जोर है कि एफएलएन । इस प्रतियोगिता में अंग्रेजी विषय के स्पेलिंग और उच्चारण पर कठिन प्रतियोगिता होती है। इस वर्ष अंग्रेजी और गणित विषयों की प्रतियोगिता हुई थी। इसमें स्कूली बच्चों ने विद्यालय, संकुल, प्रखंड और जिला स्तर से प्रतियोगिता जीत कर यहां तक पहुंचे हैं, बड़ी बात है।

शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने कहा कि एफएलएन का भारतवर्ष में अनूठा प्रयोग है। एफएलएन की इस प्रतियोगिता में ज्यादा लोग भाग लें , वक्त की मांग है शिक्षा की नींव पर ध्यान देने की जरूरत है, अब वक्त की मांग है कि ज्यादा से ज्यपादा लोग प्रतियोगिता में भाग ले। अगले वर्ष विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों को भी प्रतियोगिता में शामिल किए जाने की योजना पर काम चल रहा है। शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना है जनजातीय भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति पर कार्यवाही चल रही है। इस प्रतियोगिता से जीत कर आने वालों को बच्चों के शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि झारखंड के कुल विद्यार्थियों में 70 से 75 प्रतिशत सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं।

## सांसद सीपी चौधरी की डिस्चार्ज याचिका पर सुनवाई 17 अप्रैल को

**रांची।** ओबीसी आरक्षण सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के मामले में नामजद सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर शुक्रवार को एमपी/एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 17 अप्रैल निर्धारित की है। सीपी चौधरी ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए 18 मार्च को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। वहीं इसी मामले में आरोपी सुदेश महतो की डिस्चार्ज याचिका अदालत खारिज कर चुकी है। घटना को लेकर ओरमांझी के तत्कालीन सीओ विजय केरकेट्टा ने लालपुर थाना में 8 सितंबर 2021 को कांड संख्या 201/2021 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री आवास घेराव को लेकर आजसू कार्यकर्ता मोरहाबादी मैदान में एकत्रित हुए। जिसका नेतृत्व सुदेश महतो, चंद्र प्रकाश चौधरी, लंबोदर महतो, रामचंद्र सहिस समेत अन्य कर रहे थे। इन लोगों पर जानबूझ कर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ धक्का-मुक्की, सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप है।

## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल ने विकसित भारत युवा संसद के प्रतिभागियों को किया सम्मानित



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय विकसित भारत युवा संसद में झारखंड के प्रतिभागियों की उत्कृष्ट भागीदारी के लिए उन्हें राज भवन में सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने रिया गुप्ता, श्वेता कुमारी और आयशा फातिमा सहित झारखंड के यूथ आइकन गौरव अग्रवाल को सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा को निखारने के अवसर मिलने चाहिए, जिससे उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी ने भी युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस सम्मान समारोह में नेहरू युवा केंद्र संगठन की राज्य निदेशक ललिता कुमारी, विकास आहूजा और चार्ल्स बोदरा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### राज्यपाल से मिले कुलपति



**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा की कुलपति प्रो. अंजिला गुप्ता तथा बिनोद बिहारी महतो कोयालांचल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राम कुमार सिंह ने राज भवन में भेंट की तथा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। राज्यपाल ने कुलपति को निदेशित किया कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा सुनिश्चित की जाए और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने शैक्षणिक कैलेंडर के अनुपालन एवं सत्र को नियमितीकरण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय टीम भावना के साथ कार्य करे तथा शोध के स्तर में सतत सुधार लाए। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय ऐसा कार्य करे जिससे उसकी सभी क्षेत्रों में सकारात्मक छवि स्थापित हो।

### दुष्कर्म के दो आरोपी हुए गिरफ्तार



**रांची।** पुलिस ने दो दुष्कर्म के आरोपियों को गिरफ्तार किया। दरअसल, एक अप्रैल को सिल्ली थाना अंतर्गत सुण्डिल ग्राम अंतर्गत हरिहर धाम के पास स्वर्णरखा नदी नहाने गई एक नाबालिग बच्ची को बेहोश हालत में हरिहर धाम के सुनसान जंगल में पाया गया था। नाबालिग बच्ची को शराब का सेवन कराया गया था जिससे बच्ची नशे में बेहोश हो गई थी। जिस कारण कुछ बताने में असमर्थ थी। बच्ची के परिजनों ने बच्ची को ईलाज के लिए मूरी स्थित सिंहपूर नरसिंह होम में भर्ती करवाया था। पुलिस को सूचना प्राप्त होते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। 4 अप्रैल को को जब बच्ची स्वस्थ हुई और बात करने में सक्षम हुई तभी बच्ची ने अपने फर्दव्यान में उसके साथ दो युद्ध द्वारा सामुहिक दुष्कर्म करने की बात बताई। साथ ही युवको द्वारा मारपीट करने एवं शराब का सेवन कराने की बात भी बताई। जिसके बाद पुलिस के द्वारा त्वरीत कार्रवाई करते हुए पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। बच्ची के साथ दुष्कर्म में शामिल दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों गिरफ्तार व्यक्तियों ने अपने अपराध स्वीकार किया।

### रांची हिंसा के छह आरोपियों को मिली सशर्त जमानत




**रांची।** 10 जून 2022 को राजधानी रांची के मेन रोड में हुई हिंसा मामले में छह आरोपियों को झारखंड हाईकोर्ट से बेल मिली है। लोअर बाजार थाना में दर्ज एफआईआर संख्या 133/22 से जुड़े मामले में अदालत ने 6 आरोपितों को बेल दिया है। शुक्रवार को अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ये 6 युवक मोहम्मद अफसर, मोहम्मद शाहबाज, सरफराज, तबारक, उस्मान उर्फ करण कच्छप और मोहम्मद साबिर को जमानत दी गई है। वहीं हाई कोर्ट ने 25 हजार का जुर्माना लगाते हुए सशर्त जमानत दी है।

## जिला प्रशासन की लापरवाही से हुई विस्थापित प्रेम प्रसाद की हत्या : चंद्र प्रकाश चौधरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने बोकारो स्टील सिटी में शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन के दौरान जिला प्रशासन की लापरवाही की वजह से हुई विस्थापित प्रेम प्रसाद की हत्या पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने राज्य सरकार से मृतक के परिवार को एक करोड़ मुआवजा, आश्रित को नौकरी व घायल विस्थापितों को पांच लाख का मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने इसको लेकर राज्य के मुख्य सचिव का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने मुख्य सचिव को इस बात से अवगत कराया है कि तीन अप्रैल को हुई इस घटना के दोषियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना में नाम दर्ज अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित हो, इसको लेकर जिला प्रशासन को तत्काल आदेश दिए जाने की जरूरत है।

## डीजीपी ने की डायल 112 के कार्यों की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डायल 112 अंतर्गत किए जा कार्यों का डीजीपी ने समीक्षा किया। शुक्रवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक में एडीजी सुमन गुप्ता, डीआईजी इन्द्रजीत माहथा, एसपी अमित रेणु, एसपी हरविन्दर सिंह समेत कई पदाधिकारी ने भाग लिया। इस बैठक के दौरान इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम के उद्देश्य और डायल 112 की सेवाओं की विस्तृत रूप से समीक्षा की गयी। इसमें विशेष रूप से महिलाओं / बच्चों, वृद्धों को आपातकालिन परिस्थितियों में



त्वरित सहायता प्रदान करने के साथ-साथ एम्बुलेन्स और फायरबिग्रेड सेवाओं को और प्रभावी बनाने पर बल दिया गया। डायल 112 के मद्देनजर आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता के लिए कई निर्देश दिए गए अपराध, आग लगने, दुर्घटना, महिला उत्पीड़न, घरेलु हिंसा, बाल अपराध, मेडिकल इमरजेंसी जैसी सूचना डायल-112 पर मिलने पर त्वरित गति से कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक जिले में नोडल पदाधिकारी (डीएसपी के अधिकारी) डायल-112 की नियमित समीक्षा करेंगे और आपातकालीन सेवाओं को डायल-112 से जोड़ने के लिए वांछित कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे आम जनता के बीच डायल-112 के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सार्वजनिक स्थल यथा- ऑटो रिक्शा, सिटी बस, महिला महाविद्यालय, बैंक, अस्पताल / एटीएम, कोचिंग सेंटर, विद्यालय स्थानों पर वांछित कार्रवाई किया जाए।

## पृष्ठ एक के शेष

**बोकारो स्टील प्लांट के...**

निकल रहे कर्मियों और अधिकारियों को एडीएम गेट पर रोक दिया था। रास्ता क्लियर कराने के लिए सीआईएसएफ के जवान पहुंचे तो अचानक स्थिति बिगड़ गई। लिहाजा, सीआईएसएफ ने लाठीचार्ज कर दिया। इस दौरान सिर पर चोट लगने की वजह से प्रेम महतो अचेत हो गए. उन्हें बीजीएच ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लाठीचार्ज में कई आंदोलनकारी जख्मी हुए हैं।

बोकारो में माहौल तनावपूर्ण, अलर्ट मोड पर प्रशासन : इधर, लाठीचार्ज की घटना के विरोध में 4 अप्रैल को बोकारो बंद बुलाए जाने की घोषणा के बाद डीसी विजया जाधव ने देर रात अपने कार्यालय में बैठक की। इसमें पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी, बीएसएल के ईडी, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआईएसएफ, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा शामिल हुए। इस दौरान बीएसएल प्रबंधन ने विस्थापित अप्रेंटिस संघ की मांगों को स्वीकार कर लिया। वहीं उपायुक्त और एसपी ने संयुक्त रुप से जिलावासियों से शांति बनाए रखने की अपील की है। हालांकि 4 अप्रैल को बोकारो बंद के दौरान आक्रोशित विस्थापितों ने जमकर बवाल काटा। आक्रोशितों ने बीएसएल की एक बस को फूंक दिया। एक दुकान और एक बाइक को भी आग के हवाले कर दिया गया। एनएच 32 को जाम कर दिया। यही नहीं तेनू नहर को दो जगह काट दिया गया। फिलहाल माहौल तनावपूर्ण है। वहीं पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

**झारखंड में 21 जगहों पर ईडी का...**

संसद में पेश होने और उसमें वर्णित तथ्यों के मद्देनजर ईडी ने स्वास्थ्य विभाग और झारखंड स्टेट हेल्थ सोसायटी से आयुष्मान योजना में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ की गयी कार्रवाई की जानकारी मांगी थी। जवाब में स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान योजना में हुई गड़बड़ी के मामले में कुछ अस्पतालों के खिलाफ दर्ज करायी एफआईआर की सूचना ईडी को भेजी थी। ईडी ने इसी प्राथमिकी को इसीआईआर के रूप में दर्ज कर झारखंड में आयुष्मान घोटाले की जांच शुरू की थी। मिली जानकारी के अनुसार, बरियातू रोड के श्यामा इनक्लेव से पहले ईडी ने छापेमारी की है। इसके साथ ही मोहराबादी में बुधिया एजेंसी में भी ईडी ने छापेमारी की है। सिंदुवार के ललिता ऑर्किड, अरविंद मार्क के रश्मि इनक्लेव और श्यामा इनक्लेव के रामेश्वरम लेन में भी छापा मारा गया है। बताया जा रहा है कि ईडी की टीम सुबह 4 बजे से ही सक्रिय है और टीम के दर्जनों सदस्य कार्रवाई के लिए निकले हुए हैं।

**जमशेदपुर के कई अन्य इलाकों में भी पड़ा छापा :** आयुष्मान घोटाला से संबंधित मामले में ईडी ने जमशेदपुर के एनएच-33 मार्ग के बिग बाजार से पीछे स्थित नीलगिरी कॉलोनी में बन्ना गुप्ता के आप्त सचिव ओम प्रकाश सिंह गुड्डू के ठिकानों पर छापा मारा है। जमशेदपुर के कई इलाकों पर प्रर्वतन निदेशालय ने रेड मारी है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। ईडी के अधिकारी ओम प्रकाश सिंह गुड्डू के परिजनों से पूछताछ कर रहे हैं। किसी को भी अंदर जाने की इजाजत नहीं दी। ईडी की तरफ मिली सूचना में छापेमारी की पुष्टि की गई लेकिन बरामदगी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जबकि कुछ समाचार माध्यमों में चल रही सूचना के अनुसार 3466 शवों का इलाज किया गया और 6.97 करोड़ रुए की बरामदगी हुई। दरअसल, 3466 मरीजों की मौत इलाज के दौरान पहले हो चुकी थी और इलाज खर्च का भुगतान किया जा चुका था। लेकिन ट्रांजैक्शन मैनेजमेंट सिस्टम में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं थी जिससे मृत मरीजों को ब्योरा अपलोड नहीं हो। इसी का लाभ उठाते हुए राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में वैसे 3466 ऐसे मरीजों का ब्योरा दोबारा अपलोड कर भुगतान लिया गया। इन मृत मरीजों का इलाज करने के मामले में कुल 6.97 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। इसको अंजाम देने वालों में केरल का नाम सबसे उपर है, वहीं दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश, तीसरे नंबर पर छत्तीसगढ़, चौथे नंबर पर हरियाणा और पांचवें नंबर पर झारखंड का नाम है।

**गुमला में स्वास्थ्य कर्मी दयाशंकर चौधरी के घर 9 घंटे तक हुई छापेमारी, फर्जी बिलिंग के दस्तावेज जब्त :** ईडी ने गुमला शहर के डीएसपी रोड स्थित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी दयाशंकर चौधरी के आवास पर छापेमारी की, जो लगातार नौ घंटे चली और शाम लगभग 4:45 बजे समाप्त हुई। दयाशंकर चौधरी वर्तमान में गिरिडीह जिले में आयुष्मान योजना के कोऑर्डिनेटर के रूप में कार्यरत हैं। ईडी अधिकारियों ने छापेमारी के दौरान उनके घर के प्रत्येक कोने की बारीकी से तलाशी ली और महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की। सूत्रों के अनुसार, इस दौरान ऐसे कई दस्तावेज बरामद किए गए हैं जो आयुष्मान योजना में बड़े स्तर पर की गई फजीवाड़े की पुष्टि कर सकते हैं। जांच में यह सामने आया है कि आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को अस्पताल में भर्ती दिखाए बिना ही फर्जी बिल तैयार कर सरकारी खजाने से राशि की निकासी की गई थी। इन फर्जी बिलों के आधार पर बड़ी संख्या में भुगतान किए गए, जिससे सरकारी धन की भारी हानि हुई। ईडी ने अभी तक जब्त किए गए दस्तावेजों और सामग्रियों को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की है, लेकिन छापेमारी की खबर फैलते ही स्वास्थ्य विभाग समेत प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है। विभागीय अधिकारियों में भय और असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

## रक्षा राज्य मंत्री ने झारखंड की विरासत को बताया प्रेरक




**रांची।** शुक्रवार को नई दिल्ली में हमारी परंपरा हमारी विरासत पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सम्मिलित हुए। मौके पर श्री सेठ ने झारखंड की समृद्ध परंपराओं और विरासत पर अपना विचार व इसके संरक्षण को सुझाव दिया। झारखंड और दिल्ली को सांस्कृतिक रूप से जोड़ने वाला यह अद्वितीय आयोजन है। केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल विशेष रूप से उपस्थिति रहे। भगवान बिरसा मुंडा की प्रेरक विरासत और झारखंड की बेटियों की सांस्कृतिक जागरूकता पर सकारात्मक चर्चा हुई।

## बीसीएल व सीआईएसएफ अधिकारी पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो : राजेंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बीसीएल में नियोजन की मांग पर आंदोलित विस्थापित अप्रेंटिस संघ के आंदोलनकारियों पर सीआईएसएफ द्वारा लाठी चार्ज की गई। इस दौरान प्रेम महतो की हत्या करने और बेरहमी के साथ पिटाई कर पन्द्रह लोगों को घायल कर दिया गया। इस घटना को मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कड़े शब्दों में निन्दा की है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा बीएसएल अधिकारियों और सीआईएसएफ के जिम्मेवार अधिकारीयों पर हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिये राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड विस्थापन का दंश झेल रहा है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड में हमारे लोगों की जमीन पर कल ,कारखाना -फैक्ट्री बनी है ,जिसके कारण झारखण्ड के लोग विस्थापित हुए हैं । आज हमारे लोग हमारे जमीन पर बने फैक्ट्री पर नौकरी मांग रहे हैं तो उनके ऊपर लाठी चार्ज कर उनकी हत्या की जा रही है। राजेन्द्र प्रसाद ने बीसीएल से मांग कि है मारे गए प्रेम महतो को एक करोड़ और घायलों को दो-दो लाख रूपया और सभी आंदोलित विस्थापित अप्रेंटिस संघ के सदस्यों को नौकरी तुरंत दे।

**बोकारो विधायक का आचरण घोर निंदनीय :** प्रसाद ने कहा कि बोकारो विधायक का आचरण प्रजातंत्र के खिलाफ है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि कोई भी व्यक्ति कहीं भी आ जा सकता है। कहा बोकारो विधायक को अपने ससुर स्व समरेश सिंह से सीख लेनी चाहिए। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान -आदिवासी द्वारा आयोजित धरना पर मंत्री होते हुए भी समरेश सिंह आकर बैठ जाते थे। राजेन्द्र प्रसाद ने डुमरी विधायक जयराम महतो का विरोध करने और उनके गाड़ी पर लगे नेम प्लेट को तोड़ने पर घोर भर्त्सना की है।

आईपीएल 2025

## ‘गेम बदलने वाला प्रदर्शन’, वरुण आरोन ने की वैभव अरोड़ा के स्पैल की तारीफ



**कोलकाता (आईएएनएस)।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मीडियम पेसर वैभव अरोड़ा की सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि 27 वर्षीय वैभव ने अपनी लाइन और लेंथ पर भरोसा रखा और सही समय पर विकेट लिए। वैभव अरोड़ा केकेआर के लिए ‘इंपैक्ट प्लेयर’ के रूप में आए और उन्होंने पारी की दूसरी गेंद पर ही खतरनाक बल्लेबाज ट्रेविस हेड को आउट कर दिया। यह दिलचस्प है कि उन्होंने आईपीएल 2024 के फाइनल में भी हेड को पहली ही गेंद पर आउट किया था। इसके बाद उन्होंने ईशान किशन को आउट किया और फिर हेनरिक क्लासेन का विकेट लेकर तीसरी सफलता हासिल की।

## कमिंस ने हार के लिए फील्डिंग और बल्लेबाजी को जिम्मेदार ठहराया



**कोलकाता (आईएएनएस)।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 15वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के हाथों 80 रनों की करारी हार के बाद स्वीकार किया कि उनकी टीम खुद को ही दोषी मानती है। उनके शब्दों ने एसआरएच की रात को बयां कर दिया- फील्डिंग में लापरवाही, डैथ ओवरों में गेंद से भटकाव और बल्ले से पूरी तरह से मात। शुरुआती झटकों के बावजूद जिसमें क्विंटन डी कॉक (1) और सुनील नारायण (7) सस्ते में आउट हो गए, अजिंक्य रहाणे (27 गेंदों पर 38) और युवा अंगकृष रघुवंशी (32 गेंदों पर 50) के बीच एक संतुलित साझेदारी ने मंच तैयार किया।

हार्दिक पंड्या ने खोला ‘पंजा’

# मार्श-मार्करम भी चमके, लखनऊ ने मुंबई को दिया 204 रनों का टारगेट

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच नंबर-16 में आज लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना मुंबई इंडियंस से हो रहा है. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में है. इस मुकाबले में लखनऊ ने मुंबई को जीत के लिए 204 रनों का टारगेट दिया है।मुंबई इंडियंस ने मौजूदा सीजन में अब तक 3 में से एक मैच में जीत हासिल की है. वहीं लखनऊ की टीम ने इतने ही मैच खेले हैं और उसे भी सिर्फ 1 में जीत मिली है.

**यानी दोनों ही टीमों को अपनी दूसरी जीत की तलाश है**

लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत शानदार रही. मिचेल मार्श और एडेन मार्करम ने मिलकर पावरप्ले यानी शुरुआती 6 ओवर्स में 69 रन कूटे. इसमें ज्यादा योगदान मिचेल मार्श का ही रहा, जिन्होंने 27 बॉल पर अपनी फिफ्टी पूरी की. मुंबई को पहली सफलता विघ्नेश पुथुर ने दिलाई, जिन्होंने मार्श को चलता किया. मार्श ने 9 चौके और दो छक्के की मदद से 31 बॉल पर 60 रन बनाए। मिचेल मार्श और एडेन मार्करम के बीच पहले विकेट के लिए 76 रनों की पार्टनरशिप हुई. फिर हार्दिक पंड्या ने इनफॉर्म बल्लेबाज निकोलस पूरन (12) को आउट कर दिया. कप्तान ऋषभ पंत का खराब प्रदर्शन जारी रहा और वो सिर्फ 2 रन बनाकर हार्दिक पंड्या का शिकार बने. पंत के आउट होने के समय लखनऊ का स्कोर 3 विकेट के नुकसान पर 107 रन था। इसके बाद आयुष बदोनी और एडेन मार्करम ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 51 रनों की पार्टनरशिप की. बदोनी ने चार चौके की मदद से 19 गेंदों पर 30 रन बनाए. बदोनी को तेज गेंदबाज अश्विनी कुमार ने चलता किया. बदोनी के आउट होने के कुछ समय बाद मार्करम ने अपनी फिफ्टी पूरी कर ली. हालांकि फिफ्टी जड़ने के कुछ देर बाद ही मार्करम विपक्षी टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या की गेंद पर पवेलियन चलते बने. मार्करम ने 38 बॉल पर 53 रन बनाए, जिसमें दो चौके और चार छक्के शामिल रहे। अब्दुल समद (4) कुछ खास नहीं कर पाए और बड़ा शॉट मारने की कोशिश में ट्रेंट बोल्ट का शिकार बने।




विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025

## हितेश फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

राष्ट्रीय चैंपियन हितेश ने गुरुवार को फोज डू इगुआकू में विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 के 70 किग्रा मुकाबले में फ्रांस के माकन ट्रोरे को 5:0 से हराकर असाधारण रणनीति का परिचय दिया और फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए।

भारतीय मुक्केबाज ने ओलंपियन ट्रोरे के खिलाफ शुरुआत में सतर्क रुख अपनाया, लेकिन हमेशा जवाबी हमले की तलाश में रहे। इस रणनीति ने हितेश को मुकाबले की गति को नियंत्रित करने में मदद



की और हालांकि उन्हें तीसरे और अंतिम राउंड में पेनल्टी मिली, लेकिन अंतिम परिणाम पर कभी संदेह नहीं हुआ। अब उनका सामना फाइनल में इंग्लैंड के ओडेल कामारा से होगा।

अन्य भारतीयों में, जदुमणि सिंह मंडेंगबाम ने पूर्व एशियाई अंडर-22 चैंपियन उज्बेकिस्तान के असिलबेक जलीलोव से मुकाबला किया, लेकिन 50 किग्रा सेमीफाइनल में 2:3 के विभाजित फैसले के बाद हार गए। विशाल को 90 किग्रा सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के तुराबेक खाबीबुल्लाएव के खिलाफ 0:5 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि सचिन को 60 किग्रा मुकाबले में पोलैंड के पावेल ब्राच से हार का सामना करना पड़ा।

## ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग ने जारी किया शेड्यूल

फाइनल 30 अप्रैल को



**गुरुग्राम/ हरियाणा । (आईएएनएस)**

18 अप्रैल से गुरुग्राम में शुरू हो रही ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआईपीकेएल) ने अपनी आगामी लीग का पूरा कार्यक्रम घोषित कर दिया है, जिसकी शुरुआत पुरुष मुकाबलों के साथ की जाएगी। जीआईपीकेएल में दिन का पहला मुकाबला तमिल लॉयन्स और पंजाबी टाइगर्स, दूसरा मुकाबला हरियाणवी शार्क्स और तेलुगु पैंथर्स और तीसरा मुकाबला मराठी वल्चर और भोजपुरी लेपड्र्स के बीच खेला जाना तय है। वहीं महिला मुकाबलों की शुरुआत 19 अप्रैल से होगी, जहां दिन की पहली भिड़ंत मराठी फाल्कन्स और तेलुगु चीतास के बीच देखने को मिलेगी, जबकि अन्य मुकाबले पंजाबी टाइग्रेस बनाम भोजपुरी लेपड्र्स और हरियाणवी ईगल्स बनाम तमिल लायनेस के बीच खेले जाएंगे। दर्शक इन मुकाबलों का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स 3 पर शाम 6 बजे से ले सकेंगे।

### महिला टीमें और उनके कप्तान

| | |
|---|---|
| हरियाणवी ईगल्स | पुष्पा राणा |
| भोजपुरी लेपड्र्स | मीना काद्यान |
| मराठी फाल्कन्स | तनु शर्मा |
| पंजाबी टाइग्रेस | मीरा |
| तेलुगु चीता | जूली भाटी |
| तमिल लायनेस | सुमन |

### पुरुष टीमें और उनके कप्तान

| | |
|---|---|
| भोजपुरी लेपड्र्स | शिव प्रसाद |
| हरियाणवी शार्क्स | विकास दहिया |
| मराठी वल्चर्स | कपिल नरवाल |
| पंजाबी टाइगर्स | साविन नरवाल |
| तमिल लायंस | सुनील नरवाल |
| तेलुगु पैंथर्स | संदीप कंडोला |

## आईसीसी महिला विश्व कप क्वालीफायर पाक के लिए आसान प्रतियोगिता नहीं है : सना मीर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर प्रतियोगिताओं में सना मीर से बेहतर प्रदर्शन करने वाली कुछ ही खिलाड़ी हैं और पाकिस्तान की पूर्व कप्तान का मानना है कि अगला चरण अब तक का सबसे प्रतिस्पर्धी हो सकता है। सना ने अपने खेल के दिनों में पाकिस्तान को तीन क्वालीफायर में मदद की, 2008, 2011 और 2017 में, बाद के दो में अपने देश की कप्तानी की। पाकिस्तान इस साल मेजबान है और वह इस साल के अंत में भारत में होने वाले शोपीस के लिए प्रस्तावित अंतिम दो स्थानों में से एक पर दावा करने की कोशिश कर रहा है, और सना यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि आने वाले हफ्तों में यह कैसे खेलता है। उन्होंने आईसीसी की एक विज्ञप्ति में कहा, “बहुत उत्साह है, और हर कोई इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा है।



## राही सरनोबत का संघर्ष: दर्द को मात देकर ओलंपिक की ओर बढ़ी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

दो बार की ओलंपियन पिस्टल शूटर राही सरनोबत, जिन्होंने गंभीर स्वास्थ्य लड़ाई के बाद इस साल देहरादून में राष्ट्रीय खेलों में खेल में वापसी की है, ने न्यूरोपैथिक पेन सिंड्रोम से अपनी हालिया लड़ाई के बारे में बताया और बताया कि अब वह अपने ओलंपिक पदक के सपने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। 34 वर्षीय राही ने राष्ट्रीय खेलों में महिलाओं की 25 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। राही की स्वास्थ्य समस्याएं 2022 में शुरू हुईं, जब महाराष्ट्र की शूटर विश्व चैंपियनशिप के



लिए राष्ट्रीय शिविर के लिए सामान पैक कर रही थीं। उन्हें खुद को हॉट फ्लैश और नसों में दर्द का सामना करना पड़ा। कई हफ्तों तक अपने पूरे शरीर में सनसनी महसूस करने के बाद, जिससे उन्हें बहुत दर्द हो रहा था, राही ने पाया कि वह बिस्तर पर आराम कर रही हैं और इसका निदान नहीं कर पा रही हैं। राही ने हाउस ऑफ ग्लोरी पॉडकास्ट पर खुलासा किया, “हमें नहीं पता था कि किस डॉक्टर के पास जाना है - हमने ईसीजी, कार्डियो टेस्टिंग, रूटीन टेस्ट करवाए - लेकिन सब कुछ ठीक था। फिर भी, मैं बहुत बुरा महसूस कर रही थी। मुझे अपनी गर्दन में दर्द महसूस होने लगा, मैं बिस्तर पर लेट नहीं पा रही थी और मुझे महीनों तक बैठकर सोना पड़ा। मेरी मेडिकल टीम ने न्यूरोलॉजिस्ट से परामर्श करने का सुझाव दिया। न्यूरोलॉजिकल परीक्षण के हफ्तों बाद, राही को न्यूरोपैथिक दर्द का पता चला।

संस्थानिक लीग

## इशान के आठ गोल से दिल्ली ऑडिट की बड़ी जीत

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

इशान के आठ गोलों की मदद से दिल्ली ऑडिट ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) को 13-1 से रौंदकर डीएसए संस्थानिक लीग में पहली जीत का स्वाद चखा। शुक्रवार को राजधानी स्थित ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मैदान पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में इशान ने दोहरी हैट्रिक सहित आठ गोल जमा कर किसी मैच में सर्वाधिक गोल दागने का सम्मान पाया। उनके अलावा ओबेद ने भी तिकड़ी बनाई और बाकी के दो गोल नितीश और विक्रम ने किए। पराजित टीम



के लिए एकमात्र गोल गौरव ने दागा। दिन के पहले मैच में उत्तर रेलवे ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को 2-0 से हराया और जीत की हैट्रिक पूरी करके सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी संभावना को मजबूत किया है। उत्तर रेलवे की जीत में दोनों गोल पुनीत पाल सिंह ने जमाए। ग्रुप ‘ए’ से डीडीए और डीटीसी पहले ही दौड़ से बाहर हो चुके हैं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## जोहो के श्रीधर वेम्बू ने डीप टेक इनोवेटर्स से कहा, ‘अपनी असल टेक्नोलॉजी क्षमता को प्रदर्शित करें’

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

एंटरप्राइज क्लाउड सॉफ्टवेयर प्रमुख ‘जोहो’ के संस्थापक श्रीधर वेम्बू ने शुक्रवार को भारत में डीप टेक इनोवेशन की ओर बदलाव के लिए अपना जोरदार समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने इंजीनियरों और स्टार्टअप्स से कहा कि वे आस्तीन ऊपर चढ़ाएं और अपनी वास्तविक तकनीकी क्षमताओं के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करें। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट की सीरीज में, वेम्बू ने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा भारतीय स्टार्टअप की दिशा के बारे में हाल ही में की गई टिप्पणियों से छिड़ी बहस पर अपनी बात रखी है। वेम्बू ने केंद्रीय मंत्री की टिप्पणियों को भारत के इंजीनियरों और टेक्नोलॉजी जानकारों के लिए बेहतर समाधान बनाने की चुनौती बताया। वेम्बू ने लिखा, “मैं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के आह्वान को हमारे इंजीनियरों और टेक्नोलॉजी जानकारों के लिए एक चुनौती के रूप में देखता हूं, न कि उंगली उठाने के रूप में। हमें ऐसे स्मार्ट इंजीनियरों की जरूरत है, जो अपनी आस्तीन चढ़ाएं और काम पूरा करें। वेम्बू ने जोर देकर कहा कि इनोवेशन का समर्थन करने में सरकार की भूमिका है, लेकिन उसे रोबोट या ऑपरेटिंग सिस्टम जैसी एडवांस टेक्नोलॉजी का सीधे निर्माण या फंडिंग करने का प्रयास नहीं करना चाहिए। वेम्बू ने कहा, “सरकार बेहतर ऑपरेटिंग सिस्टम या स्मार्ट रोबोट का आविष्कार नहीं कर सकती।



- भारत के इंजीनियरों और टेक्नोलॉजी जानकारों के लिए बेहतर समाधान बनाने को चुनौती बताया।

## भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2025 में रिकॉर्ड 41,929 मालगाड़ी के डिब्बों का किया निर्माण

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2025 में अब तक का सर्वाधिक 41,929 वैगन (मालगाड़ी के डिब्बे) का निर्माण किया है, जो वित्त वर्ष 2024 में निर्मित 37,650 वैगन से अधिक है। रेल मंत्रालय ने कहा कि यह 2004-2014 के बीच निर्मित 13,262 वैगन के वार्षिक औसत में एक जबरदस्त उछाल है, जो विनिर्माण क्षमता और दक्षता में वृद्धि को दर्शाता है। पिछले तीन वर्षों में कुल वैगन उत्पादन 1,02,369 इकाई तक पहुंच गया, जिससे रेलवे की माल ढुलाई क्षमता में वृद्धि हुई। इस वृद्धि से माल ढुलाई की अड़चनें कम होने और रेल माल ढुलाई में वृद्धि होने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा, “ये आंकड़े सालाना वैगन उत्पादन में शानदार वृद्धि दर्शाते हैं, जो घरेलू विनिर्माण को बढ़ाने के साथ माल ढुलाई में सुधार करने के सरकार के दृष्टिकोण को भी उजागर करता है। इससे सुविधा बढ़ेगी और भारतीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही भारत आर्थिक रूप से सशक्त बनने के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ेगा। वैगन उत्पादन में इस उछाल का गहरा



- **ये आंकड़े सालाना वैगन उत्पादन में शानदार वृद्धि दर्शाते हैं, जो घरेलू विनिर्माण को बढ़ाने के साथ माल ढुलाई में सुधार करने के सरकार के दृष्टिकोण को भी उजागर करता है**

आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभाव होने की उम्मीद है।

अधिक वैगन उपलब्ध होने से परिवहन की अड़चनें काफी हद तक कम हो जाएंगी, जिससे कोयला, सीमेंट और स्टील जैसे थोक परिवहन पर निर्भर उद्योगों के लिए तेजी से माल ढुलाई और बेहतर दक्षता सुनिश्चित होगी। सड़क माल ढुलाई पर निर्भरता कम कर, यह बदलाव ईंधन की खपत और उत्सर्जन को भी कम करेगा, जो स्थिरता लक्ष्यों में योगदान देगा। इसके अतिरिक्त, सरकार के अनुसार, माल ढुलाई में बेहतर दक्षता परिवहन लागत को कम करने में मदद करेगी, जिससे मुद्रास्फीति के दबाव को कम कर व्यवसायों और उपभोक्ताओं को लाभ होगा।

इस बीच, भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2025 में 7,134 कोच बनाकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, जो वित्त वर्ष 2024 में 6,541 कोचों से 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है। पिछले वित्त वर्ष में गैर-एसी कोचों पर विशेष जोर दिया गया था, जिसमें 4,601 कोचों का उत्पादन किया गया था। रेल मंत्रालय के अनुसार, वार्षिक औसत कोच उत्पादन 2004-14 में 3,300 से बढ़कर 2014-24 में 5,481 हो गया है, पिछले दशक में कुल 54,809 कोचों का उत्पादन हुआ है। भारतीय रेलवे अपनी माल ढुलाई क्षमता का विस्तार जारी रखते हुए भारत के औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक लचीलेपन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## भारत में निवेश बढ़ाने पर विचार कर रहा दक्षिण कोरिया : राजदूत

**नई दिल्ली** । दक्षिण कोरिया आने वाले वर्षों में भारत में अपने निवेश और व्यावसायिक गतिविधियों को दोगुना करने या इससे भी ज्यादा बढ़ाने पर विचार कर रहा है। यह जानकारी नई दिल्ली में कोरियाई गणराज्य के राजदूत ली सेओंग-हो द्वारा शुक्रवार को दी गई। हरियाणा के मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप (एमईटी सिटी) में बॉडिटेक मेड के नए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के उद्घाटन के अवसर पर राजदूत ने भारत के विस्तारित औद्योगिक और स्वास्थ्य सेवा इकोसिस्टम में कोरियाई कंपनियों के बीच बढ़ती रुचि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, “मुझे कोरियाई कंपनियों द्वारा यहां अपने कारोबार का विस्तार करने की बढ़ती इच्छा के संकेत मिल रहे हैं। हमें उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में भारत में कोरियाई निवेश और व्यावसायिक गतिविधि दोगुनी या तिगुनी हो जाएगी। उन्होंने कहा, “भारत में कोरिया-भारत संबंध तेजी से बढ़ रहे हैं।



## भारतीय शेयर बाजार हुआ धड़ाम, सेंसेक्स 930 अंक गिरा

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबार सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 930 अंक या 1.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,364 और निफ्टी 345 अंक या 1.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,904 पर था। गिरावट का असर लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप पर अधिक दिखा। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,516 अंक या 2.91 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50,645 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 579 अंक या 3.57 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 15,675 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, एनर्जी, इन्फ्रा और कमोडिटी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। केवल फाइनेंशियल सर्विसेज और एफएमसीजी इंडेक्स ही हरे निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स और आईटीसी टॉप गेनर्स थे। टाटा स्टील , टाटा मोटर्स,



एलएंडटी, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, सन फार्मा और एचसीएल टेक टॉप लूजर्स थे। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के रिसर्च हेड, विनोद नायर ने कहा कि हाल ही में अमेरिका द्वारा अनुमान से अधिक टैरिफ लागू किए जाने का वैश्विक बाजारों पर काफी असर हुआ है और निवेशक इससे हुए नुकसान की स्थिति का आकलन कर रहे हैं। अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की संभावना ने अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है। इससे अमेरिकी बॉन्ड यील्ड और कच्चे तेल की कीमतों में कमी आई है, जो संभावित आर्थिक मंदी और मंदी के बढ़ते जोखिम को लेकर चिंताओं को दर्शाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ के बाद यूएस के बाजारों में गुरुवार को भारी बिकवाली हुई।